* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

13 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 114

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही










## मोरहाबादी में जुटीं 55 हजार सखी मंडल की महिलाएं

# विकास में महिलाओं का अहम योगदान है : चंपाई

- सीएम ने आजीविका के लिए 825 करोड़ की सहायता राशि बांटी
- जेएसएलपीएस का नया लोगो तथा पुस्तिका का विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं निर्भर नहीं, बल्कि हर मामले में आत्मनिर्भर और स्वतंत्र हैं। हमारे देश में महिलाओं के अनगिनत प्रेरक उदाहरण हम सभी के बीच मौजूद हैं। समाज सुधार, राजनीति, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, विज्ञान और अनुसंधान, व्यवसाय, खेलकूद और सैन्य बलों सहित कई क्षेत्रों में हमारी महिला बहनों और बेटियों ने अमूल्य योगदान दिया है। झारखंड की हमारी परिश्रमी बहनें और बेटियां राज्य की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ देश के आर्थिक विकास में अहम योगदान दे रही हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित 'सखी मंडल की महिलाओं का राज्यस्तरीय एक्स्पोजर एवं क्षमता संवर्धन शिविर-सह-महिला महासम्मेलन' कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने 55 हजार महिला सखी मंडलों के बीच 825 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आज इस मंच से यहां उपस्थित सभी महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों से अपील करना चाहता हूं कि आप अपनी प्रतिभा पहचानें और विश्वास के साथ आगे बढ़ें। हर कदम हर स्थिति में यह सरकार आपके साथ सदैव खड़ी रहेगी। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार जिस तरह आप दीदियों के साथ खड़ी थी, उसी तरह हम भी आपके हर दुःख और सुख में साथ रहेंगे। राज्य सरकार की ओर से किसी भी प्रकार से कोई कमी नहीं होने दी जायेगी, यह मैं आज आप सभी को विश्वास देने आया हूं।

**फूलों झानो आशीर्वाद योजना का लाभ मिला :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार वर्षों में फूलो झानो आशीर्वाद योजना भी एक महत्वपूर्ण योजना बन कर उभरी है। इस योजना के माध्यम से हड़िया-दारु के व्यवसाय से जुड़ी महिलाओं को सम्मानजनक रोजगार से जोड़ा जा रहा है। चिह्नित महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार के लिए 50 हजार रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है। राज्य में अब तक 33000 से ज्यादा महिलाओं ने इस योजना का लाभ उठाया और सम्मानजनक जीवन की शुरुआत की है। महिलाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धुरी हैं।

**अबुआ आवास योजना का लाभ देंगे :** चंपाई सोरेन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सोच को हम हर हाल में आगे बढ़ायेंगे। पीएम आवास योजना से वंचित हमारे गरीब जरूरतमंद परिवारों तक अबुआ आवास योजना का लाभ पहुंचायेंगे। अबुआ आवास योजना के लिए 30 लाख से ज्यादा आवेदन मिले हैं। हमारी सरकार 20 लाख पात्र परिवारों को अबुआ आवास देने का कार्य करेगी।

**शिक्षा व्यवस्था में हो रहा है परिवर्तन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार हो इस निमित्त कई कार्य किया जा रहे हैं। हमारी सरकार राज्य के कई सरकारी स्कूलों को स्कूल आफ एक्सीलेंस में परिवर्तित किया है। राज्य के आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग समुदाय के बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करें इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने स्तर से पुरजोर कोशिश की है। उन्होंने क्वालिटी एजुकेशन, मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, गुरु जी क्रेडिट कार्ड योजना आदि का जिक्र किया और इससे मिले लाभों के बारे में बताया।

**हेमंत के नेतृत्व में चली योजनाओं का सीधा लाभ मिला :** चंपाई सोरेन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में कई ऐसी योजनाएं संचालित हुई हैं, जिसका सीधा लाभ झारखंड वासियों को मिला है। वर्ष 2019 से पहले राज्य में किसान भाई बंधुओं की हालत ठीक नहीं थी। वर्ष 2019 से अब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हमारी सरकार ने 21 लाख किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराया। राज्य में कृषि ऋण माफी योजना का लाभ भी किसान बंधुओं को मिला। उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना, सर्वजन पेंशन योजना आदि का जिक्र किया। साथ ही कहा कि अब हमारी सरकार 100 यूनिट की जगह 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का काम करेगी।

**कार्यक्रम में थे मौजूद :** इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण एवं राज्यभर से पहुंचे महिला सखी मंडल की महिलाएं उपस्थित थीं।



### समाज को दिशा दे रहा एसएचजी ग्रुप

मुख्यमंत्री ने कहा कि घर-परिवार के साथ-साथ समाज और राज्य को सही दिशा देने में हमारे एसएचजी ग्रुप की बहन-बेटियां निरंतर बेहतर कार्य कर रही हैं। इस महिला महासम्मेलन में राज्य के लगभग 30 हजार सखी मंडल की महिलाएं भाग ले रही हैं। हमारा समाज महिलाओं के योगदान को महत्वपूर्ण स्थान देता है। महिलाओं के सम्मान और समाज में समानता के लिए यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण कदम है। सीएम ने कहा कि हमें यह समझने की जरूरत है कि महिलाएं हमारे समाज की आधारशिला होती हैं और उनके योगदान के बिना हमारा समाज अधूरा है। पिछले चार वर्षों में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लगातार सखी मंडल के माध्यम से राज्य में विकास से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उतरा जा रहा है। साथ ही महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य किये जा रहे हैं। वर्ष 2019 से लेकर अब तक करीब 1 लाख 40 हजार एसएचजी समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज के जरिए 8 हजार 247 करोड़ रुपये उपलब्ध कराये गये। वहीं वर्ष 2019 से पहले यह राशि महज 642 करोड़ रुपये थी। महिला स्वयं सहायता ग्रुप के माध्यम से राज्य में छोटे-बड़े ग्रामीण उद्यमिता को भी जम कर बढ़ावा देने का कार्य हमारी सरकार निरंतर करती रही है।

## पीएम ने एक लाख लोगों को नियुक्ति पत्र बांटे

# भारत सरकार में नियुक्ति प्रक्रिया अब पूर्ण रूप से पारदर्शी : मोदी

- नयी दिल्ली में रखी एकीकृत परिसर 'कर्मयोगी भवन' के प्रथम चरण की आधारशिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त एक लाख से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। उन्होंने नयी दिल्ली में एकीकृत परिसर 'कर्मयोगी भवन' के पहले चरण की आधारशिला भी रखी। यह परिसर मिशन कर्मयोगी के विभिन्न स्तंभों के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक लाख से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे जा रहे हैं। उन्होंने नवनियुक्तों और उनके परिवारों को बधाई दी। इस अवसर पर मोदी ने कहा कि भारत सरकार में युवाओं को नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने का अभियान पूर्ण गति के साथ जारी है। नौकरी अधिसूचना और नियुक्ति पत्र सौंपने के बीच लगने वाले लंबे समय के कारण बढ़ने वाली रिश्वतखोरी का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने निर्धारित समय के तहत भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने के साथ-साथ पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बना दिया है। उन्होंने कहा कि इससे प्रत्येक युवा को अपनी क्षमताएं प्रदर्शित करने के समान अवसर प्राप्त हुए हैं।

**युवाओं को राष्ट्र विकास में भागीदार बनाया जा रहा :** प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं को राष्ट्र के विकास में सहभागी बनाने का निरंतर रूप से प्रयास कर रही है। वर्तमान सरकार ने पिछले 10 वर्षों में पिछली सरकारों की तुलना में डेढ़ गुना अधिक युवाओं को रोजगार प्रदान किये हैं। उन्होंने 'कर्मयोगी भवन' की चर्चा करते हुए कहा कि यह क्षमता निर्माण की दिशा में सरकार की पहल को और मजबूत बनायेगा। प्रधानमंत्री ने सरकार के प्रयासों से नये क्षेत्रों के खुलने और युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों का सृजन होने की चर्चा के साथ-साथ प्रधानमंत्री ने बजट में एक करोड़ रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने की घोषणा का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस योजना से लाखों नये रोजगारों का सृजन होगा।



### रांची और हजारीबाग में लगा रोजगार मेला

झारखंड में दो जगहों रांची एवं हजारीबाग में रोजगार मेला के तहत नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ रांची में बतौर मुख्य अतिथि जनजातीय मामलों एवं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा शामिल हुए। यहां आयोजित कार्यक्रम में 182 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। वहीं हजारीबाग स्थित सीमा सुरक्षा बल, मेरू में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। यहां 117 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

# हेमंत फिर तीन दिन की इडी रिमांड पर

- कड़ी सुरक्षा के बीच इडी कोर्ट में किया गया पेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया गया। हेमंत सोरेन की सोमवार को इडी पांच दिनों की रिमांड अवधि खत्म हो रही थी। पेशी से पहले हेमंत की मेडिकल जांच करायी गयी। इडी ने कोर्ट से चार दिन रिमांड अवधि बढ़ाने का आग्रह किया। इडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद हेमंत को तीन दिन और रिमांड पर लेने की अनुमति दी। इसके बाद इडी की टीम हेमंत को अपने साथ लेकर क्षेत्रीय कार्यालय चली गयी। हेमंत की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पैरवी की। इडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल कुमार ने पक्ष रखा। बता दें कि इडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया था। वह 2 फरवरी से इडी की रिमांड पर हैं।

### हाइकोर्ट में हेमंत की याचिका पर अब 27 को सुनवाई



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट में सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से उनकी गिरफ्तारी और पुलिस रिमांड को चुनौती देनेवाली क्रिमिनल रिट याचिका की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने इडी को दो सप्ताह में हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल रिट पिटीशन एवं संशोधन पिटीशन पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले के अंतिम निष्पादन के लिए 27 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। हाइकोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने हेमंत सोरेन द्वारा गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देनेवाली हस्तक्षेप याचिका के माध्यम से दाखिल संशोधन पिटीशन को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया। हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल, महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने पक्ष रखा।

## न्यूज रील्स

### केजरीवाल और मान ने रामलला के दर्शन किये



अयोध्या। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को अयोध्या में रामलला के दर्शन करने पहुंचे। दोनों सीएम परिवार के साथ राम मंदिर पहुंचे थे। गौरतलब है कि केजरीवाल को 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया गया था, लेकिन अपने माता-पिता और परिवार के साथ जाना चाहते थे, इसलिए शामलि नहीं हुए थे।

### महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण ने कांग्रेस छोड़ी

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने सोमवार को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने विधायक पद भी छोड़ दिया है। अशोक चव्हाण ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को इस्तीफा सौंपा। इससे पहले मिलिंद देवड़ा ने 14 जनवरी तो बाबा सिद्दीकी ने 8 फरवरी को कांग्रेस छोड़ दी थी। अशोक चव्हाण के इस्तीफे के बाद महाराष्ट्र के एक अन्य कांग्रेस नेता अमरनाथ राजुकर ने भी इस्तीफा दे दिया। सूत्रों के मुताबिक अशोक चव्हाण 13 बड़े नेताओं के साथ भाजपा जॉइन कर सकते हैं।

### कतर ने आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों को रिहा किया

नयी दिल्ली। कतर ने आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों को रिहा कर दिया है। इनमें से सात सोमवार सुबह भारत लौट आये हैं। ये कतर में जासूसी के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहे थे। पहले इन्हें फांसी की सजा सुनायी गयी थी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार कतर में गिरफ्तार किये गये आठ भारतीयों की रिहाई का स्वागत करती है। यह भारत की कूटनीतिक जीत है-देखें पेज 2

## चंपाई सरकार की कैबिनेट में 25 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# जेट के माध्यम से विश्वविद्यालयों में नियुक्त होंगे असिस्टेंट प्रोफेसर

- पीएचडी में भी एडमिशन इसी के अंक के आधार पर होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट लेने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट रूल का गठन किया गया। इसी टेस्ट के स्कोर के जरिए विश्वविद्यालयों के पीएचडी कोर्स में भी एडमिशन लिया जायेगा। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इससे संबधित प्रस्ताव पर मंजूरी दे दी गयी। विभागीय सचिव वंदना डादेल ने बताया कि कैबिनेट में कुल 25 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। तकनीकी शिक्षा निदेशालय के द्वारा राज्य के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेज में शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति भी होगी। इसके लिए झारखंड तकनीकी सेवा नियमावली 2023 को स्वीकृति प्रदान की गयी है। (पेज 3 भी देखें)

### झारखंड विधानसभा में 27 को पेश होगा बजट

रांची। झारखंड के विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी को से शुरू होगा। यह 2 मार्च तक चलेगा। इस दौरान सात दिन बैठक होगी। चंपाई सरकार 2024-25 के लिए सदन में 27 फरवरी को बजट पेश करेगी। बजट सत्र के कार्यक्रम की सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी।

# नीतीश सरकार फ्लोर टेस्ट में पास, विपक्ष का वॉकआउट

- सत्ता पक्ष की मांग पर वोटिंग, समर्थन में 129 वोट
- जदयू के तीन विधायकों ने पलटी मारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा में सोमवार को नीतीश सरकार ने फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। वोटिंग से पहले ही विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया था। सत्ता पक्ष की मांग पर वोटिंग करवायी गयी। इसमें समर्थन में 129 वोट पड़े। विपक्ष में एक भी वोट नहीं पड़ा। इससे पहले विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन में मुख्यमंत्री जैसे ही बोलने के खड़े हुए तो राजद विधायक हंगामा करने लगे। नीतीश कुमार ने गुस्से में कहा कि लोग मुझे सुनना नहीं चाहते तो वोटिंग करवाइये। नीतीश ने तेजस्वी के माता-पिता का जंगलराज याद दिलाया। विपक्ष की ओर से राजद के तेजस्वी यादव ने अपनी बात रखी। उनके भाषण के दौरान तेजस्वी जिंदाबाद के नारे लगे। इससे पहले अविश्वास प्रस्ताव पास कर स्पीकर अवध बिहारी चौधरी को हटा दिया गया। स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 125 और विपक्ष में 112 वोट पड़े। नंद किशोर यादव भाजपा के स्पीकर पद के उम्मीदवार होंगे। मंगलवार को 10.30 बजे वह नामांकन करेंगे। उनका स्पीकर बनना तय माना जा रहा है।



### पुरानी जगह पर आ गया हूं: नीतीश

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हम सबको एकजुट कर रहे थे, उसमें कुछ हुआ। हमको पता चला कि कांग्रेस पार्टी भी डर रही है और इनके पिताजी (राजद के तेजस्वी की ओर इशारा करते हुए) भी उनके साथ थे। तब हम पुरानी जगह पर आ गये। अब सब दिन के लिए आ गये हैं। किसी का नुकसान नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि 2005 से जब काम करने का मौका मिला तब से ये 18वां साल है। मुझे तो आश्चर्य होता है, ये लोग सुनना नहीं चाहते हैं। मैंने 15 साल में कितना काम किया है। बिहार का कितना विकास किया। मुझसे पहले इनके पिता और माता (तेजस्वी की ओर इशारा करते हुए) 15 साल शासन में थे, तो बिहार का क्या हाल था। शाम को कोई घर से नहीं निकलता था।







सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |



# बिहार में हुए 'राजनीतिक खेला' के गहरे हैं मायने

## ■ तेजस्वी यादव के तीन विधायकों ने ही कर दिया दल के साथ खेला

## ■ इस जीत के साथ 2024 के चुनावी रण की तैयारी में आगे निकल गया एनडीए

**दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ानेवाले बिहार में सोमवार 12 फरवरी को बड़ा 'राजनीतिक खेला' हुआ। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली 15 दिन पुरानी एनडीए सरकार ने विधानसभा में हुए शक्ति परीक्षण में न केवल जीत हासिल की, बल्कि राजद के नेतृत्व वाले विपक्षी महागठबंधन में सेंध लगाते हुए राजद के तीन विधायकों को अपने खेमे में मिला लिया। बिहार का यह शक्ति परीक्षण या फ्लोर टेस्ट राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील माना जा रहा था, क्योंकि इस पर एनडीए के साथ विपक्षी इंडी अलायंस का भविष्य भी निर्भर था। तमाम दावों और प्रतिदावों के बीच एनडीए ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में तेजस्वी यादव की रणनीति को अपनी 'सोशल इंजीनियरिंग' की मदद से ध्वस्त कर दिया। एनडीए ने राजद के जिन तीन विधायकों को अपने पाले में किया है, उनमें से एक-एक राजपूत, भूमिहार और यादव जाति से आते हैं। इस तरह जातीय समीकरण के हिसाब से भी एनडीए ने बड़ा संकेत दिया है। बिहार के फ्लोर टेस्ट में कामयाबी हासिल करने के बाद स्वाभाविक रूप से एनडीए का आत्मविश्वास बहुत बढ़ा है और 2024 के चुनावी मुकाबले की तैयारी में इसने विपक्षी गठबंधन से भारी बढ़त बना ली है। लेकिन इसके साथ ही यह भी गौर करनेवाली बात है कि नीतीश कुमार ने बिहार में जो चाल चली है, उसके असली परिणाम अभी निकलने बाकी हैं। अभी और खेला होनेवाला है। क्या है बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम का मतलब और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही **विशेष**


राकेश सिंह

बिहार में पिछले दो सप्ताह से जारी दावों-प्रतिदावों और राजनीतिक गतिविधियों पर विराम लग गया है। दो सप्ताह पुरानी नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने विधानसभा में हुए शक्ति परीक्षण में कामयाबी हासिल कर ली है और इसके साथ ही राज्य में राजनीतिक स्थिरता का नया दौर भी शुरू हो गया है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ानेवाले बिहार में 12 फरवरी को जो कुछ हुआ, वह अप्रत्याशित नहीं था, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम जरूर होंगे। शक्ति परीक्षण के दौरान नीतीश कुमार ने 'राजनीतिक खेला' को अंजाम दिया और राजद के तीन विधायकों को अपने खेमे में कर लिया। इसके साथ ही उन्होंने विरोधी खेमे की सबसे बड़ी पार्टी राजद में भी बड़ी सेंध लगा दी। स्पीकर अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ आये अविश्वास प्रस्ताव से पहले ही राजद के तीन विधायक, नीलम देवी, चेतन आनंद और प्रह्लाद यादव सत्ता पक्ष की सीटों पर बैठ गये। यही नहीं, स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग हुई, तो उन्होंने सरकार की तरफ से मतदान भी किया। इस तरह नीतीश कुमार ने विपक्षी खेमे में बड़ी सेंध मार दी। अहम बात यह है कि ये तीनों ही विधायक अपनी-अपनी जातियों पर अच्छा-खासा प्रभाव रखते हैं। इस तरह नीतीश कुमार ने अपनी 'सोशल इंजीनियरिंग' से तेजस्वी यादव की रणनीति को मात दे दी।

### राजपूत, भूमिहार और यादव जाति के हैं तीनों विधायक

जातीय राजनीति के लिहाज से संवेदनशील राज्य बिहार में चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव का टूट जाना लालू प्रसाद यादव के लिए बड़ा झटका है। मोकामा सीट की विधायक नीलम देवी भूमिहार बिरादरी में बड़ा असर रखनेवाले नेता अनंत सिंह की पत्नी हैं। उनका टूट जाना राज्य में भूमिहार वोटों के लिए लिहाज से एक संदेश है। यही नहीं, चेतन आनंद का टूटना भी उतनी ही चिंता की बात है, जो राजपूत बिरादरी से आते हैं। उनके पिता आनंद मोहन का राजपूत लॉबी में बड़ा असर रहा है। चेतन आनंद ने पाला बदल के बीच सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी लिखा, जिससे साफ है कि उनके इरादे कहां तक हैं। इसके अलावा राजद सांसद मनोज झा की ओर से राज्यसभा में पढ़ी गयी 'ठाकुर का कुआं' कविता को लेकर भी उन्होंने फिर निशाना साधा। उन्होंने फेसबुक पर लिखा, 'ठाकुर के कुएं में पानी बहुत है। सबको पिलाना है।' इस तरह उन्होंने साफ कर दिया कि वह बिहार में राजद को पानी पिलानेवाले हैं। राजपूतों का एक वर्ग एक अरसे से बिहार में राजद को वोट करता रहा है। वहीं बड़ा हिस्सा भाजपा के साथ जाता है। अब चेतन आनंद के इस रुख ने राजद की राजपूत लॉबी पर पकड़ कमजोर करने का संकेत दिया है।



### राजद के संस्थापक सदस्य रहे हैं प्रह्लाद

अब बात प्रह्लाद यादव की। राजद के संस्थापक सदस्य रहे प्रह्लाद यादव तीन बार विधायक रहे हैं। लखीसराय के जिलाध्यक्ष भी हैं। उन्होंने जब राजद से अलग लाइन ली, तो यह चौंकानेवाला था। यादव वोटों को लालू प्रसाद यादव की पार्टी अपना बेस वोट मानती रही है। ऐसे में प्रह्लाद यादव का टूटना एक बड़ा संदेश है। वह भी ऐसे समय में, जब भाजपा ने मोहन यादव को मध्यप्रदेश का सीएम बनाया है और उन्हें एक संदेश देने के लिए बिहार में आमंत्रित भी किया गया था।

### टूट गया तेजस्वी यादव का 'तिलिस्म'

बिहार में शक्ति परीक्षण के दौरान हुए घटनाक्रमों से साफ है कि तेजस्वी यादव का 'तिलिस्म' बिखर गया है, हालांकि सीएम नीतीश कुमार को काफी दम लगाना पड़ा, जबकि भाजपा की रणनीति कारगर हुई। जदयू के दो विधायक भी रविवार तक गायब थे, लेकिन शक्ति परीक्षण के दौरान उन्हें प्रशासनिक तंत्र की मदद से ढूंढ़ कर लाया गया। शक्ति परीक्षण के दौरान विधानसभा में जो कुछ हुआ, उससे साफ हो गया कि जिस मैजिक नंबर के सहारे तेजस्वी यादव खेला करना चाहते थे, उसके करीब भी नहीं पहुंच पाये, हालांकि उन्होंने मनोवैज्ञानिक दबाव बना कर एनडीए रणनीतिकारों की भी धड़कन तो तेज कर ही दी।

### नीतीश की चाल के असल परिणाम अब दिखेंगे

अब बात नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की। बिहार में अब तक बहुमत की सरकार बनाने से दूर रही भाजपा एनडीए की सबसे बड़ी घटक है। उसने नीतीश कुमार को एक बार फिर अपने साथ लेकर जो खतरा उठाया है, उसका परिणाम चाहे जब दिखे, लेकिन नीतीश कुमार ने जो चाल चली है, उसके परिणाम इस शक्ति परीक्षण के बाद दिखने लगे हैं। एनडीए सरकार को बिहार के हित में बताया जा रहा है। इससे भाजपा खुद को बेहतर स्थिति में पा रही है। राष्ट्रीय जनता दल खुद को ठगा महसूस कर रहा है, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में दो चीजें कम से कम फौरी तौर पर साफ हुई हैं। इस शक्ति परीक्षण से नीतीश ने साफ कर दिया है कि बिहार की राजनीति में उनका कद अब भी सबसे बड़ा है। भले ही लालू यादव नेपथ्य से अपने उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव का मार्ग निर्देशन कर रहे हैं, लेकिन बिहार की जनता को नीतीश कुमार का 'सुशासन मॉडल' ही पसंद है।

बिहार में बदले राजनीतिक समीकरण का असर आगामी लोकसभा चुनाव में भी दिखेगा, इसका फायदा एनडीए गठबंधन को मिलना तय माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि अभी देश में दो लहर चल रही है, मोदी लहर और राम लहर। इसका असर चुनावों पर दिखेगा। बिहार में लोकसभा की 40 सीटें हैं और आज के घटनाक्रम ने इन सीटों पर भाजपा-जदयू का दावा अधिक मजबूत बना दिया है।

# खुलेआम बिक रही प्रिंट से ज्यादा रेट पर शराब

## प्रिंट रेट से 20 से 40 रुपये अधिक ले रहे कारोबारी और दलाल

**शिकायत पर कार्रवाई नहीं होती और मामले को दबा दिया जाता है**

**सरकारी शराब दुकानों में भी नकली शराब खपायी जा रही है**






**आजाद सिपाही संवाददाता**


**धनबाद।** जिले में खुलेआम प्रिंट रेट से अधिक पर शराब बिक रही है। कारोबारी एवं दलाल मालामाल हो रहे हैं। ग्राहकों को हर एक बोतल पर 20 से 50 रुपये अधिक देने पड़ रहे हैं। सरकार के दावों की पोल खुली रही है, जहां एक और सरकार दावा कर रही है कि प्रिंट रेट से अधिक दामों पर ग्राहकों को शराब नहीं दी जायेगी। जिसके लिए कई उपाय किये गये हैं, शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर भी अवलेबल कराया गया है। लेकिन उन सब दावों की खुलेआम धज्जियां उड़ायी जा रही हैं। शहर में हर दुकान पर प्रिंट रेट से अधिक पैसे ग्राहकों से वसूले जा रहे हैं और उत्पाद विभाग शांत रहकर तमाशा देख रहा है। लोगों की मानें तो विभाग एवं शराब कारोबारी की मिली भगत से यह सारा खेल चल रहा है। शिकायत पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती और मामले को दबा दिया जाता है। लोग सम्मान के डर से खुलकर इसके विरोध में शिकायत नहीं कर पाते। जिसका फायदा शराब कारोबारी आसानी से उठा लेते हैं। हाल ही के एक घटना धनसार पोस्ट ऑफिस के पास सामने आयी है, जिसमें सरकारी शराब दुकान से एक युवक प्रिंट रेट से 20 रुपये अधिक लेने विरोध किया तो दुकानदारों द्वारा अभद्र व्यवहार एवं मारपीट तक कर दी गयी। युवक शर्म से वहां से पुलिस आने से पहले निकल गया और शिकायत तक नहीं हुई। अगर कोई हिम्मत कर शिकायत भी करता है तो उसके आवेदन को डस्टबिन में डालकर विभाग आराम से सो जाता है। जिसका प्रमाण 2022 के एक आवेदन से आपको मिल जायेगा। जिसमें एक युवक द्वारा लिखित आवेदन उत्पाद विभाग को दिया गया जिसमें युवक ने फोन पे और कार्ड से शराब की खरीदारी कर पेमेंट किया था। जिसमें साफ जाहिर था कि, उसने कई बार 20 से लेकर 40 रुपये तक अधिक दिये दिये थे। पर कार्रवाई तो दूर उस आवेदन का क्या हुआ है, इसका अता-पता भी विभाग को नहीं है। इस लूट की छूट में एक तरफ जहां लोगों से प्रिंट रेट से अधिक पैसे लिये जा रहे हैं। वहीं लोगों को नकली शराब भी परोसी जा रही है। सरकारी शराब दुकानों में भी नकली शराब खपायी जा रही है। जिसका खुलासा हाल ही में हुई छापामारी में हुआ है। जिसमें गोल बिल्डिग और मनईटांड़ के सरकारी शराब दुकान में नकली शराब की 25 बोतल एवं बोतल को खोलकर शराब में पानी मिलाते दो सेल्समैनों को रंगे हाथ पकड़ा गया था। जिसमें उत्पाद विभाग की ओर से दोनों सेल्समैनों पर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया और साथ ही उन दुकानों में काम करने वाले सारे स्टाफ को हटाया गया था। शहर में कुल 140 सरकारी शराब की दुकानें हैं। इन दुकानों में संचालन हेतु आउटसोर्सिंग के स्टाफ को रखा गया है जिसका जिम्मा प्राइवेट कंपनियों को दिया गया है। जिससे संचालन सुचारु रूप से चल सके। लेकिन दलालों एवं शराब माफिया की मिली भगत से सरकारी शराब दुकानों में नकली शराब की खेप मिलाकर उसे खपाया जा रहा है। जब भी कोई गंभीर मामला आता है तो उसे स्टाफ पर कार्रवाई कर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। जबकि इस पर संलिप्त शराब माफिया मोटी कमाई कर आसानी से निकल जाते हैं, और चंद पैसों की लालच में आकर मासूम पर कार्रवाई कर विभाग अपनी पीठ थपथपाकर शाबाशी लूट लेता है। यह नकली शराब कहां बनाया जा रहा है, कैसे इसको सरकारी दुकानों तक पहुंचाया जाता है, इसमें कौन-कौन से लोग शामिल हैं। इससे विभाग को कोई लेना देना नहीं है। विभाग की ओर से हर साल एक टारगेट भी फिक्स किया गया है। जिसे प्राइवेट कंपनियों को पूरा करना रहता है, टारगेट पूरा नहीं होने पर कंपनियों का काम से हाथ धोना भी पड़ता है। अगले साल 2022-23 में विभाग में 259.95 करोड रुपये का लक्ष्य दिया गया था। जिसे कंपनी को पूरा करना रहता है, पूरा नहीं करने के एवज में ए टू जेड कंपनी को काम से हाथ धोना पड़ा था। इस वर्ष मार्शल नामक कंपनी को 419.61 करोड़ के टारगेट के साथ काम दिया गया है। जिसमें विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार दिसंबर माह तक कंपनियों लक्ष्य से काफी दूर नजर आ रहे हैं। अगर यही हाल रहा तो आने वाले समय में इस कंपनी का भी पिछले कंपनी जैसा हाल हो सकता है और नकली शराब कारोबारी आराम से अपनी रोटी सेकते रहेंगे।

## कतर की जेल में बंद पूर्व नौसेना कर्मियों की वतन वापसी

# दुनिया ने देखी भारत की कूटनीतिक जीत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना के पूर्व कर्मियों की कतर जेल से रिहाई के बाद स्वदेश वापसी हो चुकी है। ये भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत है। इससे पहले मोदी सरकार के कूटनीतिक प्रयासों से पूर्व नौ सैनिकों की मृत्यु दंड की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया गया था और अब वे रिहा होकर सुरक्षित भारत लौट आये हैं। कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कमांडर सुगुनाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता, कमांडर अमित नागपाल और नाविक रागेश को अगस्त 2022 में गिरफ्तार किया गया था और तभी से वे कतर की जेल में थे।



26 अक्टूबर 2023 को कतर की अदालत ने सभी आठ भारतीयों को मृत्युदंड की सजा सुनायी। बताते चलें कि सीओपी 28 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अलथानी से मुलाकात करते हुए इस मुद्दे पर चर्चा की। इसके बाद दिसंबर में मृत्युदंड की सजा को कम कर दिया गया था।

नौसेना के इन वरिष्ठ कर्मियों ने स्वदेश वापसी के लिए अपनी रिहाई सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और सरकार को धन्यवाद दिया है। इनमें से एक ने कहा कि हम बहुत खुश हैं कि हम सुरक्षित रूप से भारत वापस आ गये हैं। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देना चाहेंगे, क्योंकि यह केवल उनके व्यक्तिगत हस्तक्षेप के कारण ही संभव हो सका है। यह पहला मौका नहीं है, जब संकट के समय में भारत अपने नागरिकों को विदेशी धरती से सुरक्षित स्वदेश वापस लेकर आया है। भारत ने सदैव अपने प्रत्येक नागरिक के जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने भारतीय नागरिकों को असंभव परिस्थितियों से बचाने और स्वदेश लाने के लिए भारत के सभी संभावित राजनयिक और सैन्य कौशल का उपयोग करते हुए त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की है। विश्व के कई महत्वपूर्ण नेताओं के साथ प्रधानमंत्री के व्यक्तिगत संबंधों और भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय छवि ने संघर्ष क्षेत्रों से हजारों भारतीयों की सुरक्षित स्वदेश वापसी में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

# गिरिडीह पुलिस की एक और बड़ी कामयाबी
# गिरफ्तार किये नौ साइबर अपराधी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** पुलिस ने प्रतिबिंब पोर्टल की मदद से नौ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 25 मोबाइल फोन, 28 सिम कार्ड, 23 एटीएम समेत कई अन्य सामान भी बरामद किये हैं। एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि अबतक कुल 194 साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जबकि 14 लाख 37 हजार 310 नगद बरामद किये जा चुके हैं।



**गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने की कार्रवाई :** जानकारी के अनुसार, एसपी दीपक शर्मा को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के अलग-अलग थाना के क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी फर्जी सिम कार्ड का प्रयोग करके आम लोगों से ठगी कर रहे हैं। जिसके बाद पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए चंदन कुमार, मोती कुमार, शैलेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, राजू मंडल, विकास कुमार, मो. सिराज, सिकंदर कुमार और दीपक कुमार शामिल हैं।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 27.0 °c | 14.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.42 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.23 बजे |



# 2024 में प्रधानमंत्री के लक्ष्य 400 पार को पूरा करेगी जनता: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भाजपा प्रदेश कार्यालय में लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला संपन्न**

**25 फरवरी से 5 मार्च तक तक चलेगा लाभार्थी संपर्क अभियान**

**तीसरी बार मोदी सरकार के लिए जनता संकल्पित: बाबूराम निषाद**

**रांची।** रांची। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को पार्टी द्वारा 25 फरवरी से 5 मार्च तक चलाये जाने वाले लाभार्थी संपर्क अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला संपन्न हुई। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लाभार्थी संपर्क अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को पूरा कराने का अभियान है। श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों तक देश की जनता के लिए अपना पल-पल समर्पित किया है। एक घंटे की भी छुट्टी नहीं ली। गांव, गरीब , किसान मजदूर, महिला आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। शायद ही कोई घर परिवार होगा जो मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित नहीं हुआ होगा। उन्होंने कहा कि चाहे उज्ज्वला योजना हो, प्रधानमंत्री आवास हो, आयुष्मान कार्ड हो, 5 किलो अनाज हो, मुद्रा योजना हो, शौचालय निर्माण हो, कोरोना का टीकाकरण हो, पेंशन योजना हो सभी ने बढ़ते भारत, बदलते भारत को महसूस किया है। उन्होंने कहा कि आज जनता के बीच में विपक्षी पार्टियां भ्रम फैलाने में जुटी हैं। मोदी सरकार के कार्यों को अपना कार्य बताकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही। उन्होंने कहा कि हम लाभार्थियों के बीच जायें, उनका समर्थन भी प्राप्त करें और उनके भ्रम को भी दूर करें। उन्होंने कहा कि जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान अबकी बार 400 पार को पूरा करने के लिए संकल्पित है। जनता के आशीर्वाद




से तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी। अभियान के प्रदेश प्रभारी एवं सांसद बाबूराम निषाद ने कहा कि मोदी सरकार ने संपूर्णता में कार्य किये हैं। सबका साथ, सबका विकास संकल्प के साथ आम जन को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा गया साथ ही देश का सांस्कृतिक गौरव भी पुनर्स्थापित हुआ है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ने करोड़ों जनमानस को आनंदित किया है। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाकर हम सब झारखंड के 14 लोकसभा सीट पर जीत को सुनिश्चित करायेंगे। साथ ही प्रदेश में एक मजबूत भाजपा सरकार बनाने के संकल्प को भी पूरा करेंगे।

कार्यशाला में विषय प्रवेश अभियान के प्रदेश संयोजक एवं पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कराया। संचालन सह संयोजक सत्यनारायण सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन सह संयोजक शोभा यादव ने किया। मंचस्थ पदाधिकारियों का स्वागत सह संयोजक डॉ लुइस मरांडी, आरती कुजूर, बारी मुर्मू, विनय चौबे और केके गुप्ता ने किया। कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित सभी लोकसभा क्षेत्र के अभियान संयोजक,सह संयोजक, क्लस्टर प्रभारी शामिल हुए।

## जनता और कार्यकर्ता के बीच सेतु बनेगा लाभार्थी संपर्क अभियान: कर्मवीर सिंह

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि यह लाभार्थी संपर्क अभियान जनता और कार्यकर्ता के बीच सेतु बनाने का अभियान है। हमें अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि कोई घर नहीं छूटे। कार्यकर्ता को जिनसे संपर्क की जिम्मेवारी है उसे पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अभियान में हम संपर्क भी बढ़ायें, और समर्थन भी बढ़ायें। जनता का मिजाज बदला हुआ है। भाजपा 2024 के लोकसभा मतदान में पिछले सभी रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए मत प्रतिशत को बड़े पैमाने पर बढ़ायेगी।

## देश में चल रही मोदी है तो मुमकिन है की लहर : अमर कुमार बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में मोदी है तो मुमकिन है की लहर चल रही है। यह लहर सर्व स्पर्शी, सर्वव्यापी, सर्व समावेशी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी, दलित, पिछड़े, सामान्य, महिला, युवा, किसान, मजदूर सभी वर्गों ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को नजदीक से महसूस किया है। मोदी सरकार अपने संकल्पों के अनुरूप सबके विकास की चिंता की है। मोदी सरकार ने बिना भेदभाव के जरूरतमंदों तक योजनाओं को पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि आज देश का सामर्थ्य प्रकट हुआ है। आज विश्व समुदाय मोदी पर भरोसा करता है। उन्होंने कहा कि कतर से छुड़ाये गये 7 सैनिकों में से 6 का सकुशल भारत लौटना मोदी सरकार के प्रभावों को प्रकट करता है। उन्होंने कहा कि लाभार्थी संपर्क अभियान में हम जनता के बीच इन बातों को लेकर जायें।

# हेमंत सोरेन को अमानवीय तरीके से तहखाने में रखा जा रहा है : सुप्रियो

## झामुमो ने लगाया इडी पर आरोप, 15 फरवरी से पंचायत स्तर पर विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अमानवीय तरीके से तहखाने में रखने का आरोप इडी पर लगाया है। सोमवार को झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जहां हेमंत सोरेन को रखा गया है, वहां हवा और रोशनी नहीं आती। यह अमानवीयता है। पहली बार ऐसा हुआ होगा कि लगातार 13 दिनों का रिमांड दिया गया है। इससे बेहतर होता कि एक बार 14 दिनों का रिमांड इडी मांग लेती। इडी अब मीडिया ट्रायल करा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता के खिलाफ बड़ी साजिश की गयी। 15 फरवरी से पंचायत स्तर पर इसका विरोध आरंभ होगा। यह तब तक चलेगा, जब तक हेमंत सोरेन के विरुद्ध साजिश की असलियत सामने नहीं आ जाती। इनका काम है कि राजनीतिक विरोधियों को तंग करो। हेमंत सोरेन ने अपने काम से जो लंबी लकीर खींची है, उसे ये मिटा नहीं सकेंगे। यही वजह है कि वे कुचक्र रच रहे हैं। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी रफ्तार पकड़ी है।



## बिहार में नीतीश सरकार का बहुमत साबित करना लोकतंत्र का काला अध्याय

सुप्रियो ने कहा कि हम बिहार के लोग नहीं हैं। विरोधियों के सारे मंसूबे को परास्त करेंगे। मंत्रिमंडल विस्तार में झामुमो कोटे से संभावित नाम पर उन्होंने कहा कि इस पर विमर्श हुआ है। हेमंत सोरेन ने भी सलाह दी है। मंत्रिमंडल का नाम तय करना मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। सुप्रियो ने बिहार में नीतीश सरकार के बहुमत साबित करने को लोकतंत्र का काला अध्याय बताया। कहा कि पहली बार ऐसा हुआ कि सदन के संरक्षक ने गरिमा धूमिल की। नीतीश कुमार को लेकर आइएनडीआइए में पहले से ही जानकारी थी। यही कारण रहा कि उन्हें संयोजक नहीं बनाया गया।

# किसानों को कृषि ऋण पर अब चार फीसदी की छूट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कैबिनेट की बैठक में कृषि विभाग के एक प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गयी। प्रस्ताव के मुताबिक अब किसानों को कृषि ऋण के ब्याज पर तीन की जगह चार फीसदी की छूट दी जायेगी। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कुल 25 करोड़ की स्वीकृति दी गयी है। इसका लाभ लेने के लिए सरकार ने शर्त भी रखी है। वैसे किसान जो कृषि लेकर उसे एक वर्ष के भीतर लौटायेंगे, उन्हें ही इस योजना का लाभ मिल सकेगा।

**छात्राओं की तकनीकी शिक्षा में सरकार करेगी मदद:**

कैबिनेट की बैठक में राज्य की छात्राएं तकनीकी शिक्षा लेने से वंचित नहीं रहें, इसलिए उन्हें छात्रवृत्ति दी जायेगी। कैबिनेट ने इससे संबंधित प्रस्ताव पर भी मंजूरी दे दी। राज्य की छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना लागू करने की स्वीकृति दी गयी है। इसके अतिरिक्त कोल्हान विश्वविद्यालय, चाइबासा के अंतर्गत जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में संचालित लॉ फैकल्टी को जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज के रूप में अंगीभूत करने की स्वीकृत दी गयी। इसके अलावा गढ़वा, कोडरमा जिला में विभिन्न सड़कों के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए राशि की स्वीकृति दी गयी।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन सरकार के 11 कैबिनेट मंत्री के आवास के लिए 114.47 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति।
- बिजली आच्छादन योजना अन्तर्गत शेष बचे हुए कार्यों को पूरा करने के लिए मार्च, 2024 तक योजना के अवधि विस्तार की मंजूरी।
- कर्त्तव्य के दौरान नक्सली/उग्रवादी घटनाओं में मारे गये इंडिया रिजर्व बटालियन के जवानों/कर्मियों के शेष कर्त्तव्य अवधि के वेतन के समतुल्य राशि उनके आश्रितों को भुगतान करने की स्वीकृति ।




आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 13 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in
04

## आंगनबाड़ी केंद्र और घर से हुई चोरी



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम मुसोवा के लक्ष्मी देवी पति जागेश्वर दास और आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 89 में रात्रि चोरी और दो अन्य घरों में ताला तोड़ने की घटना हुई है। जानकारी प्राप्त होने पर जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव ने गांव पहुंचकर जायजा लिया। लक्ष्मी देवी ने बताया कि कुछ काम करने के लिए बंधन बैंक से चालीस हजार रुपये लोन लिया था, उसके साथ चांदी का जेवर, कपड़ा, बर्तन वगैरह बगल कमरे में चोर ताला तोड़कर ले गये। इसकी सूचना थाना प्रभारी जयनगर को दी गयी। आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका सुनीता कुमारी ने बताया कि चोर दो ताला तोड़कर मध्यान भोजन के चावल-दाल वगैरह तोड़ कर ले गये और बक्सा में रखा हुआ रजिस्टर वगैरह इधर-उधर फेंक दिये। सुबह केंद्र खोलने के लिए पहुंचने पर जानकारी प्राप्त हुई है। जिप सदस्य केदारनाथ यादव ने थाना प्रभारी से मिलकर इस तरह की घटनाओं की गहनता से जांच करते हुए गश्ती दल बढ़ाने की मांग की। मौके पर समाजसेवी सुरेंद्र चौधरी, दुलारचंद दास, चंद्रदेव दास, वीरेंद्र यादव, चंदन पासवान, बबीता देवी, उषा देवी, सीताराम दास सहित कई लोग मौजूद थे।

## डीएवी स्कूल में मनाया गया स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्मदिन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** 12 फरवरी को डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया में आर्य समाज के संस्थापक, महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती जी का जन्मदिन मनाया गया। महर्षि दयानंद जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में डीएवी की वैदिक परंपरानुसार सभी शिक्षक शिक्षिकाएं हवन कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इस अवसर पर बच्चों ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किये। पांचवीं कक्षा की शाम्भवी ने अंग्रेजी में और खुशी तिवारी ने हिंदी में स्वामी जी के विचारों, महत्वपूर्ण योगदानों और उनकी उपलब्धियों को साझा किया। चौथी कक्षा की अनुष्का गुप्ता ने हिंदी में सुंदर कविता प्रस्तुत कर महर्षि की यादों को जीवन्त किया। कक्षा पांचवी की अनन्या ने स्वामी जी के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी पूछा। दूसरी कक्षा की श्रेया विश्वकर्मा, उज्ज्वल भारती और इंद्रजीत ने सुंदर स्लोगन लिखा। वहीं पर 2 बी के अधर्व मोदी स्वामी जी की वेशभूषा में थे। प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने अपने संदेश में कहा कि स्वामी जी केवल समाज सुधारक ही नहीं बल्कि युगद्रष्टा थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुपरवाइजरी हेड मौसुमी मल्लिक, अमिता सिन्हा, कुमार सतीश सिंह और सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के लोकाई चौक के समीप सोमवार की दोपहर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी। इस घटना में 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक नावाडीह निवासी मजहर अंसारी (18 वर्ष, पिता समसुद्दीन) को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे युवक राजा अंसारी (17 वर्ष, पिता शोएब, अंसारी ग्राम जानपुर) निवासी की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार दोनों युवक देहाती इंदरवा स्कूल में मैट्रिक की परीक्षा देकर बाइक से कोडरमा की तरफ आ रहे थे। लोकाई चौक के समीप बड़े वाहन की चपेट में आ जाने से बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके बाद आनन फानन में दोनों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां मजहर को मृत घोषित कर दिया गया। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## केरेडारी के सलगा में कांग्रेस कमेटी का गठन




**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सलगा पंचायत में कांग्रेस पार्टी की कोर कमेटी का गठन सोमवार को इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज मौजूदगी में किया गया। सलगा पहुंचने पर विधायक मनरेगा प्रभारी अर्जुन साव ने अंकित राज का स्वागत किया। इस दौरान सलगा पंचायत के आजसू पंचायत सचिव रूपलाल साव और आजसु के सक्रिय कार्यकर्ता शनिचर गंझू ने आजसु पार्टी छोड़कर कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। अंकित राज और कांग्रेस कार्यकताओं ने उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान चिंतामण साव को पंचायत अध्यक्ष, जितेंद्र यादव उपाध्यक्ष, छकन भोक्ता कोषाध्यक्ष, इंद्रजीत कुमार मीडिया प्रभारी, रूपलाल साव पंचायत संरक्षक, संगठन मंत्री नागेंद्र गंझू, उपसचिव शनिचर गंझू को चुना गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फुलमाला और कांग्रेस का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित पंचायत अध्यक्ष चिंतामण साव ने कहा कि पंचायत अध्यक्ष के पद पर पूरी ईमानदारी से कार्य करते हुए संगठन को लेकर विकास कार्य को धरातल पर उतारने का कार्य करेंगे और विधायक अंबा प्रसाद के सहयोग से पंचायत का समुचित विकास किया जायेगा। मनरेगा प्रभारी अर्जुन साव ने कहा कि संगठन को जिम्मेदारी मिलने से जमीनी स्तर पर सटीक कार्य हो रहे हैं। मौके पर पूर्व विधायक प्रत्याशी द्रौपदी देवी, मनरेगा प्रभारी अर्जुन साव, धीरेंद्र साव, कराली पंचायत अध्यक्ष उमेश साव, खिरोधर साव, रूपेश साव, छेदी महतो, संदीप कुमार साव, दिनेश कुमार, खेलावन कुमार साव, तिलक चंद भोक्ता, विनोद कुमार भोक्ता, संजय कुमार, जगदीश कुमार, विकास भोक्ता, आशीष पांडे, हीरामन राणा समेत कई लोग मौजूद थे।

## पदमा में दो वारदात को दिया गया अंजाम

**पदमा (आजाद सिपाही)।** पदमा में बदमाशों ने ठंड का फायदा लेते हुए दो अलग अलग जगहों पर बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। दोनों मामला थाना क्षेत्र के रोमिबंगला और चंपाड़ीह का है जहां बदमाशों ने चंपाड़ीह निवासी विक्रांत कुमार मेहता पिता कृष्णा मेहता की स्कॉर्पियों जेएच 02 एई 8377 की चोरी कर ली, तो दूसरी तरफ रोमिबंगला स्थित बैंक ऑफ इंडिया का एटीएम मशीन ही उखाड़ कर ले गये दोनों मामला रविवार रात्रि की है। एटीएम मशीन में थे लगभग 20लाख 95 हजार रुपये। पदमा थाना क्षेत्र के रोमी बंग्ला में सड़क किनारे एक बैंक ऑफ इंडिया की एटीएम लगा हुआ था। जिसमे लगभग 20 लाख 95 हजार रुपये थे। स्थानीय लोगो ने बताया कि हर रोज की तरह आज भी कुछ लोग सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। अचानक नजर एटीएम पर पड़ी, एटीएम मशीन वहां नही था। जिसके बाद लोगो ने इसकी जानकारी बैंक मैनेजर और पदमा पुलिस को दी, जिसके बाद पदमा पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। ठीक उसी तरह की घटना चंपाडीह निवासी विक्रांत मेहता ने सुबह अपनी स्कॉर्पियों गाड़ी गायब देखी।

# 100 किलो गांजा जब्त, दो धराये

**वाहन पर चार प्लास्टिक के बोरा में एक-एक किग्रा का 100 पैकेट था लोड**




आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने चौपारण थाना क्षेत्र के चोरदाहा से झारखंड से बिहार की ओर जा रही गांजा लदे पिकअप वाहन को पीछा कर पकड़ा गया है। पकड़ाये पिकअप वाहन पर लोड चार प्लास्टिक के बोरा में एक-एक किग्रा का 25-25 पैकेट कुल मिलाकर 100 पैकेट में 100 किग्रा गांजा लदा था। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया की गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था कि बरही की तरफ से एक पिकअप वाहन सं०-ओडी 14 ए सी1868 पर भारी मात्रा में अवैध रुप से गांजा लोड कर तस्करी करने के लिये चौपारण होते हुए बिहार ले जाया जा रहा है। बरही एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया, जिसमें थाना प्रभारी चौपारण, सअनि मनोज कुमार सिंह, सअनि सचिदानंद राय और चौपारण थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। छापामारी दल द्वारा सियरकोनी में बरही की ओर से आने वाली प्रत्येक वाहनों का चेकिंग करना प्रारंभ किया। चेकिंग के दौरान पिकअप वाहन आते हुए दिखाई दिया जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पिकअप वाहन को रोकने का ईशारा किया गया परंतु उक्त वाहन के चालक द्वारा गाड़ी को तेजी से भगाने लगा जिसे चोरदाहा चेक पोस्ट पर पीछा करते हुए पकड़ा गया। पकड़ाये पिकअप पर लोड चार प्लास्टिक के बोरा में गांजा पाया गया। सभी बोरा को खोलने पर प्रत्येक बोरा में एक-एक किग्रा का 25-25 पैकेट कुल मिलाकर 100 पैकेट में 100 किग्रा गांजा पाया गया, जिसे जब्त किया गया और गाड़ी पर सवार चालक सहित दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं- 46/24 अंकित कर अभियुक्त जनेश्वर पासवान पिता स्व कन्हाई पासवान ग्राम पन्चमा थाना गुरुआ जिला- गया (बिहार), रवि कुमार पिता स्व बबन ओझा ग्राम ईस्माइलपुर थाना- मेंहदिया जिला- अरवल (बिहार) को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### जब्त सामान

पिकअप वाहन, चार प्लास्टिक के बोरा में कुल 100 किग्रा गांजा, स्मार्ट फोन-02 शामिल हैं।

# कोडरमा में सरस्वती पूजा 14 को, इलाके में कलाकार मूर्ति को अंतिम रूप देने में जुटे

**विद्यालय में प्रतिमा बैठाने के लिए टेंट एवं सांस्कृतिक गतिविधियां के लिए बच्चे तैयारी में जुटे**



संजीव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** 14 फरवरी को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा को लेकर स्कूल कॉलेजो में तैयारी शुरू हो गयी है। वहीं बाजार में विभिन्न तरह के साज सज्जा के लिए मनिहारी दुकानों में छात्र-छात्राएं और स्कूल प्रबंधक जुट गया है। विद्यालय में प्रतिमा बैठाने के लिए टेंट और सांस्कृतिक गतिविधियां के लिए बच्चे तैयारी में जुटे हैं। इधर कला वाले हाथ प्रतिमा का अंतिम रूप दे रहे हैं। झुमरीतिलैया के ब्लॉक रोड में मूर्तिकार राजेश कुमार ने बताया कि महंगाई बढ़ने के साथ ही मूर्ति निर्माण के सामानों के दाम में उछाल आया है। बताया कि विगत वर्ष के तुलना में इस बार मां सरस्वती के प्रतिमा के निर्माण में लगने वाले सामाग्रियों के 20 से 30 प्रतिशत बढ़ गयी है। इससे देवी प्रतिमाओं के निर्माण में जुटे कारीगर को तमाम तरह के आर्थिक दुश्वारियां उठानी पड़ रही है। इसके बावजूद प्रतिमा निर्माण में 10 प्रतिशत की ही बढ़ोतरी की गई है। प्रतिमा निर्माण में विशेष किस्म का बांस का प्रयोग किया जाता है। यह बांस पहले 120 रुपये में एक पेड़ी मिलता था जो बढ़कर 200 रुपये हो गया है। अभी तक मिट्टी पहुंचाने में टेंपू से 500 रुपये लगता था जो 800 रुपये खर्च करना पड़ रहा है। सूतलीवाल का दाम भी विगत वर्ष की तुलना बढ़े है। इसके साथ ही मूर्तियों की रंगाई में इस्तेमाल होने वाले पेंट के साथ सजने में इस्तेमाल होने वाले साजो समान व कपड़ों के दाम में भी काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि 150 मूर्ति का निर्माण कर रहे है जो 1000 से 2500 रुपये तक की है। अड्डी बंगला में अंजता मूर्ति का निर्माण का ऑर्डर 4000 रुपये में दिया गया है।

# बीएसएफ मेरू कैंप में अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** बीएसएफ मेरू कैंप में झारखंड और बिहार राज्य के विभिन्न केंद्रीय संगठनों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस अभियान के तहत देश के सभी राज्यों से चुनें गये नये कर्मियों को केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत विभिन्न संगठनों जैसे केन्द्रीय सुरक्षा बल, बैंक, रेलवे, डाक विभाग, चिक्त्सिा विभाग आदि में विभिन्न पदों पर नियुक्ति की गयी और रोजगार के अवसर प्रदान कर राष्ट्र को सबल बनाने का कार्य बखूबी किया गया है। इसी कड़ी में सोमवार को सीमा सुरक्षा बल, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय मेरू कैंप में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें के एस बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, डेनियल अधिकारी, महानिरीक्षक, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र मेरू हजारीबाग, राजेश कुमार, उप महानिरीक्षक, राकेश रंजन लाल, उप महानिरीक्षक और डीके प्रमाणिक, उप महानिरीक्षक द्वारा मुख्य अतिथी केंद्रीय शिक्षा राज्य मन्त्री अन्नपूर्णा देवी जा स्वागत किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत चयनित युवाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विडियो कांफ्रेसिंग के जरिय संबोधित कर की, जिसमें उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को कहा कि उन्हे राष्ट्र सेवा का यह सुअवसर प्राप्त हुआ है, आप अपने कार्य को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करे और अपने राष्ट्र को गौरवान्वित करें। महोदय ने कहा कि नवनियुक्त कर्मियों को कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिलेगा। मुख्य अतिथी अन्नपूर्णा देवी द्वारा झारखंड और बिहार राज्य के केन्द्रीय सुरक्षा बलों (35), डाक विभाग (17), (एआईआईएमएस) (34), रेलवे (28) और ईपीएफओ (03) में चयनित कुल 117 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। इस मौके पर सदर विधायक मनीष जयसवाल, आशुतोष कुमार सिंघा, अनूप सिन्हा, अभिषेक भारद्वाज, साकेत बिहारी, चक्रपानी सिद्धार्थ और चयनित अभ्यर्थी और उनके माता पिता उपस्थित रहे।

# ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ का धरना शुरू

**जो ढिबरा की बात करेगा, वही आगे राज करेगा: कृष्णा**





आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** ढिबरा को लेकर वाहनों की धर पकड़, प्रशासन की सख़्ती और सरकार के ढुलमुल रवैया के खिलाफ ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने सोमवार से कोडरमा समाहरणालय के समक्ष अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया। धरनास्थल पर हुए सभा की अध्यक्षता कृष्णा सिंह घटवार, जबकि संचालन रीतलाल सिंह, प्रकाश साव ने किया। धरना को ढिबरा स्क्रैप संघ के राजकिशोर सिंह, महेंद्र सिंह, मुखिया सीता देवी, उमा देवी, नारायण सिंह, सोनिया देवी, दिनेश यादव, दुर्गा सिंह ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि लाखों ढिबरा मजदूरों के पेट पर जिला प्रशासन और अधिकारी लात मार रहे हैं। ढिबरा मजदूरों पर सीसीए लगाया गया है। यह पूर्णतः तानाशाही निर्णय है और कोडरमा के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ है। कृष्णा सिंह ने सांसद अन्नपूर्णा देवी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि पिछले दो दशक से सत्ता एक ही व्यक्ति के पास है। ढिबरा मजदूरों का वोट लेकर विधायक से सांसद बन गये। दल और दिल बदला लेकिन ढिबरा के लिए कभी नहीं लड़ा। जनता सब समझती है, जो ढिबरा की बात करेगा, वही कोडरमा में आगे राज करेगा। मौके पर संजय कुमार, सरस कुमार बबलू, मो कलीम अंसारी, शिवनारायण राम, विकास कुमार, प्रमोद मोदी, पूनम देवी, नरेश सोरेन, मो फिरोज, रौशन सिंह, शमां प्रवीण, सागर प्रेम, रहीशा प्रवीण, विश्वनाथ राय, महादेव सिंह, शिवशंकर राय, अनिता देवी, बालदेव मुर्मू, अजित वर्णवाल, सुनीता बिरहोरिनी, रामकिशुन यादव, अर्जुन सिंह, रवि कुमार सिंह, महेंद्र सिंह, सूरज कुमार, कलीम अंसारी, सिकंदर यादव, रोहित कुमार, रामस्वरूप सिंह, सुरेश कुमार यादव, रामकिशुन यादव, सोहन यादव, मनोज यादव, विश्वनाथ मोदी समेत हजारो लोग मौजूद थे। कोडरमा के जंगली क्षेत्र में रहने वाले ढिबरा मजदूर विभिन्न वाहनों से धरना में शामिल होने समाहरणालय पहुंचे। कोडरमा के गझण्डी, जरगा, बेंदी, सपही, ढोढाकोला, जानपुर, इंदरवा, बंगाखलार, मेघातरी, ताराघाटी, सलैया, बसरौन, करमा, पुरनानगर, नगरखारा, फुलवरिया, नावाडीह के लोगों ने धरना में भाग लिया।

### ढिबरा के नाम पर होता है अवैध उत्खनन

कोडरमा जिले में ढिबरा, ब्लू स्टोन और क्रशर- इन्हीं तीन के नाम पर व्यवसाय भी होता है तो राजनीति भी खूब होती है। अभी तीनों की स्थिति बदहाल है, अवैध के नाम पर ब्लू स्टोन का कारोबार बंद करा दिया गया तो वहीं प्रदूषण मानकों के कारण क्रशर का धंधा भी बंदी के कगार पर है। ढिबरा चुनने पर प्रतिबंध तो नहीं है पर उसे ढोने वाले वाहनों के धर पकड़ के कारण अब लोग इसे चुनने से परहेज करने लगे हैं। पर इसके साथ जो सबसे बड़ी बात सामने आती है वह है ढिबरा के नाम पर अवैध उत्खनन। हाल में कई ऐसे मामले सामने आये जब देखा गया कि वन विभाग के संरक्षण में जंगली इलाकों में ढिबरा के नाम पर जेसीबी के जरिये माईका का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। इसमें कई बड़े माफिया भी शामिल हैं जो ढिबरा चुनने को वैधानिक रूप देना भी नहीं चाहते, हांलाकि इस तरह के आंदोलन और धरना प्रदर्शन को फंडिंग जरूर करते हैं।

## सरस्वती पूजा को लेकर हुई बैठक



**इचाक (आजाद सिपाही)।** सरस्वती पूजा को लेकर सोमवार को इचाक थाने में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह थाना प्रभारी प्रशांत कुमार ने किया। इस दौरान कुमार ने पूरे प्रखंड में सरस्वती पूजा को शांति और सौहार्द वातावरण में मनाने का अपील की। उन्होंने सरकार के द्वारा दिये गये निर्देशों का ध्यान रखते हुए सरस्वती पूजा मनाने को कहा। आयोजक कमिटी के अध्यक्ष और सचिव समेत पांच व्यक्तियों और डीजे साउंड मालिकों का नाम और मोबाइल नंबर दो दिनों के अंदर इचाक थाना में जमा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अश्लील गाना को ना बजायें, सोसलसाइट पर आपतिजनक और भड़काऊ पोस्ट ना करें, ताकि दूसरे समुदाय के लोगों की भावना को किसी प्रकार का ठेस न पहुंचे। नियमों का उल्लंघन करने पर उनके विरूद्ध कानून कार्रवाई करने का हिदायत दिया। डीजे मालिकों को शपथ पत्र जमा करने का निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ संतोष कुमार, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि महेश साव, मुखिया उमेश मेहता, पंसस विक्की धवन, रेणु देवी, महेंद्र पांडेय, मुकेश मेहता, मुरली मेहता, समाजसेवी महेंद्र दास, सिकंदर अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## एनटीपीसी की सिलाई और टेलरिंग प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह विभिन्न सामुदायिक विकास गतिविधियों के तहत आसपास के क्षेत्र में निरंतर सकारात्मक बदलाव लेने के लिए अनेक गतिविधियां चल रहा है। अपने इसी प्रयास को आगे बढ़ते हुए पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने, उन्हें कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से आत्मनिर्भर और वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनाने के लिए सिलाई और टेलरिंग प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया है। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन पंकज ध्यानी, जीएम (एलए/आर एंड आर) द्वारा किया गया, समारोह की शोभा एस.के. सेनापति, डीजीएम (सीएसआर/आर एंड आर), और कमला राम रजक, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) ने बढ़ाई। अपने संबोधन के दौरान, जीएम (एलए एंड आर एंड आर) ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा प्रस्तुत अवसर को स्वीकार कर नये कौशल सिख कर अपने जीवन को बेहतर बनाने की बात कही।

## सड़क समस्या को लेकर मुखिया से मिले ग्रामीण

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो से जरगा तक की सड़क मरम्मती की मांग को लेकर दारू प्रखंड अंतर्गत जरगा गांव के कई लोग सोमवार को टाटीझरिया के झरपो पंचायत मुखिया सह बीससुत्री अध्यक्ष शिबु प्रसाद सोनी से सड़क समस्या को लेकर मुलाकात किये। जरगा के लोगों ने मुखिया से कहां की झरपो के रसीद मियां घर से जरगा नदी तक का सड़क बिल्कुल जर्जर स्थिति में है। इस सड़क का रास्ता झरपो पंचायत में पड़ता है वही झरपो का बोर्डर भी खत्म हो जाता है। इस सड़क पर विशेष दारू प्रखंड अंतर्गत पुनाई पंचायत के जरगा गांव से ग्रामीणों का आवागमन होता है जो की झरपो से बिल्कुल सटा हुआ है। इसी समस्या को लेकर जरगा निवासी श्रवण कुमार ने कहा की जरगा गांव जाने में एक ही मुख्य सड़क है। जो काफी जर्जर स्थिति में है पैदल चलना भी दूभर है। बच्चों को विद्यालय आने जाने में काफी परेशानी होती है। यह क्षेत्र झरपो पंचायत में पड़ता है, बरसात में और समस्या हो जाती है लोगों ने मुखिया से अपील किया की इस सडक की जल्द ही मरम्मती कार्य कर दिया जाये। सोनी ने कहा की आप सभी मेरे पास सड़क की समस्या लेकर आये है पंचायत स्तर से जहां तक होगा हर संभव बरसात के पहले इस सड़क पर मेरी प्राथमिकता रहेगी।

## सांसद जयंत सिन्हा ने प्री रिक्रूटमेंट सीएपीएफ अकादमी का किया उद्घाटन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** लोकसभा के सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा ने गांधी मैदान के दक्षिण गीता गर्ल्स हॉस्टल के नजदीक प्री रिक्रूटमेंट सीएपीएफ अकादमी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अकादमी के अनुभवी संचालक बीएसएफ से रिटायर डिप्टी कमांडेंट एचके पाठक और एच के पाठक की धर्मपत्नी ने पुष्प कुछ देकर बड़े ही उत्साह पूर्वक सांसद जयंत सिन्हा का स्वागत किया। इस अवसर पर अकादमी के संचालक एच के पाठक ने विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए सांसद महोदय को इसकी जानकारी दिया की इस अकादमी में PST, PET रिटन और मेडिकल फिटनेस की तैयारी करवायी जायेगी। सांसद जयंत सिन्हा ने अकादमी में उपस्थित बच्चों को अपनी जीवनी के बारे में बताया। पाठक ने घोषणा किया की जिस परिवार में लोग मजदूरी कर अपना गुजारा करते हैं उनके बच्चों को पूरी शिक्षा मुफ्त में दिया जायेगा। इस अवसर पर हजारीबाग सदर विधानसभा के विधायक मनीष जायसवाल, हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, संसद के निजी सचिव आशीष सिंह, सांसद जयंत सिन्हा के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा सहित शहर के दर्जनों गण्यमान्य लोग उपस्थित हुए।

## 15वें वित्त की विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करगालो पंचायत में 15वें वित्त योजना के तहत विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ मुखिया मोतीलाल महतो ने किया। जिसमें करगालो के ज्ञानगढ़ा स्थित जोरिया नाला में स्नानघाट निर्माण, गंगा साव के घर से तालो साव के घर तक नाली निर्माण, पंचायत भवन में चाहरदीवारी निर्माण और लोटवाबान्ध आंगनबाड़ी केंद्र में चाहरदीवारी निर्माण कार्य शामिल है। इस अवसर पर मुखिया मोतीलाल महतो ने कहा कि पंचायत के हर जरूरी के निर्माण कार्य कराये जा रहे है, जिसे आगे भी जारी रखा जायेगा। पंचायत का सर्वांगीण विकास ही हमारा लक्ष्य है। मौके पर पंचायत सचिव दीपक दास, पंचायत समिति सदस्य युगल कुमार महतो, तुलसी महतो, रामचन्द्र यादव, दुर्गा साव, इंद्रनाथ सिंह, हीरालाल महतो, कैलाश महतो, खीरो महतो, चन्द्रिका महतो, बासुदेव महतो, खूबलाल महतो, पुहुपलाल ठाकुर, बुलाकी सिंह सावन कुमार आदि उपस्थित थे।

## देशव्यापी हड़ताल की सफलता को लेकर बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** 16 फरवरी की देश व्यापी हड़ताल की सफलता को लेकर भुरकुंडा हाथीढारी खदान के समीप सोमवार को बरका-सयाल क्षेत्रीय संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा पीट मीटिंग का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता अशोक गुप्ता और संचालन संजय वर्मा ने किया। पीट मीटिंग को संबोधित करते हुए बरका-सयाल संयुक्त मोर्चा के संयोजक विंध्याचल बेदिया ने कहा की आगामी 16 फरवरी 2024 को होने वाले देश व्यापी हड़ताल को सफल बनाकर कोयला उद्योग को निजीकरण से बचाना है। उन्होंने कहा की यह हड़ताल कई मायनों में ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा की 16 फरवरी को बरका-सयाल महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष विशाल जनसभा किया जायेगा। सभा को लखेंद्र राय, विकास कुमार, नरेश मंडल, संजय मिश्रा, रामनरेश सिंह, दशरथ सिंह, पप्पू सिंह, असिम धर, विकास सिन्हा, संजय शर्मा, अर्जुन सिंह, नौषाद, बासुदेव साव, रामाकांत दुबे, आजाद भुंइया, उदय मालाकार आदि ने भी संबोधित किया। पीट मीटिंग में दर्जनों लोग मौजूद थें।

## पत्रकार के निधन पर शोक सभा



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला जनसंपर्क विभाग कार्यालय परिसर में जिले के पत्रकारों द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मुख्यालय के अलावा अनेक प्रखंडों से पत्रकारों ने लातेहार के पत्रकार अजय कुमार सिन्हा के निधन पर दु:ख व्यक्त करते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर पत्रकारों द्वारा उनकी दर्दनाक मौत की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की और उनके आश्रितों को उचित मुआवजा और बच्चों की नि:शुल्क शिक्षा और सरकारी लाभ देने की भी मांग की गयी। अनेक प्रिन्ट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ब्यूरो, संवाददाता, फोटोग्राफर, उपस्थित थे।

## मानव जन कल्याण ट्रस्ट ने कन्यादान के लिए दी सामग्री



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** हॉस्पिटल रोड स्थित एसके कैफे में सोमवार को मानव जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा दो बेटियों के विवाह में आवश्यक जरूरत की सामान दान कर शुभकामनाएं दी गयी। कैफे संचालक शैलेंद्र कुमार यादव ने बताया कि गरीब की बेटी को सहायतार्थ लगभग पचास हजार रुपये का सामान संस्था द्वारा सहयोग किया जाता है। इस दौरान बलुरी गांव निवासी अर्जुन प्रजापति और विनोद प्रजापति की बेटी के शादी में मानव जनकल्याण संस्था द्वारा दीवान पलंग, आलमारी, कलर टीवी, कुकर, मिक्सी मशीन, 51 सेट बर्तन, चार कुर्सी, गद्दा, वाशिंग मशीन इत्यादि वितरण किया गया।

## हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर कलश यात्रा



**चतरा (आजाद सिपाही)।** शहर के नगवां मुहल्ला में तीन दिवसीय हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी। 551 महिलाओं ने कलश लेकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए हेरू नदी पहुंची, जहां आचार्य बिनोद मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल्दी भरवाया। उसके बाद महिलाओं द्वारा कलश को महावीर मंदिर यज्ञ स्थल लाया गया। जहां पुजारियों ने कलश को यज्ञ मंडप में प्रतिस्थापित किया गया। यज्ञ 13 फरवरी से प्रारंभ होकर 15 फरवरी को भंडारे के साथ समापन किया जायेगा। इस दौरान यज्ञ मंडप की फेरी लगायी जायेगी और पूजा अर्चना किया जायेगा और रात्रि में प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

## मुखिया और उसके पति के खिलाफ उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड के मांडू चट्टी पंचायत के निवासियों ने सोमवार को छत्तरमांडू स्थित समाहरणालय पहुंच कर पंचायत के मुखिया व मुखिया के पति के खिलाफ एक संयुक्त हस्ताक्षर युक्त आवेदन उपायुक्त को सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि पंचायत की मुखिया अनिता देवी और उनके पति बालेश्वर भुइयां उर्फ छोटेलाल भुइयां और रोजगार सेवा अनिल महतो विभिन्न योजनाओं की राशि लाभुकों को नहीं देकर राशि की निकाशी स्वयं कर लिया है। वर्ष 2021 में तत्कालीन मुखिया फूलमति देवी के कार्यकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास का आवंटन हुआ था। लेकिन हमलोगों के आवास के मनरेगा राशि का भुगतान अभी तक नहीं हुआ। योजना भी बंद कर दी गयी। आरोप लगाया गया है कि जब वे राशि के लिए पंचायत कार्यालय जाते थे तो वर्तमान मुखिया अनिता देवी और उनके पति कहते थे कि जब तक मनरेगा की आधी राशि उन्हें नहीं दी जायेगी तब तक राशि नहीं प्रदान की जायेगी। जब हमलोग प्रखंड कार्यालय गये तो पता चला की हमलोगों के नाम पर राशि की निकासी कर योजना बंद कर दी गयी। लिखा है कि वे अभी तक टूटे फूटे घरों में रहने को विवश हैं। जबकि हमारे नाम पर राशि की निकासी कर ली गयी है। साथ ही मुखिया अनिता देवी सिर्फ नाम की मुखिया है, जबकि सारे काम उनके पति करते हैं। मुखिया पति बालेश्वर भुइयां उर्फ छोटेलाल भुइयां रोजगार सेवक अनिल महतो से मिल कर सभी सरकारी योजनाओं में लूट मचाये हुये हैं। साथ ही इनलोगों की ओर से मनरेगा में मजदूरों से कार्य न करा मशीन से कार्य कराया जाता है। आवेदन में बड़ी संख्या में महिला पुरुष के हस्ताक्षर हैं। इस मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की गयी है। आवेदन की प्रतिलिपि मनरेगा आयुक्त रांची को भी प्रेषित की गयी है।

### वनभूमि अतिक्रमण मामले में कार्रवाई की ओर सबकी निगाहें

# अतिक्रमणकारियों के कब्जे में है वन विभाग की 400 एकड़ जमीन

**बीरू कुमार**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के रउता वन क्षेत्र में जमीन की फर्जी जमाबंदी के मामले में आदेश सुनाना बिल्ली के गले में घंटी बांधने जैसा था। लेकिन डीसी चंदन कुमार ने इसे एक चुनौती के रूप में लिया। उन्होंने फैसला सुनाने से पहले दस्तावेजों की पूरी छानबीन की। यहां तक की जिन लोगों का उस जमीन पर दावा था, उन्हें बाकायदा नोटिस देकर बुलाया गया। पूरी कानूनी प्रक्रिया अपनायी गयी, ताकि कोई भी उनके फैसले पर उंगली ना उठा सके। जब 4-एच की कार्रवाई पर सुनवाई हो रही थी, उस वक्त एक-एक दस्तावेज की सच्चाई खंगाली गयी। किस तरीके से वन क्षेत्र की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार किये गये और उन दस्तावेजों पर



मोहर लगाते चले गये। वर्ष 2004 के बाद के सैकड़ों दस्तावेज जमीन के दावेदारों ने पेश किये। लेकिन वे सारे दस्तावेज फर्जी साबित हुए। 4-एच की कार्रवाई की पहली सुनवाई मांडू अंचल में हुई थी। उस वक्त भी अंचल अधिकारी ने जमीन के दावेदारों से उनका जवाब मांगा था। उस वक्त भी जमाबंदी करने वाले लोगों ने अपने सारे दांव पेंच आजमा लिए। लेकिन फर्जी दस्तावेज तैयार करना उन लोगों को अब महंगा पड़ गया है।

### रैयतों पर भी गिर सकती है गाज

डीएफओ नीतीश कुमार ने बताया कि रउता वन क्षेत्र में सिर्फ प्लांट मालिकों ने ही अपनी जमाबंदी नहीं कार्रवाई थी। उनके साथ-साथ ऐसे कई रैयत हैं जिनका जमाबंदी वहां मौजूद हैं। उन सब के खिलाफ भी मामला दर्ज है। उनके खिलाफ भी जल्द ही आदेश पारित हो जायेगा। रउता मौजा के खाता संख्या 29 के कुल 86 प्लॉट कुल रकबा 807.24 एकड़ भूमि खतियान में गैर मजूरवा खास दर्ज है। जिसमें 45 प्लॉटों रकबा 758.59 एकड़ किस्म जंगल झाड़ी दर्ज है। उक्त 45 प्लाटों में से 26 प्लॉट जिसका कुल रकबा 575.78 एकड़ है, वह वन विभाग के द्वारा अधिसूचित और सीमांकित वन है।

### रामगढ़ जिले का बड़ा भूभाग वन क्षेत्र

डीएफओ नीतीश कुमार ने बताया कि रामगढ़ जिले में 500 किलोमीटर स्क्वायर मीटर का बड़ा भूभाग वन क्षेत्र है। इनमें से 400 एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों के कब्जे में है। जंगल की उस जमीन को मुक्त करने के लिए 900 से अधिक मामले अब तक दर्ज किया जा चुके हैं। हालांकि इनमें से अधिकांश अस्थाई रूप से ही अतिक्रमित किये गये हैं। स्थाई रूप से 40 एकड़ जमीन पर ही अतिक्रमण किया गया है। रउता वन क्षेत्र हो या कुज्जू वन क्षेत्र, स्थाई रूप से कब्जा करने वाले व्यवसायिक वर्ग ही है।

## बरलंगा मंडल में सांसद का गांव चलो अभियान

**ग्रामीणों की समस्याओं से हुए अवगत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** सांसद जयंत सिन्हा का गांव चलो अभियान के तहत बरलांगा मंडल में सोमवार को प्रवास हुआ। जिसके तहत उनके आगमन पर रजरप्पा चौक और डीवीसी चौक गोला में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। बरलंगा मंडल प्रवेश करने पर हारूबेडा, डिमरा, बरलांगा, चोकर बेड़ा आदि क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम



हुए। जिसमें शिक्षक, बुद्धिजीवी, विद्यार्थियों, नये मतदाता, जनसंघ कालीन पुराने भाजपा कार्यकर्ता, बूथ समिति, पन्ना प्रमुख, महिला समूह, युवा किसान और व्यवसायी विभिन्न एनजीओ आंगनवाड़ी स्कूल इत्यादि क्षेत्र में भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ जनसंपर्क कर जन संवाद किये और रात्रि विश्राम चोकरबेड़ा में जन चौपाल लगाकर किया गया। इस दौरान सांसद के साथ में लोकसभा सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, नारायण चंद्र भौमिक, विजय ओझा, बबलू साव, अशोक कुमार, सुमन सिंह, मनोज महतो, त्रिलोचन प्रजापति, मुखिया कांति देवी, प्रभास प्रकाश, महेंद्र प्रसाद, खिरोधर तिवारी, नंदकिशोर महतो, एहसान उल हक, राजू गुप्ता, प्रफुल्ल उपाध्याय, बद्री साव, मंसू बेदिया, करमचंद करमाली, सुभाष रजवार, अमरलाल बेदिया आदि शामिल थे।

## लोस चुनाव को लेकर वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार ने मतदाता जागरूकता कोषांग को रचनात्मक तरीके से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में सोमवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत छत्तरमांडू स्थित बार काउंसिल और आइडीबीआइ सहित विभिन्न बैंकों में वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक का आयोजन किया गया। वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक के दौरान बार काउंसिल के अधिवक्ताओं तथा विभिन्न बैंकों के अधिकारियों द्वारा सभी अधिवक्ताओं बैंक, अधिकारियों व कर्मियों से आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने की अपील की गयी। साथ ही प्रतिदिन बड़ी संख्या में विभिन्न कार्यों से व्यवहार न्यायालय, बैंक आदि में आने वाले लोगों को भी आगामी लोकसभा में निर्वाचन के दौरान मताधिकार के प्रति जागरूक करने को लेकर कार्यालय में मतदाता जागरूकता संबंधित नोडल कर्मी नामित करते हुए कार्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता डेस्क स्थापित करने सहित अन्य आवश्यक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ भंडारा के साथ संपन्न



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मांडू।** मांडू प्रखंड के पुंडी गांव में आयोजित तीन दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन सोमवार को भव्य भंडारा के साथ हुआ। इससे पूर्व यज्ञाचार्य ने यजमानों को विधिवत पूजा अर्चना कराया। साथ ही प्रतिमाओं में महाप्रसाद का भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं के बीच भंडारा का प्रसाद वितरण किया गया। महायज्ञ में तीन दिनों तक प्रवचनकर्ताओं ने प्रवचन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। महायज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष बालचंद महतो, उपाध्यक्ष पटेश्वर महतो, सचिव रोहित कुमार महतो, सह सचिव अजीत कुमार महतो, मनीष कुमार महतो, कोषाध्यक्ष गोविंद अगरिया, उप कोषाध्यक्ष अजय कुमार महतो, चमटू महतो, मेवालाल महतो, मनु महतो, लालचंद महतो, सागर कुमार महतो, संजय कुमार महतो, भीम कुमार महतो, भागीरथ महतो, सेवालाल महतो, कमल देव महतो, पटेलचंद महतो, अनिल महतो, रूपलाल महतो, कामदेव महतो, अघन महतो, सिद्धेश्वर महतो, डालचंद महतो, चेतलाल महतो, दिनेश महतो, दिलीप महतो, फूलचंद महतो, राजू कुमार, पवन कुमार, राजकुमार महतो, कृष्णा कुमार, नंदलाल महतो, मनीष कुमार महतो, खुशी लाल महतो, फूलचंद महतो, मनोज महतो, गोविंद अगरिया, संतोष भुइयां आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## स्वदेशी मेले का सांसद जयंत सिन्हा ने किया उद्घाटन

**मेले में बनाये गये 150 स्टॉल, रोजाना होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के छावनी फुटबॉल मैदान में स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा स्वदेशी मेले का आयोजन किया गया है। इसका उद्घाटन सोमवार को सांसद जयंत सिन्हा ने किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि रामगढ़ एक औद्योगिक क्षेत्र है। यहां के लोगों को स्वदेशी उद्योग को बढ़ावा देना चाहिए। उद्घाटन समारोह के आरंभ में सांसद जयंत सिन्हा ने दत्तोपंत ठेंगरी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि स्वदेशी मेले से छोटे व्यापारियों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैं आधुनिक युग का व्यक्ति हूं और मैं चाहता हूं कि जो हमारे लघु उद्योग



हैं, जो हमारे बेहतरीन कारीगर हैं उनके काम को वैश्विक पटल पर पहचान जरूर मिले। रामगढ़ के लोग मेले में आये और स्थानीय-स्वदेशी गुणवत्तापूर्ण चीजों का अवलोकन करें। जयंत सिन्हा ने कहा कि रामगढ़ में लघु उद्योग तो हैं ही, लेकिन बड़े-बड़े उद्योग भी आ रहे हैं। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक पंचम चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला 12 फरवरी से 23 फरवरी तक संध्या 2 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहेगा। वहीं, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मेले के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता पंचम चौधरी और संचालन विकास झा ने किया।

**ये थे उपस्थित:** समारोह में सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, राजू चतुर्वेदी, रविंद्र शर्मा, हिमांशु, जोगिंदर सिंह जग्गी, उमेश प्रसाद, स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक पंचम चौधरी, मेला संरक्षक प्रो.आलोक सिंह, सह संयोजक मिथलेश मंडल, नेपाल महतो, संजय प्रभाकर, पिंकी कुमारी, प्रहलाद साव, राजेश ठाकुर, गौतम महतो, विक्रम राठौड़, नीतेश मोदी, सूर्यवंश श्रीवास्तव, विनोद राम आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर बैठक



**कुजू (आजा सिपाही)।** आगामी 16 फरवरी को होनेवाले राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर संयुक्त मोर्चा ने सीसीएल कुजू जीएम कार्यालय सभागार में बैठक की। बैठक कार्यक्रम में ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा कुजू क्षेत्र के नेताओं ने आगामी राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए क्षेत्रवार व्यापक असरदार बनाने का निर्णय लिया। वहीं, क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं में जाकर मजदूरों के साथ अपने हक और अधिकार के लिए मीटिंग किया। मौके पर झाकोमयू सीसीएल कुजू क्षेत्रीय सचिव राम कुमार सिंह ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी सरकार काला कानून ला रही है। जिसका पुरजोर विरोध जारी रहेगा। बैठक में पंकज सिंह, रामकुमार सिंह, श्याम सिंह, रामभजन लाल महतो, वाहिद अंसारी, कंचन कुमार, जगदीश महतो, जब्बार अंसारी समेत कई लोग शामिल रहे।

## रूट्स माउंट स्कूल में नामांकन शुरू

**कुजू(आजाद सिपाही)।** रूटस माउंट एमईओ स्कूल रउता में शैक्षणिक सत्र 2024 - 25 गत 10 फरवरी से वर्ग नर्सरी से 9वीं तक नामांकन कार्य शुरू है। जो आगामी 31 मार्च तक जारी रहेगा। उक्त आशय की जानकारी विद्यालय के निदेशक अखिलेश कुमार सिंह ने दी। कहा कि सरस्वती पूजा के मौके पर 50 बच्चों का नामांकन नि:शुल्क लेने का निर्णय लिया गया है। लेकिन यह अवसर तय समय सीमा के भीतर ही रहेगा। जबकि नियमानुसार नामांकन का जो कार्य, निरंतर आगे भी जारी रहेगा।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-एनआईटी सं.: एसटी-आरएनसी-टी18-सीसीटीवी-आरपीएफपोस्ट, दिनांक:09.02.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व रेलवे (सोकेपी, एडीए, आरएनसी एवं केजीपी) मंडल में आरपीएफ पोस्ट एवं आउट पोस्ट पर सीसीटीवी स्थापना कार्य के संबंध में रांची मंडल के आरपीएफ पोस्ट आरएनसी, एचटीई, एमयूआरआई, एसएसआईए, बीएनओ, एलएडी एवं आउटपोस्ट आरएमटी, जेएए, जीवीएक्स पर सीसीटीवी कैमरों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं उसे चालू करना। **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 15,11,397.85। **ईएमडी:** ₹ 30,200/-। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा बंद करने की तारीख एवं समय:** 05.03.2024 को सुबह 11.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 20.02.2024। **वेबसाइट का विवरण एवं वर्णन:** www.ireps.gov.in (कार्य निविदा)। (PR-1124)

## पीवीयूएन ने बांटे बच्चों के बीच बैग



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीवीयूएन के द्वारा पतरातू प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय जयनगर मिडिल स्कूल के बच्चों के बीच बैग और वाटर बोतल का वितरण सामुदायिक विकास कार्य के तहत पीवीयूएनल के पदाधिकारी द्वारा विद्यालय के बच्चों के बीच वितरण किया। इस अवसर पर मुखिया हीरा देवी ने क पीवीयूएन के प्रबंधन को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र पीवीयूएन अच्छा काम कर रहा है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य रविंद्र गिरी, स्कूल के अध्यक्ष अशोक पाठक, बिजेन्द्र मुंडा, पीवियूएनएलअधिकारी निशांत सेनी, चेतक कुमार स्कूल के शिक्षक आदि शामिल थे।

## आजसू छात्र संघ ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले को लेकर अखिल झारखंड छात्र संघ द्वारा टंडवा प्रखंड मुख्यालय और महाविद्यालयो में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस मामले को लेकर वनांचल महाविधालय के सभी छात्र-छात्रों ने सीबीआई से जांच की मांग की है। इस मौके पर आजसू केंद्रीय सदस्य रंजीत कुमार गुप्ता, छात्र संघ जिला अध्यक्ष जानकी महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र महतो, अशोक महतो, सुरेंद्र सोनी, सिकंदर मुंडा, धनेशर विश्कर्मा समेत महाविधालय के छात्र उपस्तिथ थे।

## माता वैष्णो देवी मंदिर के 33वें वार्षिकोत्सव पर कलश यात्रा का होगा आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** माता वैष्णों देवी मंदिर का 33वां वार्षिकोत्सव बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। कलश यात्रा में शामिल धर्म प्रेमी महिलाएं माता की लाल चुनरी में होंगी। सभी धार्मिक अनुष्ठानों के मुख्य यजमान मनीष मारवाह एवं उनकी धर्मपत्नी नमिता मारवाह होंगे। कलश यात्रा 14 फरवरी को प्रात: 9 बजे मंदिर परिसर से निकलेगी, जो शहर के झंडा चौक, गांधी चौक, मेन रोड, सुभाष चौक, शिवाजी रोड, लोहार टोला होते हुए चट्टी बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर पहुंचेगी, यहां कलश में जल भरकर वापस माता वैष्णों देवी मंदिर पहुंचेगी।

## नये पुलिस इंस्पेक्टर अमरदीप ने लिया प्रभार



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** पुलिस निरीक्षक अमरदीप ने अपने कार्यालय में रविवार को नये इंस्पेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया। इससे पहले झारखंड जगुआर में पदस्थापित थें। नवपदस्थापित इंस्पेक्टर अमरदीप ने परिचय देते हुए कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि हमारी पहला प्राथमिकता क्षेत्र में विधि व्यवस्था, अमन चैन बनाये रखने, पुलिस पब्लिक के बीच अच्छा संबंध बनाना है। लोग किसी भी समस्या हो तो वह आकर मुझसे भेंट करें। उनकी समस्या को हल की जायेगी। अफीम की खेती पर पूर्ण रूप से रोक लगाया जायेगा और इस मादक पदार्थ अफीम की खेती और खरीदारी बिक्री में संलिप्त तस्करों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. - 439 दिनांक 31.01.2024 मैं, अशोक प्रसाद गुप्ता (ASHOK PRASAD GUPTA), पिता महेश साव, उम्र लगभग 42 वर्ष, धर्म- हिन्दू, राष्ट्रीयता - भारतीय, निवासी ग्राम - भदवा, रेलवे गेट, पो0- चैनपुर, थाना- माण्डु, जिला - रामगढ़ (झारखण्ड) शपथपूर्वक निम्नलिखित रूप से ब्यान करता हुँ कि - 1. यह कि मेरा वास्तविक एवं सही नाम अशोक प्रसाद गुप्ता (ASHOK PRASAD GUPTA) है जो मेरे आधार कार्ड नं0 - 6892 1143 8430 एवं Pan Card No. CHXPG9599N में दर्ज है। 2. यह कि मेरे नाम से बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा सारूबेडा में एक खाता खुला हुआ है जिसका खाता सं0 486910110002239 है जिसमें मेरा नाम अशोक कुमार (ASHOK KUMAR) अंकित हो गया है। 3. यह कि अशोक प्रसाद गुप्ता (ASHOK PRASAD GUPTA) एवं अशोक कुमार (ASHOK KUMAR) दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है जो मैं स्वयं हूँ। 4. यह कि यह शपथ पत्र में बैंक पासबुक में दर्ज गलत नाम अशोक कुमार (ASHOK KUMAR) के स्थान पर सही व वास्तविक नाम अशोक प्रसाद गुप्ता (ASHOK PRASAD GUPTA) दर्ज करवाने हेतु सम्बंधित पदाधिकारी को देने हेतु तैयार कर हुँ। 5. यह कि उपरोक्त कथन मेरी जानकारी में सत्य व सही है।

# लड़ाई से पहले हुआ बिखराव

विपक्षी दलों का मंच आइएनडीआइए पिछले साल मुश्किलों के बीच जिस तरह से बना और फिर जितनी तेजी से इसने उम्मीदें जगानी शुरू कीं, उतनी ही तेजी से उन उम्मीदों को ध्वस्त भी करता जा रहा है। अनिश्चितता और असमंजस तभी से दिखने लगे जब 2023 के आखिर में हुए विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सीट बंटवारे की बातचीत एकतरफा ढंग से स्थगित कर दी गयी। इसके पीछे यह दलील जरूर रही कि गठबंधन तो लोकसभा चुनावों के लिए प्रस्तावित था, सो विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ने में कोई बुराई नहीं। लेकिन माना यही गया कि कांग्रेस नेतृत्व विधानसभा चुनावों के बेहतर नतीजों के आधार पर सीट बंटवारे की सौदेबाजी में अपना हाथ ऊपर रखना चाहता था। यह अलग बात है कि नतीजे उसकी उम्मीदों के अनुरूप नहीं आये। लेकिन कांग्रेस के इस रुख ने गठबंधन के कई घटक दलों को यह शिकायत करने का अपेक्षाकृत ठोस आधार दे दिया कि पार्टी अलायंस को लेकर गंभीर नहीं है। यह सही है कि सहयोगियों के गठबंधन छोड़ने की शुरुआत भी एनसीपी में पड़ी फूट के बाद से ही हो गयी थी, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पलटना इस अर्थ में निर्णायक कहा जा सकता है कि वही गठबंधन के सूत्रधार की भूमिका निभा रहे थे। उन्हें अपनी ओर खींच कर भाजपा और एनडीए ने विपक्षी दलों के विशाल गठबंधन से बनते नैरेटिव को जबर्दस्त झटका दिया। इस झटके से उबरने की कोशिशें ढंग से शुरू होतीं, उससे पहले ही पश्चिम यूपी के जाट बहुल इलाके में दखल रखने वाले आरएलडी नेता जयंत चौधरी ने भी पाला बदल लिया। निश्चित रूप से इन सबके पीछे एनडीए की तरफ से हो रहे सुनियोजित प्रयासों की भूमिका है। लेकिन आइएनडीआइए खेमा जिस तरह से बिखर रहा है, उसका पूरा श्रेय एनडीए की कोशिशों को नहीं दिया जा सकता। इसकी काफी जिम्मेदारी विपक्षी दलों के नेताओं को भी अपने सिर पर लेनी होगी। जिन दलों ने अभी तक आइएनडीआइए से नाता तोड़ने की घोषणा नहीं की है, उनमें भी किसी तरह का सामंजस्य नहीं दिख रहा। कभी तृणमूल नेता ममता बनर्जी कांग्रेस को अपने बूते 40 सीटें जीतने की चुनौती देती नजर आती हैं तो कभी आप नेता पंजाब और दिल्ली की सभी सीटें जीतने का दावा कर देते हैं। कांग्रेस नेतृत्व की ओर से आइएनडीआइए के अब भी बने रहने की बीच-बीच में होने वाली औपचारिक घोषणााओं को छोड़ दें तो ऐसे कोई संकेत नहीं दिख रहे कि सचमुच जमीन पर इसे बनाये रखने की कोई कोशिश हो रही है। ऐसे दौर में जब खुद विपक्ष लोकतंत्र को खतरे में बता रहा है, विपक्षी गठबंधन को लेकर इन दलों का रवैया गंभीर सवाल खड़े करता है।

**अनिश्चितता और असमंजस तभी से दिखने लगे जब 2023 के आखिर में हुए विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सीट बंटवारे की बातचीत एकतरफा ढंग से स्थगित कर दी गयी। इसके पीछे यह दलील जरूर रही कि गठबंधन तो लोकसभा चुनावों के लिए प्रस्तावित था, सो विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ने में कोई बुराई नहीं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**महान पूर्व मुख्यमंत्री एमजी रामचंद्रन (एमजीआर), जे जयललिता और अन्य के बाद सुपरस्टार कमल हासन और विजयकांत ने पहले राजनीति में कदम रखा था। उन्हें अलग-अलग स्तर की सफलता मिली। एमजीआर का आधार द्रमुक में था। इसके विपरीत जयललिता द्रमुक विरोधी रुख अपनाकर फली-फूलीं। कमल हासन ने मक्कल निधि मय्यम नाम से अपनी राजनीतिक पार्टी की स्थापना की। हालांकि उनकी पार्टी ने 2019 और 2021 के चुनावों में कोई सीट नहीं जीती।**

# दक्षिण के एक और फिल्म स्टार विजय की राजनीति में एंट्री

कल्याणी शंकर



क्या तमिल सुपरस्टार विजय पहले से ही भीड़ भरे तमिलनाडु के राजनीतिक परिदृश्य में चमकेंगे? क्योंकि उन्होंने अपनी नयी राजनीतिक पार्टी लांच कर दी है। अभी भविष्यवाणी करना जल्दबाजी होगी। अपनी पार्टी तमिझागा वेत्री कजगम के लांच के बाद विजय ने कहा, मैंने एक और फिल्म साइन की है और मैं इसे पूरा करूंगा और अंततः खुद को राजनीति में शामिल करूंगा। मैं लंबे समय से अपनी राजनीतिक यात्रा के लिए खुद को तैयार कर रहा हूं। मैं खुद को तमिलनाडु के लोगों के लिए समर्पित कर दूंगा। यही एकमात्र तरीका है, जिसे मैं अपने लोगों को लौटा सकता हूं। राजनीति में आने वाले अधिकांश लोग स्वयं को सच्चे हितैषी के रूप में प्रदर्शित करना चाहेंगे।

महान पूर्व मुख्यमंत्री एमजी रामचंद्रन (एमजीआर), जे जयललिता और अन्य के बाद सुपरस्टार कमल हासन और विजयकांत ने पहले राजनीति में कदम रखा था। उन्हें अलग-अलग स्तर की सफलता मिली। एमजीआर का आधार द्रमुक में था। इसके विपरीत जयललिता द्रमुक विरोधी रुख अपनाकर फली-फूलीं। कमल हासन ने मक्कल निधि मय्यम नाम से अपनी राजनीतिक पार्टी की स्थापना की। हालांकि उनकी पार्टी ने 2019 और 2021 के चुनावों में कोई सीट नहीं जीती। दूसरी ओर, विजयकांत की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन वह अपने राजनीतिक करियर को बरकरार नहीं रख सके और दुर्भाग्य से हाल ही में उनका निधन हो गया।

**विजय 2026 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे।**

यह जानना दिलचस्प है कि राजनीति में प्रवेश करने वाले कुछ अभिनेताओं को सफलता मिली, जबकि अन्य को सफलता नहीं मिली। सफल नेताओं में एमजी रामचंद्रन, जे. जयललिता, एम करुणानिधि, सीएन अन्नादुरई और कैप्टन विजयकांत शामिल हैं। हालांकि शिवाजी गणेशन, सरथ कुमार, नैपोलियन और एसएस राजेंद्रन असफल रहे। थलपति (जनरल) विजय, उदयार समुदाय के एक ईसाई और विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक रूप से लोकप्रिय हैं और ऐसे राज्य में सफल हो सकते हैं जो पंथ के आंकड़ों को देखता है।

**2026 के चुनाव में अपनी सफलता सुनिश्चित करने के लिए विजय को बूथ समितियों के गठन पर ध्यान देने की जरूरत है। चूंकि द्रमुक और अन्नाद्रमुक के पास पहले से ही एक ठोस मतदाता आधार है, इसलिए उन्हें अपने ग्रामीण समर्थकों को वास्तविक मतदाता बनने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है।**

ऐसी अफवाह है कि विजय हर फिल्म के लिए 150 करोड़ की भारी कमाई करते हैं। उनके पास बहुत कम प्रतिस्पर्धा है, क्योंकि अजित, रजनीकांत और कमल हासन जैसे अन्य प्रसिद्ध सितारे राजनीतिक क्षेत्र में नहीं उतरे हैं। विजय 2026 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे। उनके पास अपनी पार्टी बनाने और द्रमुक के विकल्प के रूप में जनता का विश्वास जीतने का समय है। पीढ़ीगत बदलाव में उनके प्राथमिक प्रतिद्वंद्वी उदयनिधि मारन होंगे, जोकि एक मंत्री और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे हैं।

विजय की राजनीतिक पार्टी आगे आने वाली चुनौतियों का सामना कैसे करेगी? यह 3 प्रभावशाली शख्सियतों बीआर अंबेडकर के विचारों को मिलाकर एक राजनीतिक दर्शन का प्रस्ताव करता है, जिन्होंने दलितों के अधिकारों की वकालत की। पेरियार एक समाज सुधारक और कामराज, पिछड़े वर्ग के नेता हैं, उन्हें अपनी पार्टी के नाम में द्रविड़ शब्द से परहेज है। विजय की चुनौती विभिन्न राजनीतिक दलों के मतदाताओं को अपने पक्ष में करना है। इनमें सत्तारूढ़ द्रमुक और मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक शामिल हैं।

अन्य नाम तमिलर काची (एनटीके), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), वन्नियार-प्रभुत्व वाली पट्टाली मक्कल काची (पीएमके), कमल हासन की मक्कल निधि मय्यम और विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके) हैं। इससे पहले, विजय ने 2011 में इंडिया अगेंस्ट क्रप्शन आंदोलन का समर्थन किया था और 2014 में मोदी से मुलाकात की थी। 2017 में, उन्होंने जल्लीकट्टू समर्थक विरोध प्रदर्शन का भी समर्थन किया था। 2018 में, उन्होंने थूथुकुडी घटना के पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की। हालांकि, रजनीकांत ने सार्वजनिक प्रत्याशा के बावजूद राजनीतिक भूमिका नहीं निभाने का फैसला किया है।

विजय के सामने चुनौतियां कई हैं। वह एक पंथ-प्रतिष्ठित राजनेता की प्रशंसा करने वाले राज्य में सफल हो सकते हैं। वह युवा (49) हैं और एक भीड़-खींचने वाले पंथ व्यक्ति हैं। वह सही समय पर राजनीति में पहुंचने की तैयारी में हैं। विजय तमिल हैं, जबकि रजनीकांत की मराठी जड़ें और भाजपा/आरएसएस कनेक्शन ने द्रविड़-प्रभुत्व वाले राज्य में विवाद पैदा कर दिया है। विजय को अपनी राजनीतिक विचारधारा को परिभाषित करना चाहिए और इसकी तुलना द्रमुक और अन्नाद्रमुक पार्टियों के द्रविड़ सिद्धांत से करनी चाहिए। उन्हें आक्रामक रुख अपनाना चाहिए।

विजय को यह बताना होगा कि वह किस राजनीतिक दल के खिलाफ लड़ रहे हैं द्रमुक, अन्नाद्रमुक या भाजपा। एक नवागंतुक के रूप में, उनका एकमात्र संभावित विकल्प सत्तारूढ़ सरकार, द्रमुक का विरोध करना है। यही वह रणनीति थी, जिसने जे जयललिता के लिए काम किया, जिन्होंने खुद को द्रमुक विरोधी और करुणानिधि विरोधी के रूप में स्थापित किया और एक सफल राजनीतिज्ञ बन गयीं।

क्या विजय तमिलनाडु में द्रमुक, अन्नाद्रमुक और अन्य पार्टियों के वोटों पर असर डाल सकते हैं? उनके लिए कितनी सत्ता विरोधी लहर काम करेगी? 50 वर्षों तक, इन पार्टियों ने राज्य में बारी-बारी से शासन किया है, प्रत्येक के पास 30 प्रतिशत मजबूत वोट आधार है। द्रमुक ने जहां बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित किया, वहीं अन्नाद्रमुक ने लोकलुभावन योजनाएं लागू कीं। विजय जीतें या न जीतें, लेकिन उनकी पार्टी बाकी खिलाड़ियों पर असर डालेगी।

2026 के चुनाव में अपनी सफलता सुनिश्चित करने के लिए विजय को बूथ समितियों के गठन पर ध्यान देने की जरूरत है। चूंकि द्रमुक और अन्नाद्रमुक के पास पहले से ही एक ठोस मतदाता आधार है, इसलिए उन्हें अपने ग्रामीण समर्थकों को वास्तविक मतदाता बनने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। उन्हें प्रेरित करना और सक्रिय मतदाताओं में परिवर्तित करना ही जीत की कुंजी है। यह काम बूथ कमेटियों को संगठित करके किया जा सकता है। एक राजनीतिक अफवाह से पता चलता है कि भाजपा द्रमुक के खिलाफ उनकी पार्टी का समर्थन कर रही है। बदले में, उनकी पार्टी को 2026 में भाजपा का समर्थन मिलेगा। इस अफवाह पर काबू पाने के लिए उन्हें इस अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत है।

विजय के भविष्य के बारे में भविष्यवाणी करना जल्दबाजी होगी। हालांकि,यह एक असाधारण उपलब्धि होगी, यदि वह तमिलनाडु में और एनटी, एमजीआर की तरह सफल हुए। रामाराव ने आंध्र प्रदेश में अपना प्रशंसक आधार तैयार किया। आगे का रास्ता जटिल और बाधाओं से भरा है।

## जमशेदपुर की खबरें

# झामुमो जिला समिति की न्याय यात्रा 17 फरवरी से



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** कदमा स्थित उलियन में झारखंड मुक्ति मोर्चा पुर्वी सिंहभूम जिला समिति की एक बैठक आयोजित की गई। मंगलवार को वरिष्ठ नेता सह जिला बीस सुत्री क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले के सभी वरिष्ट नेता और झामुमो पंचायत समिति सदस्य शामिल रहे। जिला समिति की बैठक में केंद्र सरकार के इसारे पर इडी के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रताड़ित करने के मामले में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पार्टी के नेताओं ने न्याय यात्रा निकालने का निर्णय लिया। न्याय यात्रा की शुरूआत 17 फरवरी से की जायेगी। झामुमो के नेता और पंचायत समिति के द्वारा एकत्रित होकर जिले के 231 पंचायत में न्याय यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में अस्तिक महतो, सुनील कुमार महतो, शेख बदरूद्दीन, पुर्व सांसद सुमन महतो, मनोज यादव,रोडेया सोरेन, कमलजीत कौर गिल, चनद्रावती महतो, कालीपद गोराई, जिला उपाध्यक्ष बाघराय मार्डी,पिन्टु दता, प्रमोद लाल, विद्यासागर दास,प्रीतम हेम्ब्रम, जिला सचिव घनश्याम महतो, पुर्व जिला सचिव लालटू महतो, महाबीर मुर्मू, कान्हु समन्त,बाबर खान, फैयाज अहमद खान,अजय रजक,नीता सरकार, झरना पाल, बाल्ही मारडी, दुर्गा बोयपाई,द्रोपति मुण्डा, गोपाल महतो, मोहम्मद समद, मिर्जा सोरेन, वकील हेम्ब्रम, प्रधान सोरेन, बहादुर किस्कू,फतेह चन्द टुडू, दलगोविन्द लोहरा, मोहम्मद जमील, सामू, मुकेश शर्मा, रमेश मुर्मू, धनंजय सिंह, संजय अग्रवाल,राजा सिंह,समीर महतो, अर्जुन हांसदा,अशित मिश्रा,सुराई टुडू, सोमाय सोरेन, पिन्टु लाल, प्रीतम हेम्ब्रम सहित सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ता शामिल रहे।

# आदित्यपुर के नये प्रभारी नितिन कुमार सिंह ने संभाला पदभार

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले में कई थाना प्रभारी का तबादला किया गया। सोमवार को आदित्यपुर थाना में नये प्रभारी 2012 बैच के दारोगा नितिन कुमार सिंह ने पदभार संभाले। इससे पूर्व वे मुसाबनी पुलिस ट्रेनिंग कैम्प में पदस्थापित रहे। पहली बार उन्हें इंस्पेक्टर रैंक में प्रोन्नति मिली है। वही कांड्रा थाना प्रभारी के रूप में 1994 बैच के इंस्पेक्टर विनोद कुमार मुर्मू को कमान सौंपी गई। इधर गम्हरिया इंस्पेक्टर के रूप में राजू और चांडिल इंस्पेक्टर अजय कुमार तिवारी को प्रभारी बनाए गए। दोनों 1994 बैच के दारोगा से इंस्पेक्टर बने हैं। सरायकेला अंचल निरीक्षक के पद पर फिलहाल सस्पेंस बरकरार है।

# चाकुलिया में भाजपा का जनसंपर्क अभियान

## पूर्व ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने केंद्रीय योजनाओं की दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाकुलिया।** भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पार्टी के कार्यकताओं की ओर से पूरे देश में गांव चलो अभियान चलाया जा रहा है। इसके निमित्त भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सरोज महापात्र ने बहरागोड़ा क्षेत्र अंतर्गत चाकुलिया प्रखंड के बूथ संख्या 14, 15 एवं 16 के अंतर्गत आने वाले टोलों एवं कस्बों में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर जन सम्पर्क किया. केन्द्र मे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों के बारे में लोगों को बताया गया।

झारखंड में वर्तमान झामुमो सरकार की विफलताओं के बारे में भी लोगों को बताया गया। केन्द्र में वर्तमान मोदी सरकार की उपलब्धियों वाले पत्रक का वितरण भी लोगों के बीच किया गया।

इस दरम्यान सरोज महापात्र ने भाजपा कार्यकताओं के साथ बाइक पर सवार होकर गांवों में देर शाम तक जनसम्पर्क किया। भाजपा के रंजन मंडल,विशेश्वर गोवाला, रत्नाकर गोवाला,बिटून मैती, चित्त मुण्डा, असीम मुण्डा, तपन महापात्र, सजल महापात्र, कनक मैती समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता साथ में मौजूद थे।

# विधायक ने जोहन दास बास्के की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा स्थित डोमजुड़ी पंचायत के धोबनी ग्राम में झामुमो के पूर्व केंद्रीय सदस्य सह झारखंड आंदोलनकारी नेता स्व० जोहन दास बास्के के द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सोमवार को श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के विधायक संजीत सरदार शामिल हुए। मौके पर विधायक ने उनके चित्र के समक्ष माला अर्पण कर श्रृद्धांजलि देने हुए नमन किया। इस अवसर पर विधायक ने जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी नेतागण, झामुमो के वरिष्ठ नेतागण, जिला कमिटी, पोटका प्रखंड कमिटी,पंचायत कमेटी सहित परिवार के सदस्यगण और ग्रामीण शामिल रहे।

# प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ आज

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के वार्षिक खेल उत्सव मीडिया कप क्रिकेट 2024 का शुभारंभ मंगलवार 13 फरवरी को सुबह 9:00 बजे कीनन स्टेडियम में किया जाएगा। सोमवार को जानकारी देते हुए प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह पुतुल ने बताया इस बार भव्य कार्यक्रमों के साथ टूनामेंट का शुभारंभ किया जाएगा। उद्घाटन मैच में टाटा स्टील एकादश और एडिटर 11 की टीम आपस में भिड़ेंगी। उद्घाटन सत्र में बैंड की प्रस्तुति के साथ नृत्य दलों द्वारा देशभक्ति गीत पर आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएगी। मंगलवार से आरंभ होने वाले टूनामेंट का समापन 6 मार्च को कीनन स्टेडियम में होगा। इस दिन ड्यूज और टेनिस के फाइनल मैच खेले जायेंगे। पहले दिन उद्घाटन मैच के बाद 14 फरवरी से टेनिस बॉल टूनामेंट का आयोजन होगा। इसके बाद 21 फरवरी से ड्यूज बॉल क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन होगा। टेनिस बॉल क्रिकेट के मैच और आमार्री ग्राउंड में खेले जाएंगे जबकि ड्यूज बॉल क्रिकेट के मैच कीनन स्टेडियम में तथा टेल्को स्टेडियम में खेले जाएंगे। ड्यूज बॉल में कुल आठ टीमें भाग ले रही है, जबकि टेनिस में छह टीमें शामिल हैं।

# हथियार के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में जमशेदपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कदमा थाना अंतर्गत शास्त्रीनगर से हथियार के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में अजय सिंह और मोहन शर्मा शामिल है। सोमवार को घटना की जानकारी देते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कदमा शास्त्री नगर में कुछ लोग द्वारा किसी घटना को अंजाम देने के लिए हथियार लेकर घूमने की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीसीआर मोबाइल और टाइगर मोबाइल को घटनास्थल भेजा गया। जहां पुलिस को देख दो लोग भागने की प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर जांच के दौरान अजय सिंह के पास से एक हथियार और दो गोली और मोहन शर्मा के पास से दो जिंदा गोली पुलिस ने बरामद कर लिया। सिटी एसपी ने बताया अजय उर्फ लालू सिंह बिष्टुपुर से पूर्व में जेल जा चुका है। फिलहाल वह जमानत पर बाहर था। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में निर्माण का विधायक ने किया निरीक्षण



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में अलग अलग निर्माण कार्य का विधायक बन्ना गुप्ता ने निरीक्षण किया। विधायक ने कदमा भाटिया बस्ती के काली मन्दिर में सेड अधिष्ठापन व मन्दिर का सौंदर्यीकरण,भाटिया बस्ती में सड़क निर्माण व चौडीकरण, अशोक पथ व गोस्वामी मन्दिर पथ का निर्माण कार्य,जुस्को द्वारा की गए अनुशंसा में कदमा फर्म एरिया रोड नंबर -19 में ननका पान दुकान से एयर पोर्ट तक सड़क का चौडीकरण कार्य का निरक्षण कर गुणवत्ता पूर्ण कार्य किये जाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दी। मौके पर मनोज झा, प्रभात ठाकुर, बबुआ झा, संजय तिवारी, दिनेश पोद्दार, निमाई अग्रवाल, अमित प्रसाद, रवि दुबे, जितेंद्र सिंह, राकेश जयसवाल,बिशु , राजेश गोराई, राजेश रजक, अगस्टिन विल्सन, राजू दास, सोंटी रजक, कैलाश रजक, राजेंद्र शामिल रहे।

# जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए दावेदारी संबंधित आवेदन पत्र जमा कराया गया

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी व पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर एक बैठक जिला अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में की गई। सोमवार को बिस्टुपुर तिलक पुस्तकालय में बैठक के दौरान 09- जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए दावेदारी संबंधित आवेदन पत्र जमा किया गया। जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे व कार्यालय प्रभारी सह उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद ने सभी नेताओ का आवेदन प्राप्त किया। आवेदन पत्र जमा करने वालों में डॉ अजय कुमार,अजय सिंह,बिजय खॉ,सामंता कुमार, राकेश तिवारी,अनिल कुमार तिवारी, अवधेश कुमार सिंह, जितेन्द्र सिंह, राम वृक्ष गुप्ता, सनत चक्रवर्ती काल्टू, महेश खिरवाल, कमलेश कुमार पाण्डेय, खगेनचन्द्र महतो, पुनीता चौधरी, अजय महतो, अजय मंडल, संजय कुमार यादव,योगेन्द्र सिंह राठौर, ललटू महतो शामिल रहे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 13 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## पीएम पोषण कुकिंग कंपटीशन का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड संसाधन केंद्र अंतर्गत राजकीय बुनियादी विद्यालय रंका में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के निर्देश के आलोक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह समन्वयक बीआरसी रंका के आदेशानुसार संकुल स्तरीय पीएम पोषण कुकिंग कंपटीशन का आयोजन सीआरपी देवेंद्र नाथ उपाध्याय की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें संकुलाधिन विद्यालयों की रसोईयों के द्वारा गुणवत्ता पूर्ण मध्याह्न भोजन तैयार कर इंस्टाल लगाकर प्रदर्शित किया गया। जिसमें राजकीय बुनियादी विद्यालय रंका को प्रथम, नव प्राथमिक विद्यालय गोता टोला भलुआनी को द्वितीय और तृतीय स्थान पर कन्या मध्य विद्यालय रंका का चयन किया गया। जिन्हें प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दूबे और सीआरपी देवेंद्र नाथ उपाध्याय और संकुल व्यवस्थापक दीपक कुमार के द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## 8 माह का नहीं मिला राशन, कार्ड धारी धरना पर बैठे



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड के बीचका पंचायत के गुलाब स्वयं सहायता समूह के कार्ड धारी के द्वारा भंडरिया प्रखंड मुख्यालय में आकर धरना पर बैठा हुआ है। बीचका ग्राम के कार्ड धारी ने बताया कि जुलाई 2023 से फरवरी 2024 तक हम लोगों को राशन नहीं मिला है, गुलाब स्वयं सहायता समूह डीलर के द्वारा 8 माह का राशन कार्ड धारी को नहीं दिया गया है। इसके विरोध 2 दिन पहले भंडरिया प्रखंड मुख्यालय में आकर अपना आवेदन यमो सह अंचला अधिकारी को दिया गया था। इसी आलोक भंडारिया अंचल अधिकारी सह यमो के द्वारा बीचका गांव गुलाब सोम श्याता समूह डीलर के यहां जाकर निरीक्षण किया था। आवेदन देकर कार्ड धारी के द्वारा कहा गया था कि अगर जल्द से जल्द सुनवाई नहीं होती है, तो तीन दिन के बाद भंडरिया प्रखंड परिसर में आकर धरना पर बैठेंगे। इस आलोक में कार्डधारी के द्वारा सुनवाई नहीं हुई और धरना पर बैठ गये।

## एक दिवसीय जन आक्रोश सभा का आयोजन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड कार्यालय परिसर में अबुआ आवास में हुई गड़बड़ी के विरुद्ध आजसू नेता जयराम पासवान के नेतृत्व में एक दिवसीय जन आक्रोश सभा का आयोजन किया गया। सभा में अरसली उत्तरी, अरसली दक्षिणी, कैलान, सिंदुरिया, पंडरिया सहित सभी नौ पंचायत के ग्रामीण शामिल हुए। आजसू नेता जयराम पासवान ने कहा, सरकार के निर्देश का अधिकारियों ने अवहेलना करते हुए आयोग्य लाभुकों का सत्यापन कराया। इस सत्यापन में बीडीओ के इशारे पर कर्मचारी, दलाल, बिचौलिया हावी रहे। जल्द सत्यापन सूची से आयोग्य लाभुकों का नाम नहीं हटाया गया, तो यह तो एक झांकी है, इससे बड़ा आंदोलन होगा। इस सभा को बीडीसी सह भाजपा नेता चंदन ठाकुर, उमेश विश्वकर्मा, उदय गुप्ता, रविंद्र, अरुण, जसवंता आदि ने भी संबोधित किया।

## वर्ग दस की छात्रा सीता कुमारी परीक्षा लिखने कांडी आने के दौरान बाइक दुर्घटना में घायल



कांडी(आजाद सिपाही)। प्रखंड के उच्च विद्यालय खरौंधा की वर्ग दस की छात्रा और नारायणपुर की निवासी सीता कुमारी परीक्षा लिखने कांडी आने के दौरान मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गयी। फिलहाल छात्रा ठीक है और खतरे से बाहर है। कांडी हाई स्कूल सेंटर की केंद्राधिक्षिका विद्यानी बाखला ने हाई स्कूल खरौंधा के प्रधानाध्यापक से बात की और उसके परिजनों के द्वारा घायल छात्रा को सेंटर पर लाकर उसको परीक्षा हॉल तक पहुंचाया गया। जिसके बाद छात्रा विद्यालय के निगरानी में परीक्षा लिख रही है।

## डॉ मनोहर लोहिया चेतना मंच के सदस्यों की बैठक संपन्न




श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। डॉ मनोहर लोहिया चेतना मंच के सदस्यों की बैठक सोमवार को पूर्वमंत्री रामचंद्र केशरी के चेचरिया स्थित आवास पर उनकी अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से डॉ राममनोहर लोहिया चेतना मंच का संरक्षक पूर्वमंत्री रामचंद्र केशरी, विजय कुमार सिंह, विश्वनाथ भंडारी और मथुरा पासवान को बनाया गया। बैठक में सर्वसम्मति से कृष्णा विश्वकर्मा को अध्यक्ष, कमलेश बिहारी को उपाध्यक्ष, सत्येंद्र कुमार ठाकुर को सचिव, सीताराम जायसवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जबकि निदेशक मंडल में विजय कुमार केशरी, अश्विनी कुमार, नंदकिशोर प्रसाद, अजय कुमार गुप्ता, बसंत प्रसाद, मो नईम आदि को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

## मेराल में चोर गिरोह सक्रिय, बढ़ रही चोरी की घटनाएं

मेराल(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र में चोर गिरोह सक्रिय हो रही है, थाना मुख्यालय सहित आसपास के गांव में विगत दो सप्ताह के अंदर आधा दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं हुई है, जिसमें एक सीएसपी से लैपटॉप, एक घर में छत के ऊपर से घुस कर चोरी के साथ-साथ करीब आधा दर्जन मोटर चोरी की घटना घटित हुई है। रविवार की रात्रि में मेराल के फुलवारी टोला स्थित एसडी मेमोरियल एकेडमी के नये बाउंड्री के अंदर बोर से समरसेबल मोटर की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गयी। इस संबंध में स्कूल के डायरेक्टर ब्रजेश कुमार मिश्रा द्वारा थाना में चोरी की घटना को लेकर लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी है। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सा प्रशिक्षित डीएसपी चिरंजीव मंडल द्वारा मौके पर पुलिस और निरीक्षक नीतीश कुमार को दलबल के साथ भेजा गया।

## जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में धांधली और पेपर लीक मामले को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया



गढ़वा(आजाद सिपाही)। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के तत्वाधान में नामधारी महाविद्यालय में जिलाध्यक्ष कुंदन चंद्रवंशी के नेतृत्व में जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में बड़ी मात्रा में हुई धांधली और पेपर लीक मामले को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया। रविंद्र नाथ ठाकुर ने कहा कि सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ी की जांच सीबीआई से हो और इसमें संलिप्त पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से हटाया जाये। युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है, आजसू छात्र संघ पूरे प्रदेश में इस मामले को लेकर संवैधानिक तरीके से इस आंदोलन का आगाज किया है। कार्यक्रम में जयनंद कुमार, रवि शिवम कमलापुरी, संजीव, शाहिद समेत काफी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

# विधायक और सांसद जनता की मूलभूत समस्याओं के प्रति उदासीन : शैलेश चौबे

**कांग्रेस पार्टी के द्वारा तुल्सीदमर डोलोमाईट खाद्यान को चालू कराने को लेकर स्थानीय गोसाईबाग मैदान से अनुमंडल कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला गया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** कांग्रेस पार्टी के द्वारा तुल्सीदमर डोलोमाईट खाद्यान को चालू कराने को लेकर स्थानीय गोसाईबाग मैदान से अनुमंडल कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला गया। पैदल मार्च अनुमंडल कार्यालय जाकर सभा में तब्दील हो गया। पदयात्रा में शामिल लोग मेहनत मजदूरी की कमाई जोड़ के लेंगे पायी-पायी, तुल्सीदमर खाद्यान चालू करो, सेल प्रबंधक होश में आयो का नारा लगा रहे थे। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शैलेश चौबे ने कहा कि यहां के विधायक और सांसद जनता के मूलभूत समस्याओं के प्रति उदासीन है। वहीं इंटक नेता सुशील चौबे ने कहा कि खदान बंद हो जाने से बेरोजगारी की समस्या बढ़ी है। कार्यक्रम का संचालन दीपक जायसवाल ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन ओम प्रकाश चौबे ने किया। सभा के बाद नेताओ ने एस डि ओ को मांग पत्र सौंपा। मौके पर प्रदीप शर्मा, माणिक राम, महेंद्र पाल, विजय महतो, वीरेंद्र शाह, संजय सिंह, श्याम सुंदर मेहता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# भीम सिंह को रास सांसद उम्मीदवार बनाये जाने पर चंद्रवंशी सेना में खुशी की लहर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री रहे भीम सिंह चंद्रवंशी को भाजपा द्वारा राज्य सभा सांसद उम्मीदवार घोषित करने पर गढ़वा जिला चंद्रवंशी सेना द्वारा खुशी व्यक्त किया गया है। चंद्रवंशी सेना के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी के नेतृत्व में विभिन्न चौक चौराहे पर मिठाई बाट कर खुशी जाहिर किया गया। सन्नी चंद्रवंशी ने कहा कि भीम चंद्रवंशी को राज्य सभा सांसद उम्मीदवार बनाया गया है। जिससे चंद्रवंशी परिवार में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को चंद्रवंशी समाज की ओर से बधाई। मौके पर कोषाध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद, अजय सिंह, सोनू, मनीष, कुंदन चंद्रवंशी, मुखिया पति संजय चंद्रवंशी, आलोक, दीपक, मनोज सहित काफी संख्या में चंद्रवंशी समाज के लोगों ने खुशी जाहिर किया।

# विशुनपुरा प्रमुख दीपा पहुंची पीड़िता के घर

## ‘आजाद सिपाही’ अखबार में छपी खबर का असर

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** नहीं मिला आवास और राशन कार्ड, मजदूरी कर तीन बच्चों और मंदबुद्धि पति का महिला कर रही भरण पोषण इंद्रावती देवी शीर्षक के नाम से प्रमुखता से प्रकाशित खबर के आलोक में विशुनपुरा प्रमुख दीपा ने पिपरी वियार टोला पीड़िता के घर पहुंच कर जनाकारी लिया। इस दौरान प्रमुख ने वास्तविक स्थिती का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर पाया कि इंद्रावती देवी का जर्जर घर गिर जाने के कारण दूसरे के घर मे शरण ली हुयी है। साथ ही अभी तक राशन कार्ड भी नही बना है। उन्होंने तत्काल खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि आवश्यक कागजात लेकर प्रखंड कार्यालय पहुंचे। जल्द ही सरकारी सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने ग्रीन कार्ड बनवाने का आश्वासन दिया है और बच्चे को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का सलाह दी है। वहीं अबुआ आवास के लिए पहले चरण में इंद्रावती का नाम नहीं होने पर चिंता जतायी है। प्रमुख ने कहा कि आवास संबंधित कई शिकायते प्रखंड के हर पंचायत से आ रही है, जिन्हे पहले चरण में आवास मिलना चाहिए था। उनका पहले चरण में नाम ही नहीं होना काफी दुःखद है।

मालूम हो पिछले शनिवार को प्रमुखता से यह खबर दैनिक अखबार आजाद सिपाही में प्रकाशित की गयी थी। मौके पर ग्यासुदीन अंसारी, प्रमुख प्रतिनिधि चंदन मेहता, कालो देवी, रामचंद्र वियार, भरदुल वियार उपस्थित थे।

## कीड़ा की दवा खाने से पांच छात्र बीमार

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्रावि बहेरा में अध्ययनरत पांच बच्चे कीड़ा की दवा एलमेंडाजोल दवा खाने के बाद बीमार हो गयी। आनन फानन में विद्यालय के शिक्षकों ने 108 एंबुलेंस से बीमार सभी बच्चों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मझिआंव ले जाया गया। जहां पर इलाज के बाद सभी बच्चे ठीक और खतरे से बाहर हैं। विद्यालय के शिक्षक जय प्रकाश तिवारी ने बताया कि आज दोपहर का एमडीएम खाने के बाद स्वास्थ्य सहिया रीना देवी ने स्कूल में आकर सभी बच्चों को कीड़ा की दवा एलमेंडाजोल खिलायी थी।

## पत्रकार अजय की मौत की सीआइडी जांच की मांग



मझिआंव (आजाद सिपाही)। मझिआंव-बरडीहा के पत्रकारों द्वारा ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले लातेहार के पत्रकार अजय सिन्हा की संदेहास्पद मौत की सीआईडी जांच की मांग करते हुए 6 सुत्री मांग पत्र झारखंड मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ताजा मामला 11 फरवरी को लातेहार में संगठन के पलामू प्रमंडल के प्रभारी और राष्ट्रीय नवीन मेल के ब्यूरो चीफ अजय सिन्हा कल रेलवे ट्रैक के किनारे छठी छत अवस्था में मिला है। इस संदेहास्पद घटना की कड़ी निंदा करते हुए मझिआंव-बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के पत्रकार एआईएस एमजेडब्ल्यूए के वैनर तले अखिलेश ठाकुर, विनय कुमार, उपेंद्र कुमार, सूर्य प्रकाश मेहता, चंदन मेहता, जिला अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह, प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम जयसवाल, जिला महासचिव अमित कुमार मेहता हम सभी लोग सीआईडी जांच की मांग करते हैं।


झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

63वीं औपबंधिक सूची जिला:–हजारीबाग

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–345/24<br>2. आवेदक–मसो0 अर्चना सिन्हा<br>3. पति–स्व0 राजेष रंजन सिन्हा<br>4. ग्राम–मालवी मार्ग पोस्ट–सदर<br>5. थाना–सदर हजारीबाग प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–महिला आयु–44 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–346/24, 30/23<br>2. आवेदक–संजीव सिंहा<br>3. पिता–स्व0 भोलानाथ सिंहा<br>4. ग्राम–थाना गली सदर पोस्ट–सदर<br>5. थाना–सदर हजारीबाग प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–57 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–347/24, 160/23<br>2. आवेदक–श्रीप्रकाष झा<br>3. पिता–स्व0 श्रीदेव झा<br>4. ग्राम–न्यू एरिया, दूसरी गली , पोस्ट–सदर<br>5. थाना–सदर हजारीबाग प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–57 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बायें कंधे पर तिल का निषान। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–348/24, 162/23<br>2. आवेदक–दिनेष कुमार<br>3. पिता–सीताराम गुप्ता<br>4. ग्राम–कानी बाजार, रामनगर रोड पोस्ट–सदर<br>5. थाना–लोहसिंघना प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने गाल पर तिल का निषान। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–349/24<br>2. आवेदक–बिनोद कुमार दुबे<br>3. पिता–स्व0 महाबीर दूबे<br>4. ग्राम–मैयातू, सुल्ताना पोस्ट–सुल्ताना<br>5. थाना–कटकमदाग प्रखण्ड–कटकमदाग<br>6. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निषान। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–350/24, 161/23<br>2. आवेदक–योगेन्द्र कुमार<br>3. पिता–स्व0 महादेव प्रसाद<br>4. ग्राम–दीपूगढ़ा पोस्ट–सदर<br>5. थाना–कोर्रा प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–54 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बायें होंठ के पास तिल का निषान। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–351/24 2.आवेदक–सूरज सिंह<br>3.पिता–गंगा सिंह<br>4.ग्राम–मटवारी पोस्ट–सदर<br>5.थाना–कोर्रा प्रखण्ड–सदर<br>6.लिंग–पुरूष आयु–56 वर्ष<br>7.पहचान चिन्ह–ललाट में चेचक का दाग। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–352/24<br>2. आवेदक–मितेष कुमार उर्फ रिंकू वर्मा<br>3. पिता–स्व0 बादल वर्मा<br>4. ग्राम–मटवारी पोस्ट–सदर<br>5. थाना–कोर्रा प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–सर के दाहिने ओर कटे का निषान। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–353/24<br>2. आवेदक–रितेष कुमार<br>3. पिता–स्व0 राजेन्द्र प्रसाद<br>4. ग्राम–मेन रोड, सदर पोस्ट–सदर<br>5. थाना–सदर हजारीबाग प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–ललाट पर तिल का निषान। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–354/24<br>2. आवेदक–कृष्णा गोस्वामी<br>3. पिता–राजदेव गोस्वामी<br>4. ग्राम–मटवारी पोस्ट–सदर<br>5. थाना–कोर्रा प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–49 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–गाल में कटा का निषान। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–355/24<br>2. आवेदक–राजीव रंजन उर्फ राजु सिंह<br>3. पिता–ब्रजनंदन सिंह<br>4. ग्राम–दीपूगढ़ा, पोस्ट–सदर<br>5. थाना–कोर्रा प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–57 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने आँख के नीचे कटे का निषान। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 12 | 1. आवेदन क्र0–356/24<br>2. आवेदक–सुभाष कुमार सिंह<br>3. पिता–आदित्य सिंह<br>4. ग्राम–पी0टी0सी0 रोड, पोस्ट–सदर<br>5. थाना–कोर्रा प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–61 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–गाल पर कटे का निषान। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 13 | 1. आवेदन क्र0–357/24, 31/23<br>2. आवेदक–भईया संजय कुमार सिन्हा<br>3. पिता–स्व0 भोलानाथ सिन्हा<br>4. ग्राम–सदर थाना गली पोस्ट–सदर<br>5. थाना–सदर हजारीबाग प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–64 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–358/24<br>2. आवेदक–सुबीर राणा<br>3. पिता–नन्द किषोर राणा<br>4. ग्राम–मालवीय मार्ग पोस्ट–सदर<br>5. थाना–सदर हजारीबाग प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–55 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने आँख के उपर कट का निषान। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 15 | 1. आवेदन क्र0–359/24<br>2. आवेदक–सुधीर कुमार<br>3. पिता–स्व0 महादेव प्रसाद<br>4. ग्राम–दिपूगढ़ा पोस्ट–सदर<br>5. थाना–कोर्रा प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–59 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बायें हाथ के कनिष्ठ अंगुली के नाखुन के नीचे कटे का निषान। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 16 | 1. आवेदन क्र0–360/24, 26/23<br>2. आवेदक–दीपक कुमार जैन<br>3. पिता–स्व0 सोहनलाल जैन<br>4. ग्राम–काली बाड़ी रोड पोस्ट–सदर<br>5. थाना–सदर हजारीबाग प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–57 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दायां गाल में मासा का निषान। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–361/24<br>2. आवेदक–दयानंद प्रसाद साव<br>3. पिता–स्व0 रामा साव<br>4. ग्राम–मेन रोड पोस्ट–सदर<br>5. थाना–लोहसिंघना प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–64 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–आँख के दाहिने ओर मासा। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–362/24<br>2. आवेदक–सोहेब अहमद खान उर्फ मास्टर सोरेन<br>3. पिता–स्व0 तुफैल अहमद खान<br>4. ग्राम–मालवीय मार्ग पोस्ट–सदर<br>5. थाना–सदर हजारीबाग प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–55 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने हथेली पर जला हुआ निषान। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–363/24<br>2. आवेदक–मनोहर कुमार<br>3. पिता–स्व0 महादेव प्रसाद<br>4. ग्राम–दीपूगढ़ा पोस्ट–सदर<br>5. थाना–कोर्रा प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दायें हाथ के पंजे पर जला का निषान। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–364/24<br>2. आवेदक–रितेष कुमार सिंह<br>3. पिता–भूनेष्वर सिंह<br>4. ग्राम–कोर्रा जबरा रोउ पोस्ट–कोर्रा<br>5. थाना–कोर्रा प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निषान। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–365/24<br>2. आवेदक–षिषिर कुमार सिन्हा<br>3. पिता–स्व0 षम्भू शरण सिन्हा<br>4. ग्राम–कोर्रा पोस्ट–कोर्रा<br>5. थाना–कोर्रा प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–60 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने ललाट पर कटे का निषान। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 22 | 1. आवेदन क्र0–366/24<br>2. आवेदक–किषोर कुमार सोनी<br>3. पिता–स्व0 गुनीलाल सोनी<br>4. ग्राम–आश्रम रोड, कुम्हार टोली पोस्ट–सदर<br>5. थाना–सदर हजारीबाग प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–60 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–पैर में चोट का निषान। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 23 | 1. आवेदन क्र0–367/24<br>2. आवेदक–अर्जुन कुमार<br>3. पिता–स्व0 भगत बहुदर क्षेत्री<br>4. ग्राम–नवाबगंज पोस्ट–सदर<br>5. थाना–सदर हजारीबाग प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–54 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिने तरफ नाक में तिल का निषान। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 24 | 1. आवेदन क्र0–368/24<br>2. आवेदक–मसो0 जयंती देवी<br>3. पति–स्व0 अभय सिंह<br>4. ग्राम–डोईया पोस्ट–वृन्दावन<br>5. थाना–चौपरण प्रखण्ड–चौपारण<br>6. लिंग–महिला आयु–60 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 25 | 1. आवेदन क्र0–369/24<br>2. आवेदक–नरेष सिंह<br>3. पिता–बन्धन सिंह<br>4. ग्राम–मटवारी पोस्ट–सदर<br>5. थाना–कोर्रा प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नही | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |
| 26 | 1. आवेदन क्र0–370/24<br>2. आवेदक–दषरथ गोप<br>3. पिता–किषुन गोप<br>4. ग्राम–दीपूगढ़ा , पोस्ट–सदर<br>5. थाना–कोर्रा प्रखण्ड–सदर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–माथे पर कटा का निषान। | हजारीबाग अनु0 दण्डा वाद सं0 894/93 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.03.1993 को झारखण्ड बंद के दौरान विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा–107,151 दं0प्र0सं0<br>पार्टी का नाम : झामुमो | कंडिका 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य
(नरसिंह मुर्मू) सदस्य
(दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 318708 (Home)23-24*D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 13 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in
08

### कैरो में आजसू पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

# देवशरण भगत ने चूल्हा प्रमुख और पिलर मेंबर को चुनाव जीतने के गुर सिखाये

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैरो।** कैरो प्रखंड में प्रभारी एवं केंद्रीय सचिव अरविंद यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कैरो प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी हसन अंसारी, लोहरदगा विधानसभा संगठन के प्रभारी एवं हटिया विधानसभा प्रभारी भरत काशी झारखंड आंदोलनकारी लोहरदगा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी केंद्रीय महासचिव एवं विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत मुख्य रूप से उपस्थित रही। कैरो प्रखंड के 6 पंचायत और 26 राजस्व ग्राम में एक महिला एवं एक पुरुष पिलर मेंबर के रूप में बनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर डॉ देवशरण भगत ने पिलर मेंबर चूल्हा प्रमुख एवं कैसे चुनाव जीत सके इस पर कार्यकताओं में जोश भरने का काम किया। सभी कार्यकताओं ने एक साथ अपनी एकता अखंडता को दिखाते हुए आने विधानसभा चुनाव 2024 को फतह करने की जोश भरे। जिला प्रभारी हसन अंसारी कार्यकताओं को आपसी समन्वय स्थापित करके भविष्य के कार्यक्रम करने की नसीहत दी। खिजरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पारस उरांव ने भी सभा को संबोधित किया। लोहरदगा विधानसभा के प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने कहा कि पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत जिस तरह से आज गांव गांव घर-घर में बसे हुए हैं। आज उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए हम सभी लोग संगठित एकत्रित होकर उनके अधूरे सपने को पूरा करने के लिए तन मन से काम करेंगे। अंजू देवी ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष ओम भारती लोहरदगा नगर के अध्यक्ष अशोक साहू, जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह, कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, जिला विजय उरांव, मुखिया दिलीप उरांव, बिहारी साहू, अरविंद, मुखिया अवध साहू, संजय साहू, सुजीत सिंह, परमानंद साहू, रमेश रविदास, बलराम साहू, संग्राम यादव, मुरारी साहू, पन्ना भगत, संजय महतो कृष्णा साहू, मनवहर खान इत्यादि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तेज गति से चलाया जा रहा गांव चलो अभियान : संतोष यादव



आजाद सिपाही संवाददाता

**हेरहंज/ लातेहार।** गांव चलो अभियान के तहत लावागड़ा गांव के बूथ संख्या-28 में भाजपा कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला मंत्री सह कार्यक्रम संयोजक संतोष यादव ने किया। मौके पर कार्यक्रम संयोजक सह जिला मंत्री संतोष यादव ने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत गांव गांव में जाकर ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें केन्द्र सरकार द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों को विस्तार पूर्वक से बताया जा रहा है। साथ ही साथ दीवाल लेखन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता एक सिपाही की तरह आने वाले लोकसभा चुनाव में अपना कार्य करेंगे। उन्होंने एक बार फिर मोदी सरकार को लाने का आह्वान किया है। यह कार्यक्रम पूरे जिले में तेज गति से चलाया जा रहा है और अभी चलता रहेगा। वहीं वोट का प्रतिशत बढाने का संकल्प लिया गया। बैठक में बूथ प्रवासी विजय गुप्ता, बूथ अध्यक्ष प्रमोद सिंह के साथ काफी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 14 फरवरी को गोदरमना से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की होगी शुरुआत



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मे शामिल होने को लेकर कांग्रेस प्रखण्ड कार्यालय परिसर मे प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से न्याय यात्रा को लेकर चर्चा की गयी। इस सम्बंध में प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता ने बताया कि छत्तीसगढ़ के बाद झारखंड के गढ़वा जिला क्षेत्र अन्तर्गत गोदरमना से 14 फरवरी को न्याय यात्रा प्रारंभ होगा जो विश्रामपुर बी मोड़ के पास सभा में तब्दील होगा। जो हजारों की संख्या में मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचन्द्र सिंह के नेतृत्व में न्याय यात्रा में कार्यकर्ता शामिल होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि देश में कुछ मित्र घराने की संपत्ति लगातार बढ़ रही है और गरीबों की संपत्ति कम हो रही है। केंद्र सरकार पर भी जमकर हमला बोला। महिलाओं की बात करनेवाली मोदी सरकार के कार्यकाल में महिला खिलाड़ियों का उत्पीड़न होता रहा पर सरकार सोयी रहीं। वही मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रदेश कार्यकारी सदस्य रविंद्र राम, विधायक प्रतिनिधि पिंटू सिंह, मंडल अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, अजीत कुमार, इस्माइल अंसारी, शाहिद आलम, अवधेश मेहरा, रविंद्र राम, नरेश सिंह, संतोष प्रसाद, राणा प्रताप सिंह, समसुल अंसारी समेत कई नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिनदहाड़े शिक्षक की बाइक ले उड़े चोर

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना क्षेत्र के सुंदरू गांव स्थित राजकीय उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय परिसर से अज्ञात चोरों ने सोमवार की दोपहर काले रंग की पल्सर बाइक नं जेएच 08 जी 9255 लेकर फरार हो गये। काफी खोजबीन करने के बावजूद जब, बाइक नहीं मिली तो, कुडू थाना में पीड़ित सहायक शिक्षक शंभू कुमार शर्मा ने मामला दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार कुडू सुंदरू गांव स्थित उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षक हसन अंसारी का विदाई समारोह आयोजित था। विदाई समारोह में भाग लेने के लिए लोहरदगा शहरी क्षेत्र निवासी शंभू कुमार शर्मा सुंदर गांव गये थे। शिक्षक शंभू कुमार शर्मा वर्तमान में कुडू के चटकपुर प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक के रूप में पदस्थापित हैं। इधर, अपनी काले रंग की पल्सर बाइक को स्टेरिंग लॉक कर सुंदर गांव में विद्यालय के पुराने भवन के निकट खड़ा कर कार्यक्रम में भाग लेने चले गये। वापस आने के बाद उनकी पल्सर बाइक गायब थी। जबकि, बाइक में लटकाया गया हेलमेट बगल में फेंका हुआ था। ग्रामीण और शिक्षकों द्वारा चोरी गये बाइक की खोजबीन की गयी बावजूद, शिक्षक की बाइक नहीं मिली। कुडू थाना में मामला दर्ज होने के बाद अज्ञात बाइक चोरों के विरुद्ध धर पकड़ के लिए कार्रवाई शुरू किया गया।

# प्रखंड स्तरीय खरीफ सह मिलेट्स कार्यशाला का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** प्रखंड स्तरीय खरीफ फसल सह मिलेट्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला परिषद सदस्य सन्तोषी शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, प्रमुख सुशीला कुमारी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रभारी कृषि पदाधिकारी देवलाल राम एटीएम रौशन कुजूर के द्वारा कृषि विभाग से संचालित योजनाओं का लाभ लेने का किसानों से आह्वान किया गया। किसान मित्र एवं प्रगति किसान से किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध मे विस्तार से चर्चा किया गया, ताकि किसानों को यह मालूम हो कि केसीसी पास होने के बाद जितना किसान खाते से निकासी करेगा, उसी पर उस दिन से ब्याज लगेगा। किसानों को स्टेप वाइज कृषि ऋण फार्म को भरने का तरीका विस्तार से बताया गया है। झारखंड राज्य कृषि ऋण माफी योजना के बचे हुए लाभुक का ई-केवाईसी कराने का किसान मित्रों को कहा गया। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों का किस्त मिलना है। लेकिन ई-केवाईसी, लैंड सीडींग या आधार सीडींग नही होने के कारण उस किसान को पीएम किसान का लाभ नही मिलेगा। इस लिए उस सभी किसान का समस्या निवारण करते हुए किसानों को लाभ दिलाये। बीडीओ रेशमा रेखा मिंज के द्वारा कृषि विभाग के द्वारा संचालित योजना जैसे धान और मोटे अनाज का अनुदान पर बीज वितरण, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, केसीसी ऋण , योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किसानों को संबोधित किया। साथ ही आत्मा के द्वारा प्रत्यक्षण, प्रशिक्षण, परिभ्रमण, किसान गोष्ठी, किसान पाठशाला, किसान वैज्ञानिक अंतर मिलन इत्यादि का लाभ लेने हेतु किसानों से अनुरोध किया गया।

# एथलेटिक्स खिलाड़ियों के भविष्य को निखारने का प्रयास करेंगे: सुखैर भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड निवासी सूखैर भगत को कांग्रेस पार्टी द्वारा झारखंड एथेलेटिक्स एशोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जानें पर खेल प्रेमियों ने बधाई दिया है। मौके पर सूखैर भगत ने कहा की प्रदेश में खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का जो मौका मिला है। उसे खिलाड़ियों का भविष्य को निखारने का प्रयस करेंगे। जिसमें खास कर लोहरदगा जिला के खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए जिला का नाम रौशन करने के प्रेरित करने का प्रयास करेंगे। वहीं हाजी शकील अहमद ने कहा की राज्य स्तर पर आदिवासी व्यक्ति को नेतृत्व करने का मौका मिलना अच्छी बात है। कहा कि सूखैर भगत को निर्वाचन प्रक्रिया के माध्यम से कांग्रेस पार्टी द्वारा झारखण्ड एथलेटिक्स एशोसिएशन का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। इससे पहले स्व. राशिद खान झारखण्ड एथलेटिक्स एशोसिएशन के उपाध्यक्ष थे। उसके पश्चात पहला आदिवासी व्यक्ति को मौका मिला है। हम जिला वासी और खेल प्रेमियों में हर्ष है। बधाई देने वाले में राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, डा अजय सहदेव, हाजी शकील अहमद, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि नितीश जयसवाल, जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत, क्यूंम खान के अलावे जाहिद अहमद, अफसर कुरैशी, नंदकिशोर शुक्ला, सगीर अंसारी, जोगेंद्र उरांव सहित अन्य शामिल हैं।

# कड़ी सुरक्षा के बीच 778 परीक्षार्थियों ने दी मैट्रिक परीक्षा, 9 छात्र रहे अनुपस्थित



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच सीसीटीवी की निगरानी में संपन्न हुई। छठे दिन सोमवार को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में 789 परीक्षार्थियों में 778 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया, तथा 11 अनुपस्थित रहे। दंडाधिकारी द्वारा सघन जांच कर छात्र छात्राओं को परीक्षा केंद्र में प्रवेश कराया गया। झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा प्रखंड क्षेत्र के नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वहीं नंदलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में 474 उपस्थित व 04 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे। कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में 306 उपस्थित व 05 अनुपस्थित रहे। मौके पर दंडाधिकारी के रूप में प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह, बीपीओ निलेन्द्र कुमार तथा एसआइ शशिकांत कुमार, एएसआइ राजेश राम लोहरा दल बल के साथ के मौजूद रहे।

# केमिस्ट की रक्षा करना संगठन का कार्य होता है : विनोद बिहारी गुप्ता

संतोष सिन्हा



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** लातेहार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसियेशन जिला कमिटी की बैठक जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता के अध्यक्षता में बालूमाथ के होटल हिंदुस्तान में संपन्न हुई। बैठक का संचालन उमाशंकर चैतन्य ने किया।


बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता ने कहा कि आप सभी निर्भीक होकर अपना व्यापार कीजिये। अपने केमिस्ट्स का रक्षा करना संगठन का कार्य होता है। इसके लिए जिला संगठन हमेशा तत्पर रहेगा। जिस तरह आज की बैठक में उपस्थित हुए हैं, यह दशार्ता है कि निश्चित रूप से हम संगठित हैं।

बैठक को संगठन सचिव राजीव कुमार, सह सचिव चंद्रकांत प्रसाद, मो जावेद अख्तर,बलवंत सिंह, डा बिरेंद्र यादव, डा गौस, रामलाल यादव, लखन लाल, निरंजन गुप्ता ने भी संबोधित किया।

बैठक में मुख्य रूप से मो आबिद, सतीश कुमार, मो तौफीक, डा बीरू यादव, डा आनंद प्रजापति, ब्रह्मदेव यादव, मो नजरूल मो शाहनवाज, दिनेश प्रसाद, विपीन बिहारी गुप्ता, चंचल कुमार, संजय सिन्हा, नीरज कुमार, राम बलि तिवारी, रणधीर प्रजापति, मो अनवर, रमेश प्रसाद, पवन यादव, आनंद बिहारी, आनंद साहू उमेश प्रसाद , रोहित कुमार के अलावे हेरहंज, बारियातू, मकैयाटांड़, मुरपा के दर्जनों केमिस्ट्स उपस्थित थे।

# भंडरा प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित, विपक्ष में पड़े 09 मत

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** भंडरा प्रखंड पंचायत समिति के सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख बरिया देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया था । जिसको लेकर सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी की उपस्थिति में प्रखंड मुख्यालय के सभा भवन में विशेष बैठक हुई। जिसमे प्रस्ताव पर 9 पंचायत समिति सदस्यों ने प्रमुख बरिया देवी के विरोध में अपना वोट दिया। प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा की उपस्थिति में हुई पंचायत समिति की बैठक में यह प्रस्ताव लाया गया। एसडीओ ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव पर गुप्त मतदान हुआ, जिसमे विरोध में 9 मत पड़े, जबकि निवर्तमान प्रमुख व मसमानो के एक पंसस नही पहुंचे।

**पंसस ने लगाया असफलता का आरोप :** पंचायत समिति के सदस्यों ने प्रमुख बरिया देवी पर लापरवाही बरतने, मासिक समीक्षा बैठक बुलाने में असफल रहने, पंचायत समिति सदस्यों द्वारा मांगी गयी सूचनाएं उपलब्ध कराने में सहयोग नहीं करने, बैठक में पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित नहीं कराने व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों व कर्मचारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण का अभाव रहने का आरोप लगाया था।

**क्या था मामला:** प्रखंड पंचायत समिति के सदस्यों ने 25 जनवरी को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंपकर प्रखंड प्रमुख को हटाने के लिए उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग की थी। बीडीओ ने अनुमंडल पदाधिकारी को पत्राचार जानकारी दी। मामले का संज्ञान लेते हुए एसडीओ ने अविश्वास प्रस्ताव लाने की अनुमति दी।

# सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में सरस्वती पूजा मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में आये हुए शांति समिति के सदस्यों के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में सरस्वती पूजा मनाने के बारे में जानकारी दी गयी। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि शांति व सौहार्द के साथ सरस्वती पूजा मनाने का प्रयास करेंगे और बाजा का आवाज को धीमी रखने का कोशिश करेंगे। जिससे किसी को आपत्ति न हो। कहा की सरस्वती पूजा विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं का पर्व है। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि पूजा के उपरांत विसर्जन के समय भड़काऊ और अश्लील गाना का प्रयोग नहीं करेंगे या किसी भी माध्यम से आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करेंगे। मौके पर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, एसआइ गणेश कुमार यादव, शशिकांत कुमार के अलावे अरु मुखिया राजश्री उरांव, नंदकिशोर शुक्ला, इतलन्ति भगत, मुनेश्वर साहु, आदित्य साहु, नौमी मिंज, आदर्श साहु, सुनील मेहता, धर्मवीर उरांव, ओमप्रकाश यादव, राजेश उरांव, मुकेश उरांव सहित शांति समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जिला पर्यटन संवर्द्धन समिति शासी निकाय की बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पर्यटन संवर्द्धन समिति शासी निकाय की बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व की बैठक में दिये गये निदेशों की समीक्षा की गयी। मंदिरों में सुरक्षा व साफ-सफाई हेतु आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिये गये। बीएस कॉलेज में रात्रि प्रहरी हेतु जेटीडीसी से मांग किये जाने का निर्देश दिया गया। सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव द्वारा बैठक में मिले प्रस्ताव पर कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित बौद्ध मठ के संवर्द्धन हेतु निदेशक, संस्कृति को पत्र लिखे जाने का निदेश पर्यटन पदाधिकारी को दिया गया। सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल द्वारा समय-समय पर पर्यटन स्थलों की साफ-सफाई कराये जाने का प्रस्ताव दिया गया। टिको ग्राम में शहीद हुईं रूनिया-झुनिया के शहादत स्थल का संवर्द्धन हेतु हलधर -गिरधर शहीद स्थल के भाग पर विभाग की स्वीकृति लिए जाने का निर्देश दिया गया। धरधरिया जलप्रपात के पास शहीद जवानों का शिलालेख लगाये जाने हेतु निर्देश दिया गया। साथ में अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गयी व आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में लोकसभा सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, डीएफओ अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, डीएसपी, जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव, समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सदर थाना प्रांगण में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। इस दौरान शांति समिति के सदस्यों ने सरस्वती पूजा को आपसी भाईचारे और प्रेम के साथ मनाने का निर्णय लिया। मौके पर एसडीओ ने कहा कि मां सरस्वती विद्या की देवी है जो सभी को ज्ञान का आशीर्वाद देती हैं। सरस्वती पूजा अधिकतर विद्यालयों में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। वही कुछ लोग पंडाल बनाकर मूर्ति स्थापना करते हैं। प्रतिमा विसर्जन के दौरान किसी तरह का कोई भी सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो उसकी खैर नहीं। पूजा समिति के लोगो से अपील की है वे निर्धारित मानक के अनुसार डीजे साउंड सिस्टम बनाएंगे। कोई भी भड़काऊ या अश्लीलता वाली गाने नहीं बजायेंगे जिससे माहौल बिगड़े। मौके पर एसडीओ अमित कुमार, डीएसपी श्रद्धा केरकेट्टा, सदर थाना के इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रत्नेश मोहन कुमार ठाकुर, सदर अंचल अधिकारी श्री आशुतोष, रउफ अंसारी, फारूक अंसारी फारूक कुरैशी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# पत्रकार अजय सिन्हा की मौत से बारियातू के पत्रकार मर्माहत, दो मिनट का मौन रखा

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पत्रकारों ने हिंदी दैनिक अखबार के जिला ब्यूरोचीफ की मौत से काफी मर्माहत हैं। पत्रकारों ने उनके दिव्यांगत आत्मा की शांति के लिए सोमवार को दो मिनट के लिए मौन रखा। मौन रखने वालों मे अरशद अजमी, संजय राम, सत्येंद्र प्रसाद, मो कुतुबउद्दीन, रुपेश कुमार, रामप्रीत लोहरा, सहित कई लोग शामिल रहे। लातेहार के राष्ट्रीय नवीन मेल हिंदी दैनिक के जिला ब्यूरो अजय सिन्हा की रेलवे ट्रेक से रविवार को शव बरामद की गयी। पत्रकारों ने पुलिस प्रशासन से मौत का निस्पक्ष जांच का मांग के साथ ही साथ 25 लाख रुपये व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी का मांग किया है।

## घर मे आग लगने से लगभग 5 लाख की क्षति



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कुदरा मोड़ जीता पतरा के समीप मेघनाथ साहु के मकान में सोमवार दोपहर दो बजे के करीब आग लग गई। आगजनी में करीब पांच लाख का क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। पीड़िता परिवार की प्रियांशी कुमारी ने बताया कि उसके पति का आर्मी का आई कार्ड, जमीन का दस्तावेज,एलआइसी व सहारा दस्तावेज, 2 लाख का गहना-जेवर, फर्नीचर, बेड-बिस्तर, कपड़ा सहित अन्य सामान पुरी तरह से जल कर राख हो गया। लगभग 5 लाख रुपए की क्षति होने का अनुमान है। हस्थानीय लोगों व युवाओं ने पानी मशीन के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। आशंका जताया जा रहा है की घर में सॉट सर्किट से आग लगी होगी। गनीमत रही की आग लगने के दौरान घर के अंदर कोई मौजूद नही था, और आग पर जल्द ही काबू पा लेने से बड़ी घटना घटने से बच गया।

## सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर बसिया में आगामी सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक एसडीओ जयवंती देवगन के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में एसडीओ ने लोगों से शांति एवं सौहार्द पूर्वक त्यौहार मनाने कि अपील करते हुए कहा कि इस वर्ष सरस्वती पूजा के दौरान ही मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षाएं भी संचालित है और क्षेत्र में लगभग सभी जगह में छात्र-छात्राएं इंटर और मैट्रिक की परीक्षाएं दे रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए पूजा के दौरान बजाई जाने वाली साउंड बॉक्स और डीजे को रात में बंद कर दें ताकि परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को किसी तरह की परेशानी ना हो सके। उन्होंने सभी लोगों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। एसडीपीओ नाजीर अख्तर ने कहा कि सौहार्दपूर्ण पूर्ण वातावरण में सभी मिलकर सरस्वती पूजा का त्योहार मनाये, सरस्वती विद्या की देवी होती है और अधिकतर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी पूजा करते हैं।यह पर्व किसी धर्म विशेष की नहीं है। इस पर्व को सभी समुदाय के लोग मानते है। उन्होंने सभी समुदाय के लोगों को मिलजुल कर सहयोग करने की अपील की। साथ ही कहा की किसी तरह की अनहोनी होने की आशंका होने पर इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को अवश्य दें ताकि शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाया जा सके। मौके पर बीडीओ सुप्रिया भगत,सीओ नरेश कुमार मुंडा, प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी शिव शंकर मरांडी, थाना प्रभारी छोटू उरांव, अलीम खान, मुंतजिर खान, अफान खान,सुशील कुमार होता, जेडी नायक, सीताराम साहु, नवीन मिश्रा, अमृता देवी, पंचम जायसवाल सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## थाना प्रभारी की विदाई पर सम्मान सामारोह आयोजित



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना प्रभारी कौशलेंद्र कुमार की विदाई को लेकर समाजसेवी मुकेश नाग और सांसद प्रतिनिधि बबलू रजक के नेतृत्व पर बालाघाट नदी पर वनभोज सह सम्मान सामारोह का आयोजन किया गया। वहीं थाना प्रभारी कौशलेंद्र कुमार ने उपस्थित लोगों से कहा कि अपने कार्यकाल मे यहां के लोगों का व्यवहार व लगाव को देखकर कामडारा क्षेत्र के लोग मुझे एक परिवार की तरह लगने लगे थे। वहीं किसी भी तरह का समाजिक व सार्वजनिक कार्यों पर यहां के लोगों का आपसी प्रेम व सहयोग हमेशा मिलता रहा, जो काफी प्रशंसनीय है।मै जहां कहीं भी रहूंगा, वहां पर हमेशा कामडारा वासी मेरे दिल पर रहेंगे।मालूम हो कि कामडारा थाना प्रभारी कौशलेंद्र कुमार को हाल के दिनों मे बोकारो जिला के लिये स्थांतरित की गई है।आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान यमुना प्रसाद गुप्ता, तुलराज कांशी, अब्दुल शब्बीर, बड़ाईक तारकेश्वर सिंह,आनंद ओहदार सहित स्थानीय गणमान्य लोग काफी संख्या मे मौजूद थे।

## ट्रेन के ठहराव को लेकर सांसद के नाम पत्र सौंपा

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** पोकला रेलवे स्टेशन पर मौर्य एक्सप्रेस ट्रेन नं 15027/28 की ठहराव के मांग को लेकर ग्रामीणों ने सांसद सुदर्शन भगत व रांची रेलमंडल के डीआरएम जसमीत बिंद्रा के नाम पर पत्र प्रेषित किया। जानकारी के मुताबिक रेलवे बोर्ड के अधिकारियों ने हाल के दिनों मे गोरखपुर से हटिया तक चलने वाली मौर्य एक्सप्रेस ट्रेन नं 15027/28 को विस्तारित करते हुये अब उड़ीसा संबलपुर तक चलाने का निर्णय लेते हुये समय सारणी का निर्धारण किया जा रहा है। वहीं इधर इसकी खबर लगने के बाद कामडारा व बसिया क्षेत्र के ग्रामीणों ने उक्त मौर्य एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव पोकला रेलवे स्टेशन पर कराये जाने की मांग को लेकर लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत और रांची रेलमंडल के डीआरएम के नाम पर पत्र प्रेषित कर ठहराव के लिये गुहार लगाया है। ग्रामीण उपेंद्र कुमार ने बताया कि सुबह के वक्त मे उड़ीसा व संबलपुर जाने के लिये कोई भी ट्रेन नहीं है। जिसके कारण खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ से जुड़े आम ग्रामीणों को सुबह के वक्त उड़ीसा जाने के लिये काफी दिक्कत होती है।

# राजनीतिक अवसरवाद का पर्याय बन गया है झारखंड : मिशन बदलाव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड की व्यस्था भगवान भरोसे चल रही है। हमारी मुलभूत समस्याएं और ग्राउंड जीरो के अहम मुद्दे से किसी भी राजनीतिक दलों को कोई लेना देना नहीं है। उनके नेतृत्व को समझना बहुत मुश्किल है कि कौन नेता अपनी निजी स्वार्थों के लिये कब किस दल में शामिल हो जाये। उक्त बातें मिशन बदलाव के वनभोज कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक भूषण भगत ने कही। उन्होंने आगे कहा कि राजनीति के गलियारे में हो रही खरीद फरोख्त के सामने विचारधारा दम तोड़ती नजर आ रही है। बता दें कि मिशन बदलाव का वनभोज सह सवांद कार्यक्रम कोलेबिरा स्थिति डैम के पास आयोजन किया गया। जिमसें मिशन बदलाव के गुमला सिमड़ेगा, खुंटी रांची के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर मिशन बदलाव रांची के सदस्य और अधिवक्ता उच्च न्यायालय रांची के भास्कर महतो और राज कुमार ने कहा आज हम लोग देखते है कि पूर्व मुख्यमंत्री से लेकर पूर्व मंत्री और नौकरशाह सेटिंग वेटिंग और अन्य भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जा रहे है। संवाद कार्यक्रम के उद्देश्यों को खूंटी जिला प्रमुख जयमंगल गुड़िया ने मिशन बदलाव के उद्देश्यों को विस्तृत पुर्वक बताया और कहा कि आज पूरे राज्य के युवा ठगे महसूस कर रहे है और हमारे संगठन के युवाओं के द्वारा सकारात्मक कोशिश कर गावं एवं जिला को सशक्त बनाया जा रहा है। प्रदीप गुप्ता ने कहा कि आने वाले समय मे हमारी युवाओं की टीम इतिहास रचने का कार्य करेंगी। मिशन बदलाव गुमला महिला जिला अध्यक्ष सैयदा खातुन और नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने बताया कि हमारी टीम में समाज के सभी लोंगो की सहभागिता है और सभी मिलकर समाज की कुरीतियों को दूर करने का कार्य कर रहे है। मिशन बादलाव सिमडेगा महिला जिला अध्यक्ष ने सिमडेगा में होने वाले कार्यों को लेकर रणनीति बनाकर धरातल में उतरने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिशन बदलाव केंद्रीय कमिटि सदस्य सुभाष सामंत ने की। कार्यक्रम में मिशन बदलाव सिमड़ेगा टीम से संतोष जोजो, सुधिर कुमार, मारवाड़ विरोहर, जेमश होरो, तोरपा टीम से कुणाल भगत सोनामती, कुमारी तुलसी साहू, गुमला टीम से जयोति ग्लोइरिया कुजूर, चन्दकला टोप्पो, बिनोद साहू प्रदीप वर्मा, सुशीला देवी, देवनारायण गोप, बसन्त कुमार, अंगराज सेनापति, नंद किशोर मंत्री, सूरज गुप्ता, स्वान कुमार, दीपक बड़ाईक, अविनाश नायक, दीपक सिंह और मो. तबरेज आलम उपस्थित थे।

# 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल का समर्थन करेगी किसान सभा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा गुमला के प्रमुख किसान नेताओं की आवश्यक बैठक गुमला कचहरी के पास सभा के जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक शुरू करने के पूर्व सिसई के सकरौली गांव में बीते दिन किसान परिवार के बीच खूनी झड़प में हुई नागेश्वर साहू, पवन साहू इत्यादि की हत्या पर दुख प्रकट करते हुए इस तरह की घटना कोई भी गांव में ना हो इसके लिए लोगों से आगे आने की भी अपील की गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भाकपा (माले) रेड स्टार के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की किसान विरोधी नीति के कारण अन्नदाता किसानों का हर स्तर पर शोषण हो रहा है जिसके विरुद्ध जागरूक व एकजुट होकर बृहद स्तर पर आंदोलन की आवश्यकता है। श्री सिंह ने 16 फरवरी 2024 को मेहनतकश विरोधी नीति के विरुद्ध ट्रेड यूनियनों द्वारा बुलायी गयी देशव्यापी हड़ताल एवं 19 फरवरी 2024 को रांची के राजभवन के समक्ष ईवीएम हटाने और लोकतंत्र बचाने की मांग को लेकर झारखंड तीसरा मोर्चा द्वारा आयोजित महाधरना में भाग लेने की किसानों से अपील की है। जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह ने कहा कि 28 फरवरी 2024 को होनेवाली गुमला में लोहरदगा लोकसभा स्तरीय जन संसद कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में मुख्य रूप से प्रकाश उरांव, शिवप्रसाद साहू, धर्मपाल उरांव, भूषण सिंह, शिव नायक , सोमरा खड़िया मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## ओमनी वैन की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड क्षेत्र के सुरसांग थाना अंतर्गत कुकुर डूबा घाटी के समीप मारुति कार के टक्कर से पाकईर धानी निवासी 45 वर्षीय तेतरु खड़िया गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसकी साइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। वहीं उसे सर चेहरा पैर सहित शरीर के कई हिस्से में काफी चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक व्यक्ति साइकिल से राशन लेकर कोंडरा से अपने घर लौट रहा था। तभी कुकुर डूबा घाटी के समीप सामने से मारुति कार टक्कर मारते हुए घटना स्थल से फरार हो गया। टक्कर में मारुति कार का नंबर सहित डंपर सड़क पर गिर गया। जिससे वाहन का बमबर पता चला। मामले को लेकर घायल व्यक्ति के परिजनों ने सुरसांग थाना में घटना की जानकारी दी। घायल को सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

## प्रधानाध्यापक पर आरोप लगाते बीपीओ को आवेदन सौंपा गया

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुगांव पंचायत के कई जनप्रतिनिधियों ने लिखित आवेदन देकर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुगांव के प्रधानाध्यापक पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए शिक्षा विभाग की बीपीओ पुष्पा टोप्पो को सोमवार को आवेदन सौपा है। दिए गए आवेदन में जनप्रतिनिधियों ने बताया कि विद्यालय के बच्चों को एक-एक अंडा के जगह अंडा को तोड़कर और उसमें आलू के साथ मिलाकर बच्चों को दिया जाता है। इसके साथ ही प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मारवाड़ी उरांव ने भी आरोप लगाते हुए कहा कि 2 वर्षों के मेरे कार्यकाल में कोई भी बैठक विद्यालय मे नहीं हुई है। प्रबंधन समिति और जनप्रतिनिधियों द्वारा भी संयुक्त रूप से विद्यालय का निरीक्षण किया गया था।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में मनायी गयी दयानंद सरस्वती की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की दो सौवीं जयंती पर एक भव्य कार्यक्रम सह हवन का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु ने अपने संदेश में कहा कि स्वामी जी ने ना सिर्फ.धर्म की गलत व्याख्या और पाखंड को दूर किया, बल्कि वेदों की सही व्याख्या की साथ ही समाज में वेदों के ज्ञान को पुनर्जीवित किया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को धर्म एवं शिक्षा के प्रकाश से दूर किया। उन्होंने कहा कि आर्य समाज ने हमेशा सामाजिक सुधारों और शिक्षा के माध्यम से देश की सांस्कृतिक और सामाजिक जागृति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य किया है। विद्यार्थियों ने 'भारत का कर गया बेड़ा पार वह मस्ताना जोगी' गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुपरवाइजरी हेड पवित्र कुमार मोहंती तथा अन्य शिक्षकों ने स्वामी जी के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन किया। शिक्षक अभय कुमार पांडेय एवं आर्य समाज काउंसिल सदस्य नीतीश जायसवाल, किशन शांडिल्य एवं समृद्धि महापात्रा ने स्वामी दयानंद सरस्वती की जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 12 फरवरी को आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्मस्थान गुजरात के मोरबी जिले के टंकारा में उनकी 200वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुनिया भर से बड़ी संख्या में जुटने वाले आर्य समाज के सदस्यों को संबोधित किया। टंकारा में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में गुजरात के गवर्नर आचार्य देवव्रत एवं मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# ओबीसी समुदाय चुनाव में करेगा नोटा बटन का प्रयोग: उदासन नाग

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा सोनारटोली स्थित मैदान में रविवार को पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के बैनर तले वार्षिक अधिवेशन सह चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरविंद प्रसाद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय अध्यक्ष उदासीन नाग केंद्रीय महासचिव दिलीप नाथ साहू ,केंद्रीय मुख्य संरक्षक जगदीश साहू ,जिला संरक्षक राम कैलाश राम, सूड़ी समाज के संरक्षक शीतल प्रसाद कालीचरण प्रसाद मौजूद रहे। मौके पर जिला में ओबीसी को शून्य करने को लेकर कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई और कहा गया कि सरकार आई गई लेकिन राजनीतिक दलों के द्वारा हमेशा से ओबीसी समुदाय को वोट बैंक समझ गया और उनके आरक्षण को हमेशा दरकिनार कर आगे बढ़ा गया। लेकिन अब ओबीसी समुदाय को आगे जाकर आगामी चुनाव में नोटा बटन का प्रयोग करते हुए राजनीति दलों का बहिष्कार करना होगा। केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि ओबीसी समुदाय एकजुट होकर चुनावी बहिष्कार करें क्योंकि हमेशा से हमारा हक को मारा गया है हमारे बच्चे आज आरक्षण का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। मौके पर केंद्रीय महासचिव दिलीप नाथ साहू ने कहा कि सभी लोग स्वार्थ त्याग कर समाज हित में काम करें और ओबीसी समुदाय के हक अधिकार के लिए सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने में सहयोग करें। एवं आगामी चुनाव में सभी लोग का समर्थन से नोट को दबाकर अपने एकता का परिचय दें क्योंकि जब-जब संगठन मजबूत हुआ है तब तक राजनीतिक दल सामने झुक जाती है। मौके पर अधिवक्ता बसंत प्रसाद, धीरेंद्र प्रसाद, रेखा रानी, विनय ठाकुर कुंवर गोप, कासिम रजा, सहित कई लोगों ने ओबीसी हक अधिकार को लेकर अपने वक्तव्य रखें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय संगठन सचिव सुनील कुमार भगत ,संरक्षक नारायण गोप, केंद्रीय संयोजक नीलांबर साहू, केंद्रीय सलाहकार राजेश खन्ना, केंद्रीय प्रवक्ता विकास साहू, जिला प्रवक्ता नरेश अग्रवाल शिवकुमार ,राहत अफजा प्रवक्ता गुमला, जिला महासचिव रामकिशन केसरी, रमेश ठाकुर मनोज जैन रविकांत साहू तेजपाल शुभम, संजय केसरी, सहित सैकड़ो की संख्या में ओबीसी समुदाय के लोग मौजूद।

## सदर अस्पताल लाये व्यक्ति की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** सिमडेगा सदर अस्पताल में रविवार की देर रात कुछ लोग बानो से एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में लेकर आये। जिसे सदर अस्पताल के ड्यूटी में तैनाथ डॉक्टर हेमंत कुमार ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर हेमंत के द्वारा जब उन लोगों से मृत व्यक्ति के बारे में पूछताछ की गयी तो, उन्होंने कुछ स्पष्ट जवाब नहीं दिया। डॉक्टर ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी और सदर अस्पताल प्रबंधन ने इसके शव को शव गृह में रखवा दिया। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गयी है। मृत व्यक्ति की पहचान जराकेल निवासी अजय सिंदुरिया के रूप में हुई।

## महाविद्यालय में शोकसभा आयोजित

**सिसई (आजाद सिपाही)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई के स्नातक की छात्रा व एन सी सी के अंडर आॅफिसर रेड़वा गांव निवासी राखी कुमारी की सड़क दुर्घटना मे 9 फरवरी को मौत हो गयी। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सोमवार को महाविद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के होनहार छात्रा राखी की आकस्मिक निधन पर शिक्षक,शिक्षकेत्तर कर्मचारियों व छात्र छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर डॉ आदित्य विक्रम देव, साहु प्रकाश लाल, सुदीप्ती खुशबू लकड़ा, डॉ निसार अहमद, सोनिया कुमारी, डॉ पारंगत खलखो, अरुण कुमार दास, करम सिंह ओड़िया, डॉ दीपक कुमार, डॉ रेखा कुमारी, डॉ विष्णु देव तिवारी, सुरेश साहु, गजराज महतो, जगरनाथ साहु, दीपक कुमार उरांव, प्रभा देवी,संजय साहु, मेहताब अंसारी, निर्मल महतो, प्रतिमा कुमारी सहित कांलेज के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## अज्ञात युवक का शव बरामद

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सोंगरा जंगल से सिसई पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर रविवार की देर शाम को एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। शव पत्थर के टुकड़ों से ढका हुआ था, एक दो जगह पर केवल पेंट का कपड़ा दिखाई दे रहा था।शव को देखने से ऐसा प्रति होता है युवक की पत्थर से कुचकर व गला दबाकर हत्या की गई है और शव छुपाने की नीयत से शव को पत्थर से ढक दिया गया था। युवक की उम्र 28 से 30 साल होगी। वह नीला रंग का जीन्स और सफेद आसमानी रंग का टी शर्ट पहने हुए है,दाहिने हाथ में मौली धागा बंधा हुआ है और गले मे हनुमान का लॉकेट पहना हुआ है।शव से दुर्गंध उठ रही थी। जिससे दो तीन दिन पहले हत्या होने की बात कही जा रही है।सोमवार को शव का पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया गया है, थानेदार मीनकेतन कुमार ने बताया कि युवक की पहचान नहीं होने के कारण पोस्टमार्टम के बाद शव की पहचान के लिए 36 घंटा गुमला शीत गृह में रखा जायेगा।

## बीडीओ ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने मुख्यालय क्षेत्र में बने मैट्रिक एवं इंटर के परीक्षा केंद्र बारवे उच्च विद्यालय चैनपुर,संन्त अन्ना उच्च विद्यालय चैनपुर, एवं लूथरन उच्च विद्यालय का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था की जानकारी ली। वहीं उपस्थित सभी केंद्रों के प्रभारी को कदाचार मुक्त परीक्षा को सफल बनाने का निर्देश दिया। वहीं बीडीओ के द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरा शौचालय में पेयजल इत्यादि का निरीक्षण कर उपस्थित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया वहीं मैट्रिक को इंटर का परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों को कदाचार मुक्त परीक्षा देने का अपील की और साथ ही साथ विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए कामना किया।

## जमीन ऑनलाइन संबंधित मामले को लेकर सीओ से मिले जनप्रतिनिधि



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा सीओ आशीष कुमार मंडल से अंचल कार्यालय में समाज सेवा भजन प्रतिनिधियों ने सोमवार को उनके कार्यालय कक्ष में जमीन ऑनलाइन संबंधित व अन्य मामलों को लेकर समाजसेवियों और प्रतिनिधियों ने मुलाकात किया। इस क्रम मे जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने बताया कि जमीन ऑनलाइन संबंधित सबसे बड़ी मामला है। जिसके कारण प्रतिदिन लोगो को अंचल कार्यालय और कर्मचारियों का चक्कर लगाना पड़ता है। जिसे लेकर सीओ आशीष कुमार मंडल ने कहा कि अंचल में पड़े पेंडिंग मामलों का निपटारा किया जा रहा है। किसी भी ग्रामीण को अगर समस्या आती है तो वे निश्चित तौर पर हमसे आकर मिले। ताकि उनका समस्या का निपटारा किया जा सके। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव,भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी, कांग्रेस जिला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा, अमित कुमार ठाकुर उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के तहत रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह- 2024 के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन केला घाघ मोड़ से परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम तक किया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव ने कहा कि आज के समय में सभी का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है सड़क सुरक्षा नियमों तथा यातायात नियमों का पालन करना। इस दौरान मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शहर के मेन रोड से अल्बर्ट एक्का स्टेडियम तक दौड़ लगायी गयी। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चौथा एवं पांचवां स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विधायक कोलेबिरा, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, एलआरडीसी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा हेलमेट पुरस्कार स्वरूप प्रदान कर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। मौके पर विधायक कोलेबिरा नमन बिक्सल कोंगाडी, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, सहित अन्य पदाधिकारीगण और सांसद प्रतिनिधि उपेन्द्र श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि कोलेबिरा मो. शामी आलम, विधायक प्रतिनिधि सिमडेगा संतोष कुमार सिंह व जिला परिवहन विभाग के कर्मी एवं शहर के गण मन लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हुए सम्मानित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहू को सुड़ी समाज गुमला ने सम्मानित किया। कार्यक्रम गुमला बस स्टैंड स्थित सुड़ी धर्मशाला में रविवार को आयोजित की गयी थी। इस मौके पर समाज के जिलाध्यक्ष सूरज साहू ने कहा कि आज हमारा समाज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं है। सभी क्षेत्र में सुड़ी समाज को भरपूर सम्मान मिलता है। शिव प्रसाद साहु को मंच से बधाई देते हुए सूरज साहु ने कहा कि उदाहरण के तौर पर देखा जा सकता है कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के गुमला जिला में बड़े दायित्व को समाज के ही शिव प्रसाद साहू को सौंप है, इसके लिए शिव प्रसाद साहू के साथ-साथ सुड़ी समाज बधाई के पात्र हैं। मौके पर जिला सचिव संदीप कुमार, कोषाध्यक्ष संजय कुमार, खुशबू कुमारी, दीपांकर साहू, हिना देवी, महाबीर साहु, मिथिलेश साहु सहित दर्जनों की संख्या में समाज के संरक्षक पदाधिकारी व सदस्य गण मौजूद थे।

### सखी मंडल की महिलाओं का प्रमंडलीय एक्सपोजर व क्षमता संवर्धन शिविर सह महिला महासम्मेलन का आयोजन

# सखी मंडल से जुड़कर मजबूत हो रहीं महिलाएं : रामचंद्र

**मुख्यमंत्री, मंत्री सत्यानंद भोगता और मंत्री आलमगीर आलम ने भी किया संबोधित, शामिल हुईं 10 हजार महिलाएं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सखी मंडल की महिलाओं का प्रमंडलीय एक्सपोजर व क्षमता संवर्धन शिविर सह महिला महासम्मेलन का आयोजन सोमवार को शिवाजी मैदान में हुआ। जिसमें पलामू प्रमंडल के तीनों जिले पलामू, गढ़वा और लातेहार जिले के सखी मंडल से जुड़ी करीब 10 हजार से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री आलमगीर आलम सहित राज्यस्तरीय अन्य वरीय पदाधिकारी रांची में आयोजित राज्यस्तरीय महिला महासम्मेलन से ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर महिलाओं को संबोधित किया। साथ ही प्रमंडल स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों ने सखी मंडल की महिलाओं की आर्थिक समृद्धि, उत्थान, उनके बदलाव एवं राज्य के विकास में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि देश की आधी आबादी आगे आ रही हैं। सखी से जुड़कर महिलाएं सबल बन रही हैं। महिलाओं में बौद्धिक, आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन हुआ है। आत्मसम्मान में जागृति आई है। कल तक गृहिणी बनकर चौखट के अंदर तक रहने वाली महिलाओं में आज आत्मविश्वास बढ़ा है। उनकी सामाजिक पहचान बनी है। महिलाएं खुद पर भरोसा करें। अपने आप को आगे लाकर समाज का उत्थान करें। वहीं, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि सखी मंडल से जुड़कर महिलाएं मजबूत हो रही हैं। सरकार महिलाओं के लिए नई-नई योजनाएं लाकर उन्हें मजबूत बना रही है। सखी मंडल से आज हजारों महिलाएं जुड़कर आत्मसम्मान से जीवन जी रही हैं। जबकि पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि सखी मंडल से जुड़ने से महिलाओं में जागृति आई है। समूह से जुड़ने से महिलाओं का आत्मसम्मान बढ़ा है। उन्होंने सखी मंडल की दीदियों के संवर्धन, आर्थिक मजबूती के लिए पांकी विधानसभा क्षेत्र में क्लस्टर स्तर पर हॉल बनाने की घोषणा की, ताकि दीदियों को बैठक करने में सहूलियत हो। साथ ही पांकी विधानसभा क्षेत्र के समूह की करीब पांच हजार से अधिक दीदियों को बैठने हेतु दरी एवं बक्शा उपलब्ध कराने की बातें कही।

## सखी मंडल की दीदियों की आर्थिक मजबूती के लिए बनेगा हॉल : पांकी विधायक



सखी मंडल की महिलाओं का प्रमंडलीय एक्सपोजर व क्षमता संवर्धन शिविर का उद्घाटन करते गणमान्य लोग।

### उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित की गयी महिलाएं

सखी मंडल की महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य करने पर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ सखी मंडल के रूप में सीमा सखी मंडल चैनपुर पलामू एवं साकेत सखी मंडल भंडारिया को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ ग्राम संगठन के रूप में हरियाली ग्राम संगठन सतबरवा पलामू एवं पताशा ग्राम संगठन गढ़वा को सम्मानित किया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ संकुल संगठन के रूप में धावाडीह संकुल संगठन सतबरवा, पलामू एवं कल्याणपुर संकुल संगठन, गढ़वा को सम्मानित किया गया।

### महिलाओं ने साझा की बदलाव की कहानी

प्रमंडल स्तरीय महिला महासम्मेलन के दौरान लातेहार की माया देवी ने अपने जीवन में आए बदलाव की कहानी व्यक्त की।

### लखपति गांव बनाने की दिशा में हो रहा कार्य : डीसी

पलामू डीसी शशि रंजन ने कहा कि प्रमंडलीय महासम्मेलन में तीनों जिले यथा पलामू, गढ़वा और लातेहार की 10 हजार से ज्यादा दीदियां भाग ले रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रमंडल में चार लाख 50 हजार से ज्यादा महिलाएं जुड़ चुकी हैं। सखी मंडल से जुड़कर महिलाएं जागरूक हो चुकी हैं और अपने जीवन में परिवर्तन लाने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल में 40441 सखी मंडलों का गठन हुआ है। 39087 सखी मंगल को चक्रीय निधि की राशि एवं 38855 सखी मंडल को सामुदायिक निवेश की राशि दी जा चुकी है। साथ में बैंक क्रेडिट सपोर्ट 36179 सखी मंडलों को दिया जा चुका है। डीसी ने कहा कि फूलों-झानों आशीर्वाद अभियान के तहत सखी मंडल की दीदी सम्मानजनक आजीविका से जुड़ी हैं। कृषि और गैर कृषि आजीविका गतिविधि से 23473 से ज्यादा लखपति दीदी बनकर अपने घर रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अब लखपति दीदी गांव बनाने की दिशा में कार्य हो रहा है। उपायुक्त ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाओं की उत्पादों का निर्माण एवं बिक्री की दिशा में हो रहे कार्यों सहित उनके अन्य कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

इसी तरह पलामू के अंशु कुमारी और गढ़वा के दीप शिखा देवी ने भी बदलाव की कहानी व्यक्त की।

उधर, पलामू में आयोजित सखी मंडल की महिलाओं का प्रमंडलीय एक्सपोजर व क्षमता संवर्धन शिविर-सह-महिला महासम्मेलन में छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, लातेहार के उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक (नन फॉर्म) नीतीश कुमार सिन्हा, राज्य परियोजना समन्वयक (जोहार) संजय दास, पलामू की डीपीएम शांति मांडी, लातेहार डीपीएम संतोष कुमार, गढ़वा डीपीएम सुशील दास, जिला प्रबंधक (वित्त) इमरान अहमद, एसएमआईबी अख्तर अंसारी, जिला प्रबंधक (जॉब एंड स्टील) नवल किशोर राजू, डीएमएफआई विकास खलखो, कुमार कविश एवं जोश लकड़ा सहित पलामू प्रमंडल क्षेत्र के पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिले के जेएसएलपीएस कर्मी एवं सखी मंडल की महिलाएं उपस्थित थीं।

## माता की भक्ति से मिलती है शक्ति : डॉ शशिभूषण



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड के फुलवरिया चांपी में मां दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री सतचंडी महायज्ञ में धार्मिक अनुष्ठान के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं ने पवित्र कलशपात्र सिर पर उठाया। कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने श्रद्धालुओं को कलश देकर यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से निकाली गई जो नदी के तट पंहुची, जहां से वैदिक मंत्रों के साथ जल भरा गया और क्षेत्र भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पंहुची। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि माता की भक्ति से मिलती है शक्ति और यज्ञ से वातावरण शुद्ध होती है। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, भाजपा नेत्री मंजुलता दुबे,विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष शत्रुधन सिंह, भाजपा नेत्री रीमा शर्मा, कमेश यादव, रोशन सिंह, मंटू शर्मा, साधु मांझी, महायज्ञ कमेटी के अध्यक्ष इश्वरी यादव, सचिव अजय विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार यादव, उपाध्यक्ष महेंद्र साहू, उपसचिव योगेंद्र भुइयां, मुख्य पुजारी रामनाथ भुइयां, लछु यादव, पिंटू साव, सरंक्षक मनोज सिंह, वीरेंद्र साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

### भाजपा का दीवार लेखन कार्यक्रम शुरू

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम के नेतृत्व में सोमवार को गांव चलो अभियान के तहत दीवार लेखन कार्यक्रम शुरू किया गया। इस दौरान हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के 12 पंचयातों में 61 बूथो पर गांव चलो अभियान के अंतर्गत, एक बार फिर से मोदी सरकार, के संकल्प के साथ दीवार लेखन किया गया। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं से भेंट कर मोदी सरकार के 10 साल कार्यकाल का उपलब्धियों को बताया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, सत्येन्द्र पासवान,करण राजवीर, सत्येन्द्र मेहता, कन्हाई विश्वकर्मा, विनय विश्वकर्मा, चंदन जयसवाल, अंबुज सिंह, महेंद्र पासवान, कमलेश यादव, धनंजय सिंह, शिव मेहता, सत्येन्द्र भुइयां, भीमसेन शर्मा, अनुपमा देवी, रूबी सिंह, मनोज सोनी, विरमल साव, पवन गुप्ता, सनोज पासवान, संतोष पासवान, उमेश साव, ओमप्रकाश सिंह, राकेश साव आदि शामिल थे।

## रथ पर सवार होकर भगवान हनुमान ने किया नगर भ्रमण

**हवन और महाभंडारे के साथ संपन्न हुआ तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में नवनिर्मित महावीर मंदिर का तीन दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ महाभंडारे के साथ संपन्न हो गया। इससे पहले सुबह नौ बजे भगवान हनुमान जी की प्रतिमा को रथ पर सवार कर नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर भ्रमण के दौरान सभी ग्राम देवता की विशेष पूजा अर्चना हुई। नगर भ्रमण के उपरांत हनुमान जी की प्रतिमा को मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित कर दिया गया। इसके बाद हवन हुआ। अंत में महाभंडारा का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर प्रांगण में शनिवार की रात को 12 घंटे का अखंड कीर्तन आयोजित किया गया था। जिसमे हरे राम हरे कृष्ण का जाप हुआ। तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ मुख्य आचार्य मधुसूदन वैद्य के देखरेख में संपन्न हुआ। वहीं मंदिर निर्माण के प्रणेता रामदास शुक्ला उनकी पत्नी चक्रवर्ती देवी, पुत्र अशोक शुक्ला, पुत्रवधु देववंती देवी, प्रवीन शुक्ला, आशीष शुक्ला व पवन शुक्ला मुख्य जजमान बने हुए थे। सभी धार्मिक अनुष्ठान में वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला,वार्ड पार्षद दिनेश शुक्ला, विश्वास शुक्ला, आलोक शुक्ला, अजब नारायण शुक्ला, प्रो नंदलाल शुक्ला, संजय शुक्ला, विकास शुक्ला, रवींद्र शुक्ला, मुरली श्याम दूबे, प्रभात रंजन दूबे, मृत्युंजय दूबे, मिथिलेश चौबे, ओम प्रकाश शुक्ला और लालबाबू शुक्ला सहित कई लोग शामिल रहे।


नव निर्मित महावीर मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़।

## राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर एसडीएम ने विभिन्न दलों के साथ की समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के हरिहरगंज में 15 फरवरी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोमवार को छत्तरपुर एसडीएम हीरा कुमार और एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने क्षेत्र के विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। एसडीएम ने बताया कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा की मार्ग पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। वहीं दोनों अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरे को दुरुस्त करने, असामाजिक तत्वों पर नजर रखने तथा अनजान लोगों पर पैनी नजर रखने का निर्देश स्थानीय पुलिस अधिकारियों को दी। साथ ही राहुल गांधी की न्याय यात्रा के दौरान किसी प्रकार का हुड़दंग मचाने वालों पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एस आई निरंजन कुमार, कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह, प्रखण्ड अध्यक्ष राघव सिंह, झामुमो पलामू उपाध्यक्ष अतहर हुसैन, प्रखण्ड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष महेन्द्र यादव, प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव, छात्र राजद जिला अध्यक्ष आनंद यदुवंशी, छात्र प्रखण्ड अध्यक्ष दीपक यादव, अशोक जायसवाल, महादेव यादव, लखन यादव, विकाश यादव, अरविंद पासवान, पप्पू चौधरी आदि उपस्थित थे। इससे पहले नेताओं ने नवपदस्थापित एसडीपीओ अवध कुमार यादव तथा थाना प्रभारी चंदन कुमार को बुके देकर स्वागत किया।



## पलामू में ऐतिहासिक होगी राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा : धनंजय

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा को पलामू में सफल एवं ऐतिहासिक बनाने को लेकर कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने समीक्षा बैठक की। धनंजय तिवारी ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश में हो रहे अन्याय के खिलाफ यात्रा है। राहुल गांधी 14 फरवरी को पलामू पहुंच रहे हैं। आगामी 15 फरवरी की सुबह 8 बजे छतरपुर-हरिहरगंज होते हुए बिहार में प्रवेश करेंगे। इससे पहले छतरपुर में राहुल गांधी का रोड शो और हरिहरगंज में भव्य स्वागत होगा। धनंजय तिवारी ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में हुसैनाबाद-हरिहरगंज से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। मौके पर प्रदेश के महासचिव सत्यनारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष अवधबिहारी सिंह, कृष्णा सिंह, मसरूर अहमद, प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह, राघव सिंह, पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बबलू कुमार, श्याम सुंदर गुप्ता, लक्ष्मी नारायण राम, मुस्ताक अंसारी, जितेंदर कुमार सिंह, रंजय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।



### व्यापार मंडल अध्यक्ष के पिता के निधन पर शोक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा के पिता मुनारिक बैठा का रविवार की शाम आकस्मिक निधन हो गया। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार देवरी सोननदी तट स्थित मुक्ति धाम पर किया गया। उनके निधन पर सांसद बीड़ी राम, विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, उपाध्यक्ष आलोक कुमार उर्फ दूटू सिंह, भाजपा के वरीय नेता विनोद कुमार सिंह, भाजपा नेता रविंद्र सिंह, कर्नल संजय सिंह, रामराज मेहता, अजय गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह, बिससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, शशि कुमार आदि थे।

## ओबीसी समाज के लोगों ने दिया एकता का परिचयः ब्रह्मदेव प्रसाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अपने हक व अधिकार की मांग के साथ 11 सूत्री मांगों को लेकर पिछड़ा वर्ग एकता एव अधिकार मंच की ओर से प्रमंडलीय महासम्मेलन का आयोजन रविवार को हाउसिंग कॉलोनी के मैदान में हुआ था। जिसमें ओबीसी समाज के लोग हजारों हजार की संख्या में उपस्थित रहे थे। ओबीसी एकता अधिकार मंच के संयोजक मंडल के द्वारा यह ऐलान किया गया है

राज्य से लेकर केंद्र सरकार को अपने हक और अधिकार की मांग जल्द से जल्द स्वीकार करें। नहीं तो सत्ता धीन लोगों की सत्ता गिराने में देर नहीं लगेगी। ओबीसी एकता एव अधिकार मंच के संयोजक मंडल के ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि ओबीसी समाज की जनगणना करवा के समाज की सभी महिलाओं एवं युवाओं को जनसंख्या के हिसाब से आरक्षण मिलना चाहिए। युगल पाल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हो रोजगार के क्षेत्र में हो या फिर चुनाव का मामला हो सभी में ओबीसी आरक्षण मिलना चाहिए। श्रवण कुमार ने कहा कि ओबीसी समाज की बात जो करेगा हम ओबीसी समाज उसके साथ रहेंगे। जो ओबीसी समाज को दरकिनार करने की कोशिश करेगा उस सरकार को कुर्सी से उखाड़ फेंकने का काम करेगें। विनोद कुमार ने कहा कि हमारी लड़ाई किसी पार्टी या फिर किसी नेता, मंत्री से नहीं है बल्कि हमारी लड़ाई सरकार से हैं। ओबीसी समाज को हक व अधिकार जो सरकार दिलाने का काम करेगी हम 65 प्रतिशत ओबीसी समाज उसी के साथ रहेंगे। आज के प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सरफराज आलम, अख्तर अंसारी, श्रवण कुमार, राजेंद्र पासवान, अशोक प्रसाद, राज नारायण पटेल उपस्थित थे।

### मृतक के आश्रित को 25 लाख रुपये मुआवजे व सरकारी नौकरी की मांग पर अड़े लोग

# पांकी में अनियंत्रित वाहन के धक्के से बाइक सवार की मौत, एक गंभीर

**घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ किया जाम, यातायात बाधित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ के तेतराई नहर के समीप सोमवार की दोपहर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई वहीं एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अनियंत्रित जाइलो वाहन ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया जिससे यह घटना हो गई। मृतक की पहचान पांकी के भुइयां कुरहा गांव निवासी विनोद सिंह के रूप में की गई है वहीं उनके सगे भाई रामा सिंह भी इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से दोनों को एमएमसीएच भेजा गया जहां चिकित्सकों ने समाजसेवी विनोद सिंह के मौत होने की पुष्टि कर दी। वहीं, बेहतर इलाज के लिए रामा सिंह को रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार लोगों द्वारा अनियंत्रित वाहन की पहचान भी की जा चुकी है। लोगों ने बताया कि दोनों सगे भाई बाइक से किसी रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। इधर घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पांकी के कपूर्री ठाकुर चौक के समीप पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ को जाम कर दिया, वहीं मृतक के आश्रितों को 25 लाख रुपए मुआवजे एवं सरकारी नौकरी की मांग पर अड़े हुए हैं।

उधर जानकारी होने पर पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद आदि भी धरना स्थल पर पहुंच चुके हैं। वहीं पांकी थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी भी मृतक के परिजनों समेत आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के सगे भाई बुद्ध नारायण सिंह ने बताया कि अनियंत्रित वाहन के धक्के से उनके सगे भाई की मौत हो गई वहीं एक भाई जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। उन्होंने प्रशासन से अविलंब दोषी पर कार्रवाई एवं 25 लख रुपए मुआवजे एवं सरकारी नौकरी की मांग की है।


सड़क दुर्घटना के बाद सड़क जाम कर हंगामा करते स्थानीय लोग।

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi) , Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**Very Short Term e-Procurement Notice**
**Date –10-02-2024**

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/18/ 2023-24 | Day to Day Maintenance work in COB Nepal House, Doranda Ranchi (Period 01-04-2024 to 31-03-2025) | 5963600.00 | 12 Month |
| 2 | Date of Publication of Tender of Website | | 17-02-2024 at 3.00 PM | |
| 3 | Start Date of Submission of Bids | | 17-02-2024 at 3.30 PM | |
| 4 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 25-02-2024 at 02.00 PM | |
| 5 | Date/Time of Opening of Bid | | 26-02-2024 at 03.00 PM | |
| 6 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 7 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |
| 8 | Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

**Executive Engineer**
**Building Construction Department**
**Building Division No. 1, Ranchi**

PR 318728 Building(23-24)#D

## सड़क बन जाने से विकास को मिलेगी गति: चंद्रप्रकाश चौधरी



**सांसद ने किया करोड़ों की लागत से बनने वाले पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास**

**ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा कार्य : डॉ लंबोदर महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत ललपनिया-घघरी भाया खीरा वेडा में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित होने वाले पथ निर्माण कार्य का गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने संयुक्त रूप से शिलान्यास। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा बहुत बड़ा क्षेत्र है। हर क्षेत्र में योजना को धरातल पर उतार रहे हैं, ताकि जनता को आवागमन में सुविधा हो। यह योजना करोड़ों रुपये की है, जो जल्द पूरा किया जाएगा। वहीं, गोमिया विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की मांग और मेरी अनुशंसा पर योजनाओं की स्वीकृति दी गई है। ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इस दिन ललपनिया से घघरी भाया खीरा वेडा, फटकाडीह बाजार टांड से कुसुमडीह भाया सरायाडीह, खखण्डा हिरकरोड से लावालौंग एवं गोमिया में राजाराम होटल से गोमिया ब्लॉक मून लाईट, साथ में दारीदाग तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जा रहा है। इस मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव संतोष साव, इंद्रनाथ महतो, पंचदेव महतो, वीरेंद्र कुमार, नबीन कुमार आदि उपस्थित थे।

## कलश यात्रा में शामिल हुई 2100 महिलाएं- कुआंरी कन्याएं




**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** पीरटांड प्रखंड स्थित पालगंज में सोमवार को कलश यात्रा के साथ 10 दिवसीय 1008 श्री देवी भागवत महायज्ञ सह आदि दुर्गा मंडप का प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन शुरू हुआ। 2100 महिलाओं- कुआंरी कन्याओं ने बराकर नदी से जल भरकर सिरपर उठाए पालगंज पहुंची। विदित हो कि वर्षो पुरानी इस ऐतिहासिक दुर्गा मंडप को पालगंज के राजा द्वारा निर्मित कराया गया था। तब से दुर्गा मंडप में पूजा किया जाता था। लेकिन मंदिर की हालत दयनीय हो जाने के कारण दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों एवं ग्रमीणों ने निर्णय लिया कि फिर से मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य होना चाहिए। इसके बाद से मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य जारी है। मंडप को ही नव निर्माण किया गया। साथ ही दुर्गा मंडप के बगल में स्थित देवी मंडप एवं काली मंडप का भी जीर्णोद्धार किया गया। जहां दुर्गा मंडप में देवी दुर्गा की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। वहीं काली मंडप में मां काली की प्रतिमा और देवी मंडप में मां लक्ष्मी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भी की जाएगी। इसी को लेकर यज्ञ का आयोजन किया गया है, जो 22 फरवरी तक चलेगा। पूरे पालगंज व आसपास इलाके में शुद्धता का ख्याल रखते हुए मांस-मंदिरा की बिक्री व उपयोग बंद हो गया है। यज्ञ में अयोध्या के सत्यम पीठाधीश्वर नरहरि दास जी महाराज द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। जबकि वृंदावन धाम से आए कलाकारों द्वारा रासलीला का आयोजन किया जाएगा। वहीं बनारस से पधारे आचार्य द्वारा पूजन एवं याज्ञनिक कार्य संपन्न होगा।

## महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर निकाली गयी शोभायात्रा



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर 6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में महर्षि दयानंद सरस्वती का 200वां जयंती सोमवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो उप चुनाव पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार शामिल हुए। इनके अलावा विद्यालय के वरीय शिक्षक नागेंद्र प्रसाद, एलएमसी सदस्य ब्रह्मदेव प्रसाद व आर्यसमाज प्रचारक चेतन परमार उपस्थित थे। वरीय शिक्षक नागेंद्र प्रसाद, ब्रह्मदेव प्रसाद व चेतन परमार, प्रशांत कुमार व बाल शेखर झा ने स्वामी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। विद्यालय में हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया। दयानंद सरस्वती ने कर्म और पुनर्जन्म के सिद्धांत की वकालत की। बताया कि स्वामी जी ने मूर्ति पूजा व कर्मकांड की निंदा की। स्वामी दयानंद सरस्वती ने नारी सशक्तिकरण, छुआछूत, स्त्री शिक्षा, बाल विवाह व जाति प्रथा आदि का भरपूर विरोध किया। 1876 ईस्वी में दयानंद सरस्वती ने स्वराज का नारा भी दिया। जिसे लोकमान्य तिलक ने आगे बढ़ाया। मौके पर जाह्नवी बनर्जी, आभा कुमारी, प्रशांत कुमार, नीलम झा, रूपा कुमारी, स्वाती, कुमार समरेश, मनोज कुमार मिश्रा, अखिलेश कुमार, मनीषा सहाय, हराधन झा, कैलाश प्रसाद, अजय कुमार, श्याम भूषण श्रीवास्तव उपस्थित थे। वहीं, दयानंद की भूमिका में कक्षा सातवीं के हिमांक पाठक ने उत्तम प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में कई झांकियां प्रस्तुत की गई।

## मृतकों के परिजनों से मिले टुंडी विधायक, बंधाया ढांढ़स



**टुंडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चरक खुर्द गांव निवासी पप्पू मंडल कुछ घरेलू कामों को निपटा कर वापस टुंडी लौट रहे थे तभी एक कार ने उनकी स्कूटी को धक्का मार दिया। इस घटना में एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें से इलाज के दौरान तीन की मौत हो गयी, जबकि एक जीवन और मौत से जूझ रहा है। इस हृदय विदारक घटना की खबर मिलते ही टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो अपने कार्यकताओं के साथ पीड़ित परिवार के टुंडी के चरक खुर्द स्थित आवास पहुंचे और घटना की जानकारी ली। सात ही परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर टुंडी बीडीओ शैलेंद्र कुमार चौरसिया, झामुमो नेता फूलचंद किस्कू, विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो और आनंद महतो आदि उपस्थित थे।

**हड़कंप : जीएसटी संबंधित अनियमितताओं की हो रही जांच**

# धनबाद के कोयला व्यवसायी अमितेश के ठिकानों पर छापा

**व्यवसायी का दावा- छापा नहीं, चल रहा सर्वे का कार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता



कोयला व्यवसायी अमितेश सहाय।

**धनबाद।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कथित रूप से करीबी कोयला कारोबारी अमितेश सहाय के कई ठिकानों पर सोमवार को आइटी की टीम ने छापामारी की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यह छापामारी मनी लांड्रिंग और कोयले के अवैध कारोबार से जुड़ी बतायी जा रही है। दूसरी ओर छापामारी के बाद कोयला कारोबारियों के बीच हड़कंम मचा हुआ है। अमितेश सहाय के गोविंदपुर स्थित जय टीएमटी बिरला सीमेंट के कार्यालय में आइटी की छापामारी अभी चल रही है। इसके अलावा धनबाद के कारोबारी श्याम शर्मा के भी कई ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम दबीस दे रखी है। हालांकि, पूरे मामले पर झामुमो नेता अमितेश ने इनकार किया और कहा कि विरोधी इसको तूल दे रहे हैं। अगर किसी करीबी के यहां रेड चल रही है तो इससे उन्हें कोई लेना-देना नहीं है वह अपने पार्टी के कार्य में लगे हुए हैं। कोयला कारोबारियों का कहना है कि उनके आवास या कार्यालय में कोई छापामारी नहीं हुई है। बस सर्वे का काम चल रहा है।

## प्रिंट रेट से अधिक राशि वसूलने वाले दुकानदारों से खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई : उत्पाद कमिश्नर

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** कोयलांचल धनबाद में शराब की अधिकांश दुकानों में प्रिंट रेट से 20 से 40 रुपये तक की अवैध वसूली की जा रही है। यही नहीं, दुकानों में ही नकली शराब भी बनाए जा रहे हैं, जिसे लेकर विगत दिनों उत्पाद विभाग की ओर से कार्रवाई भी की गई है। कुछ लोग पकड़ भी जा चुके हैं, लेकिन अधिक पैसों के लालच में लोग गैरकानूनी काम करने से बाज नहीं आ रही है। जिसकी लगातार शिकायतें भी मिल रही है। इस पर उत्पाद विभाग के कमिश्नर संजय कुमार मेहता ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए सख्त हिदायत दी है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में एक बार फिर कहा कि जहां-जहां प्रिंट रेट से अधिक पैसे लिए जाने कि शिकायतें मिलेगीं, उन दुकानों में कार्रवाई की जाएगी। आरोपितों को किसी भी कीमत पर बख्सा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि जहां-जहां उन्हें सूचना मिल रही है, उन सरकारी दुकानों में छापामारी कर नकली शराब पकड़ा जा रहा है।

## अंतिम पायदान पर खड़े हर व्यक्ति का हो रहा विकास : बिरंची नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत नगरीय प्रवास के दौरान बोकारो विधायक बिरंची नारायण चास नगर उत्तरी के शक्ति केंद्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की चित्र पर पुष्पांजलि कर जनसंपर्क शुरू किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। इस दौरान निताई बड़ी के पास कल्याण मण्डप व राधाकृष्ण मंदिर के पास सेड का शिलान्यास भी किया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय की भावना को सामने रख करअंतिम पायदान पर खड़े हर गरीब की चिंता करते हुए आत्मनिर्भरता की शक्ति से देश ने एकात्म मानव दर्शन को भी सिद्ध किया व पूरी दुनिया में भारत का मान बढ़ा रहे हैं। आज वोकल फॉर लोकल के मंत्र से प्रधानमंत्री जी इसी विजन को साकार कर रहे हैं। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी, भाजपा चास नगर उतरी अध्यक्ष पन्नालाल कांदू, राजेश घोषाल, झंटू दे, अमर स्वर्णकार, रंजीत बरनवाल, दीपक पाल, अजित बाउरी, दीपक बाउरी, श्यामलाल बाउरी, अमर चौरसिया, पिंटू पाल सेंटी, दीपक दास स्वर्णकार, तारा स्वर्णकार, बैजनाथ धीवर, सत्यनारायण स्वर्णकार, शिवदास प्रामाणिक, श्रीश्री कोजागिरी लकी पूजा कॉमेटी के सभी सदस्य आदि उपस्थित थे।

## सिंदरी व बलियापुर थाने में शांति समिति की बैठक

**सिंदरी/बलियापुर (आजाद सिपाही)। सरस्वती पूजा को लेकर सोमवार को सिंदरी के गोशाला ओपी में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता गोशाला ओपी प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने की। बैठक में एसआई प्रदीप कच्छप,एएसआई जयमेश लकड़ा,सुनीता देवी, चुमकी देवी, बैजंती देवी, मीना देवी, अशोक महतो, दिनेश दुबे आदि थे। वहीं, बलियापुर थाना में भी सोमवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक सिंदरी एसडीपीओ भूपेंद्र रावत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बलियापुर थाना प्रभारी सूबेदार यादव, संजीत गोराई, आदि थे।**

## छात्रवृत्ति परीक्षा से वंचित छात्र-छात्राओं ने परसबनिया स्कूल में जड़ा ताला

**बलियापुर (आजाद सिपाही)।** परसबनिया बुनियादी अपग्रेड प्लस टू हाई स्कूल के 18 छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय साधन सह मेघा छात्रवृत्ति परीक्षा से वंचित होने के बाद सोमवार को आक्रोशित हो उठे और अभिभावकों के साथ मिलकर स्कूल के मुख्य गेट में ताला जड़ दिया। विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना पर बैठ गए। जिससे पांच घंटे तक स्कूल का पठन-पाठन प्रभावित रहा। खबर पाकर डीएसई भूतनाथ रजवार, थाना प्रभारी एसके यादव, बीपीओ राकेश कुमार प्रसाद स्कूल पहुंचे और धरना दे रहे छात्र-छात्राओं को समझाबुधा कर शांत कराया।

**कांड्रा के ग्रामीणों को मिला चार सोलर जलमीनार**

## गांवों का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता : मुखिया

आजाद सिपाही संवाददाता



सोरल जललमीराक का उद्घाटन करती मुखिया रिंकू देवी।

**महुदा।** कांड्रा गांव में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल संकट से निजात दिलाने को लेकर ग्रामीणों की मांग व मुखिया के प्रयास से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से चार सोलर जल मीनार की सौगात दी, जिसका उद्घाटन सोमवार को मुखिया रिंकू देवी ने किया। इससे पहले ग्रामीण महिलाओं ने मुखिया को बुके देकर व ढ़ोल बजाकर स्वागत किया। ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग मुखिया ने सोमवार को पूरा किया। इसके अलावा मुखिया ने कुल 19 योजनाओं की सौगात ग्रामीणों को दी। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि गांवों का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता में है। इससे पूर्व पंचायत के ग्रामीणों को जल की घोर समस्या से जूझना पड़ता था। जलमीनार बन जाने से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। इसके बन जाने से सैकड़ों घरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय समाज से जो वादा किया था उस वादे को अल्प समय में ही पूरा करने का प्रयास की हूं। लोगों का आशीर्वाद, स्नेह और प्यार अगर बना रहा तो आने वाले समय में जनहित में और भी कार्य किए जाएंगे। सभी को सरकारी लाभ पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधी धनेश्वर महतो, मुखिया रिंकु देवी, सांसद प्रतिनिधी शिव प्रसाद हरि, संजय हरि, अनेश कुमार महतो, मो अनवर शेख आदि मौजूद थे।

## टुंडी विधायक ने किया जाताखूंटी प्राइमरी स्कूल के बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का शिलान्यास



**टुंडी (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी टुंडी के जाताखूंटी पंचायत स्थित प्राइमरी स्कूल का बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का शिलान्यास टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने किया। बताया जा रहा कि इस बाउंड्री वॉल का बहुत दिनों से लोगों द्वारा मांग की जा रही थी। बाउंड्री वॉल के निर्माण होने से बच्चों को पढ़ाई के साथ ही खेल के प्रति भी जागरूक किया जाएगा। इससे लोगों में काफी उत्साह है। लोगों ने इस कार्य के लिए विधायक की प्रशंसा की है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो, मुखिया प्रतिनिधि शक्ति हेंब्रम, वरिष्ठ झामुमो नेता फूलचंद किस्कू आदि थे।

## इलाज के दौरान महिला की मौत, हंगामा



**कतरास (आजाद सिपाही)।** इलाज के दौरान 30 वर्षीय कांति देवी नामन महिला की मौत के बाद सोमवार को परिजनों ने कतरास स्थित चौधरी नर्सिंग में जमकर हो हंगामा किया। मामला बिगड़ता देख अस्पताल से सभी चिकित्सक व कर्मी भाग गए। इसकी सूचना पाकर कतरास थाना प्रभारी सह इंसपेक्टर अशीत सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को शांत कराया। इसके बाद शव वाहन को थाना ले गए। जहां मृतक के परिजन और डॉक्टर से मुआवजा को लेकर वार्ता हुई। उधर, मृतका कांता देवी के पति अमित चौहान ने अस्पताल के चिकित्सक पर गलत इलाज करने का आरोप लगाया है। कहा कि पटना से वह अपने ससुराल योगिडीह आकर पत्नी के पेट में पथरी का इलाज करवाने कतरास के चौधरी नर्सिंग होम में भर्ती करवाये थे। आपरेशन के चार घंटे बाद चिकित्सको ने कांता को एम्बुलेंस में डाल कर बताया कि मरीज की स्थिति नाजुक हो गयी है। इसे तत्काल बाहर ले जाये। यह सुनकर बिना कुछ सोचे समझे परिजनों ने उसे दुगार्पुर मिशन हॉस्पिटल ले गए जहां डॉक्टरों ने बताया कि गलत इलाज होने के कारण उसे बचा पाना मुश्किल है। इस बीच सोममाव की सुबह उसकी मौत हो गयी। मृतका अपने पीछे ढाई वर्ष का बेटा और डेढ़ वर्ष की बेटी सहित पूरे परिवार को छोड़ गई है।


### कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)

**(द्वितीय इच्छा की अभिव्यक्ति–01/2023–24)**

नगर पंचायत, डोमचाँच अन्तर्गत साफ–सफाई हेतु मजदूर, वाहनचालक, सफाई पर्यवेक्षक, मल्टी टास्कींग स्टाफ एंव सफाई कार्य में प्रयुक्त सफाई संयत्र सहित को न्यूनतम दर पर आपूर्ति करने हेतु इच्छुक सर्विस प्रोवाईडर/फर्म से बन्द लिफाफे में दिनांक–26.02.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक इच्छा की अभिव्यक्ति के तहत दर आमंत्रित की जाती है जिसे उसी दिन अपराह्न–04:00 बजे खोला जायेगा।

| क्र0सं0 | पद का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | सफाईकर्मी | 30 |
| 2 | वाहन चालक | 07 |
| 3 | सफाई पर्यवेक्षक | 02 |
| 4 | मल्टी टास्कींग स्टाफ | 02 |

नियम एवं शर्त नगर पंचायत, डोमचाँच के कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 318687 Urban Development (23-24)_D

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

### कार्यालय नगर पंचायत डोमचाँच (कोडरमा)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Jharkhand Local Bodies Avertisement Regulation,2017 में निहित प्रावधानों के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत बैनर,फ्लैक्स ,कियोस्क,विभिन्न भवनों के छतों,दिवारों या विभिन्न स्थानों पर अधिष्ठापित होने वाले विज्ञापन/Wall Painting करने के पूर्व नगर पंचायत डोमचाँच कार्यालय द्वारा अनुमति लेना अनिवार्य है। डोमचाँच नगर पंचायत कार्यालय द्वारा समय–समय पर आम सूचना के माध्यमों से विज्ञापन करने से पूर्व कार्यालय द्वारा अनुमति लेने हेतु सूचित किया गया है। परन्तु ऐसा देखा जा रहा है। कि बिना निकाय कार्यालय की अनुमति के विज्ञापन लगाकर प्रचार–प्रसार किया जा रहा है जो कि झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 का उल्लंधन है।

अतः आप सभी को सूचित किया जाता है कि निकाय क्षेत्रान्तर्गत विज्ञापन करने से पूर्व कार्यालय द्वारा अनुमति प्राप्त कर विज्ञापन शुल्क की राशि की भुगतान करने के पश्चात् ही विज्ञापन लगाना सुनिश्चित करेंगे। यदि निरिक्षण के क्रम में यह पाया जाता है कि बिना निकाय कार्यालय की अनुमति के किसी भी व्यक्ति/एजेन्सी द्वारा विज्ञापन किया जाता है तो झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम,2011 की धारा 600 के अंतर्गत जुर्माना के साथ कार्यवाई प्रारंभ की जाएगी जिसके लिए आप सभी स्वयं जिम्मेवार होगें।

PR 318684 Urban Development (23-24)_D

प्रशासक
नगर पंचायत डोमचाँच

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़

**अतिअल्पकालीन निविदा आंमत्रण सूचना सं0–21/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र निर्गत की तिथि एवं समय : दिनांक 21/02/2024 को अपराह्न 1:00 बजे तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 22/02/2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 22/02/2024 को अपराह्न 3:30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग, (2) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, रामगढ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : कण्डिका 5, में वर्णित (2)
7. कार्यो का विवरण :–

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामगढ़ जिला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भरेचनगर में Block Public Health Unit (BPHU) का निर्माण कार्य। | 49,87,394 | 1,00,000/- | 5,000/- | 6 माह |
| 2 | Construction of RCC Drain from H/o Mahadev Manjhi to H/o Manoj Saw, Vill- Bumri, Panchayat- Bumri, Block- Mandu, Ramgarh | 32,13,700/- | 65,000/- | 5,000/- | 4 माह |

* निविदा की शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ www.jharkhandtenders.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

PR 318681 Building(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल ,रामगढ़

# शिवराज आज ओड़िशा में

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज चौहान मंगलवार को ओड़िशा के एक दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। श्री चौहान मंगलवार को दोपहर 12 बजे भुवनेश्वर पहुंच कर सीधे जगतसिंहपुर जायेंगे। जगतसिंहपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। बाद में श्री चौहान प्रसिद्ध मां शारला के दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद श्री चौहान शाम को कटक के शारला भवन में आयोजित कटक संसदीय क्षेत्र कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। राज्य साधारण संपादक डॉ यतिन महांति ने बताया कि कटक की अधिष्ठाता देवी मां कटक चंडी को दर्शन करने के बाद श्री चौहान भुवनेश्वर लौटेंगे।

# राज्यपाल रघुवर दास पहुंचे सुंदरगढ़

## सबडेगा ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक विद्यालय गये, छात्रों से बात की

**सबडेगा प्रखंड अस्पताल पहुंच कर मरीजों के स्वास्थ्य का हाल जाना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भूवनेश्वर।** राज्यपाल के सुंदरगढ़ दौरे के दूसरे दिन सबसे पहले भोजपुर के सबडेगा ब्लॉक के आंगनवाड़ी केंद्र और प्राथमिक विद्यालय गए और वहां छात्रों से बात की। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा के विकास से देश का विकास होगा और सैकड़ों छात्रों को क्या - क्या सुविधाएं दी जा रही हैं । उन्होंने यह भी पूछा कि क्या पोषण योजना के तहत सरकार द्वारा प्रदान की गयी सहायता वह ठीक से मिल रहा है। जब राज्य में बड़ी संख्या में बच्चों ने स्कूल छोड़ दिया, तो उन्होंने सैकड़ों छात्रों को चॉकलेट बांटकर पूछा कि यहां क्या स्थिति है और कहा कि शिक्षकों और अभिभावकों को संयुक्त प्रयास की जरूरत है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अभिमन्यु माझी और तलसरा के विधायक भबानी भोई भी उपस्थित थे ।

इसी दौरे के दौरान राज्यपाल सबडेगा ब्लॉक अस्पताल पहुंचे और मरीजों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली. उन्होंने रोगियों से सुविधाओं के बारे में पूछताछ की और पूछा कि क्या सरकारी सुविधाएं ठीक से उपलब्ध हो रहा है की नहीं । इसके अलावा राज्यपाल रघुवर दास ने भी डॉक्टर से चर्चा की।

# आइओबी का 88वां स्थापना दिवस मना




भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। इंडियन ओवरसीज बैंक (आइओबी), क्षेत्रीय कार्यालय, ब्रह्मपुर ने अपने 88वें स्थापना दिवस के अवसर पर वॉकथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया है। उक्त कार्यक्रम में इंडियन ओवरसीज बैंक, ब्रह्मपुर क्षेत्र के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार के नेतृत्व में कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मीडिया को दिये एक प्रतिक्रिया में मनीष कुमार ने कहा कि हम पूरे भारत में रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, वॉकथॉन आदि गतिविधियों का आयोजन करके इस दिन का जश्न मना रहे हैं। अपने संबोधन में मुख्य प्रबंधक रतिकांत बेहेरा ने कहा कि 88वें स्थापना दिवस के अवसर पर, हम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और पीढ़ियों को जोड़ने वाला पसंदीदा बैंक विषय पर वॉकथॉन कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं।

# बीजेपी प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष एवं मीडिया विभाग की बैठक



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। राज्य में स्थिर और जनविरोधी सरकार का शासन है। दुर्निति, भ्रष्टाचार और व्यभिचार बढ़ रहा है। बीजेडी सरकार विकास की बजाय विनाश की ओर ले जा रही है। केंद्र सरकार के विभिन्न सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों और योजनाओं को नया रूप देने में, उस्ताद बीजेडी सरकार केवल राज्य के लोगों को गुमराह कर रही है। इस अवसर पर आज प्रदेश अध्यक्ष श्री मनमोहन सामल की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में प्रदेश प्रभारी विजय पाल सिंह तोमार, सह प्रभारी श्रीमती लता उसेंडी, प्रदेश साधारण सम्पादक (संगठन) श्री मानस महांति की उपस्थिति में एक बैठक हुई है।

# आइआइटी भुवनेश्वर ने मनाया 16वां स्थापना दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर ने 12 फरवरी 2024 को अपना 16वां स्थापना दिवस मनाया है। यह स्मरणोत्सव 12 फरवरी 2009 को अरगुल में संस्थान के परिसर की आधारशिला रखने को पुनः आत्मसात करने के लिए मनाया गया। इस अवसर पर, संस्थान के संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के लिए आइआइटी भुवनेश्वर के प्रथम नियमित निदेशक, प्रोफेसर मधुसूदन चक्रवर्ती के साथ एक विशेष इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया । इस अवसर पर अपना विचार रखते हुए, आइआइटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रोफेसर श्रीपाद करमलकर ने सर्वप्रथम प्रोफेसर चक्रवर्ती का स्वागत किया और उनका परिचय दिया। आगे उन्होंने संस्थान के इतिहास और आइआइटी भुवनेश्वर के परिसर का संक्षेप में वर्णन प्रस्तुत किया । इस कार्यक्रम को को संबोधित करते हुए प्रो. चक्रवर्ती ने आइआइटी भुवनेश्वर की स्थापना और संस्थान के समर्पित परिसर के विकास की दिशा में किये गये प्रयासों में अपने अनुभव साझा किए। संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के साथ अपनी बातचीत में, उन्होंने संस्थान के आगे के विकास के बारे में अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। प्रोफेसर राजेश रोशन दाश, डीन (छात्र मामले) ने इस कार्यक्रम का सम्पूर्ण समन्वयन किया।

इस उपलक्ष्य पर शाम को संस्थान के छात्रों और सदस्यों द्वारा एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान परिवार के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material



FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support

Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand),Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

Estd. : 2000
Affiliation No. : 3430183
D.A.V. ALOK PUBLIC SCHOOL
An ISO Certified English Medium Co-Ed., CBSE (10+2) Residential cum Day School
Argora-Nayasarai Road, Pundag, Ranchi - 834004 ☎ 7033073440, 7782075070
For Detail Visit : www.davalok.org.in

ADMISSION OPEN (Session 2024-25)
for Pre Nursery, LKG, UKG, Std. I to Std. IX & Std. XI (Sc. & Com.)
Admisssion Form available at School Counter (8 AM to 4 PM) or it can be downloaded from school website/QR Code. ● Cost of Form is Rs. 1000/- only. ● Mode of Selection - Written cum Viva. ● Scholarship in Admission Fee to the deserving candidates.

FACILITIES
- Bus Facility available.
- Hostel for Boys & Girls (from Std. II onwards)
- Special care for Weak & Extraordinary Students.
- A-One Cricket Academy.
- A Big Playground & Auditorium.


Social Work

Computer Lab · Hostel · Activities · Sports & Games · Smart Class · Science Lab · Assembly · Band Club

**डी.ए.वी. आलोक पब्लिक स्कूल, पुन्दाग, रांची** अंग्रेजी माध्यम डे-सह-आवासीय 10+2 स्तरीय विद्यालय है। जिसकी स्थापना सन् 2000 में तीन विद्वान शिक्षकों (1) **डॉ. आलोक कुमार (गणित)**, (2) **डॉ. संजय सिन्हा (भौतिक)** एवं (3) **डॉ. अशोक कुमार (रसायन शास्त्र)** के द्वारा की गई।
**मुख्य उद्देश्य** 1. निम्नस्तरीय एवं सामान्य छात्र-छात्राओं को न्यूनतम शुल्क में उत्कृष्ट शिक्षा देने की प्राथमिकता, 2. वर्गवार शिक्षा एवं पाठ्यपुस्तक के ज्ञान के साथ ही साथ बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं क्रमशः IIT-JEE, NEET, BBA, MBA, NDA, CA इत्यादि परीक्षा हेतु विशेष रुप से तैयार किया जाता है।
3. न्यूनतम मासिक शुल्क।
**प्रवेश मापदंड** : 1. पहले आइए, पहले पाइये, 2. नामांकन हेतु लिखित परीक्षा, 3. **उम्र सीमा** - प्री नर्सरी - 3-3.5 वर्ष, एल.के.जी. - 3.5 - 4 वर्ष, यू.के.जी. - 4-5 वर्ष, कक्षा-1 - 5-6 वर्ष, कक्षा ग्यारहवीं (विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) सीधा नामांकन, नामांकन शुल्क एवं मासिक शुल्क में योग्य छात्रों हेतु 90% तक छात्रवृति की सुविधा।


राष्ट्रपति भवन - 29.09.2023

**डीएवी आलोक में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एवं क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन**
अरगोड़ा-नयासराय पथ स्थित पुनदाग में डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल में 20वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एवं क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री कुमार मनीष अरविंद मुख्य वन संरक्षक रांची ने शिक्षा एवं सामाजिक उत्तरदायित्वों में डीएवी आलोक के प्रयासों की सराहना की तथा शिक्षा के साथ-साथ खेलों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला ।
सम्मानित अतिथि डॉक्टर राम सिंह ,प्राचार्य डीपीएस स्कूल रांची ने भी इस सभा को संबोधित किया उन्होंने कहा कि विद्यालय में ही बच्चों की भविष्य का नींव पड़ती है। विद्यालयों का कर्तव्य है कि वे बच्चों की प्रतिभा को तराश कर दे।
इसके पूर्व विद्यालय के छात्रों के द्वारा अनेकों नेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।
इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ आलोक कुमार ने अपने वक्तव्य में शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय परिवार के क्रियाकलापों की सराहना की तथा छात्र, शिक्षक एवं अभिभावक के परस्पर संबंधों में निरंतर विचार विनिमय की आवश्यकता पर प्रकाश डाला ।
प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने वार्षिक प्रगति पत्र सह विवरणिका में वार्षिक लेखा-जोखा का वर्णन करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सामाजिक आदि उपलब्धियां की चर्चा की। उन्होंने विद्यालय के बेहतर शिक्षा माहौल अनुशासन एवं शिक्षण सहगामी क्रियाकलापों के प्रति अपनी आस्था जताई। पलकश्री ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।


क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन

Last Year Result at a Glance
XII Sc. - Prajjwal Bhardwaj - 95.8%. IIT- 99.68 Percentile.
XII Sc. - Keshav Raj - 92.6%. IIT - 92.00 Percentile.
XII Commerce - Rishabh Roy - 88.2%.
Xth-Sougat - 95.8%.

Branch : At Gargaon, Near Power Grid, Ranchi-Bero Road, Ranchi ☎ 7033073440
ADMISSION OPEN
Admission Form Available at School Counter.

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**